राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

उज्ज्वल दुनिया

खबरों की बुलंद आवाज

रांची, दिल्ली और यूपी से एक साथ प्रकाशित

वर्ष, 09 | पृष्ठ 12 | अंक 293 | रांची, बुधवार, 24 अप्रैल 2024 | मूल्य 3 रुपये | RNI No.- JHAHIN/ 2014/59794 | ujjwal-duniyapress@ gmail.com

आज का दिन

यह तारीख सचिन तेंदुलकर को भगवान की तरह मानने वाले देश के करोड़ों क्रिकेट प्रेमियों के लिए किसी उत्सव से कम नहीं है। 24 अप्रैल 1973 को मुंबई में जन्मे सचिन तेंदुलकर को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से अलंकृत किया जा चुका है। भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित होने वाले वह प्रथम खिलाड़ी और सबसे कम उम्र के व्यक्ति हैं। मास्टर ब्लास्टर कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर को क्रिकेट में विश्व के सबसे महान बल्लेबाजों में से एक माना जाता है।

क्विक न्यूज

निलंबित आईएएस छवि रंजन सहित नौ आरोपितों की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ी

रांची। ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने मंगलवार को बरियातू के सेना के कब्जेवाली 4.55 एकड़ जमीन घोटाला मामले में निलंबित आईएएस अधिकारी छवि रंजन सहित नौ आरोपितों की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ा दी है।

इससे पूर्व अदालत में जेल में बंद आरोपितों छवि रंजन, बड़गाई अंचल के निलंबित राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, प्रदीप बागची, दलाल रिम्स कर्मी अफसर अली, इम्तियाज अहमद, सद्दाम हुसैन, तल्हा खान, फैयाज अहमद और अमित अग्रवाल को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश किया गया। अदालत ने अगली पेशी की तारीख सात मई निर्धारित की है। जमीन मामले में छवि रंजन चार मई 2023 से जेल में है।

झारखंड में 11 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

रांची। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने मंगलवार को हुए नामांकन की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 23 अप्रैल को सिंहभूम में चार, खूंटी में चार, लोहरदगा में सात और पलामू में पांच नॉमिनेशन फॉर्म खरीदे गए। इसमें सिंहभूम से तीन, खूंटी से दो, लोहरदगा में तीन और पलामू में तीन प्रत्याशियों ने नॉमिनेशन किया। अब तक झारखंड में चौथे चरण को लेकर 21 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया है।

पत्रकार वार्ता में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा भी मौजूद थीं।

निलंबित आईएएस छवि रंजन सहित नौ आरोपितों की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ी

रांची। ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने मंगलवार को बरियातू के सेना के कब्जेवाली 4.55 एकड़ जमीन घोटाला मामले में निलंबित आईएएस अधिकारी छवि रंजन सहित नौ आरोपितों की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ा दी है।

इससे पूर्व अदालत में जेल में बंद आरोपितों छवि रंजन, बड़गाई अंचल के निलंबित राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, प्रदीप बागची, दलाल रिम्स कर्मी अफसर अली, इम्तियाज अहमद, सद्दाम हुसैन, तल्हा खान, फैयाज अहमद और अमित अग्रवाल को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश किया गया। अदालत ने अगली पेशी की तारीख सात मई निर्धारित की है। जमीन मामले में छवि रंजन चार मई 2023 से जेल में है।

कांग्रेस ने विनय तमांग को छह साल के लिए पार्टी से निकाला

कोलकाता। दार्जिलिंग लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार राजू बिष्ट का समर्थन करने वाले कांग्रेस नेता विनय तमांग को पार्टी ने छह साल के लिए निकाल दिया है। प्रदेश कांग्रेस के महासचिव मनोज चक्रवर्ती की ओर से मंगलवार शाम इस बारे में बयान जारी किया गया है। इसमें लिखा गया है कि पार्टी विरोधी गतिविधियों की वजह से उन्हें तत्काल प्रभाव से पार्टी से निकाला जा रहा है।उल्लेखनीय है कि बंगाल कांग्रेस के महासचिव के पद पर रहे विनय तमांग ने मंगलवार को एक बयान जारी कर कहा था कि वह दार्जिलिंग लोकसभा सीट पर भाजपा का समर्थन किया।

भाजपा के अर्जुन मुंडा और कांग्रेस के कालीचरण मुंडा ने भरा नामांकन पत्र

उज्ज्वल दुनिया सं

खूंटी। अनुसूचित जनजातियों के लिए सुरक्षित 11 खूंटी संसदीय सीट से भाजपा के प्रत्याशी अर्जुन मुंडा और कांग्रेस के उम्मीदवार कालीचरण मुंडा ने मंगलवार को जिला निवार्ची पदाधिकारी के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष पद्मभूषण कड़िया मुंडा, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी और आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष व पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश महतो के साथ जिला निवार्ची कार्यालय पहुंचे और नामांकन पत्र दाखिल किया।

इसके पूर्व अर्जुन मुंडा और उनकी पत्नी मीरा मुंडा ने माता सोनमेर मंदिर और बाबा आम्रेश्वर धाम में पूजा-अर्चना की और जीत का आशीर्वाद मांगा। नामांकन के दौरान खूंटी, तोरपा, माड़, अड़की, सरायकेला, खरसावां, सिमडेगा, गुमला सहित विभिन्न क्षेत्रों के हजारों भाजपा और आजसू कार्यकताओं का हुजूम उमउ.पड़ा था। नामांकन कें बाद अर्जुन मुंडा ने मीरा मुंडा, बाबूलाल मरांडी,

भारत का मस्तक ऊंचा रखना है, देश में नरेंद्र मोदी जैसा तपस्वी प्रधानमंत्री बनाना है: राजनाथ सिंह

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि अंतरराट्रीय मंच पर भारत का मस्तक ऊंचा रखना है तो हमें नरेंद्र मोदी जैसे तपस्वी पुरुष को फिर से प्रधाानमंत्री बनाना है, जिन्होंने देश के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों का प्रतिफल ही है कि आज अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की साख बढ़ी है। उन्होंने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वे अपना परिवार बनाने के लिए राजनीति करते हैं जबकि हम देश व समाज बनाने के लिए राजनीति कर रहे हैं। हमेशा से हिंदू मुस्लिम के नाम पर बटवारा करने वाले कांग्रेसियों ने देश की सामाजिक समरसता को तार तार करने का काम किया। वे लोगों में भय पैदा कर वोट हासिल करना चाहते हैं, जबकि हम लोगों की सेवा कर उनका वोट प्राप्त करते हैं।

उन्होंने विपक्ष पर भ्रष्टाचार में लिप्त रहने का आरोप लगाते हुए कहा कि झारखंड में भाजपा के तीन मुख्यमंत्री बने। हमारे तीनों मुख्यमंत्री के दामन पर भ्रष्टाचार का कोई दाग नहीं लगा वहीं यहां के पूर्व सीएम तो डेढ़ दिन तक गायब रहे, जो मैंने अपने राजनीतिक जीवन में पहली बार को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 400 पार का नारा दिया है ,हमें उसे हकीकत में बदलना है। उन्होंने कहा कि खूंटी की पूरी जनता भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी है और खूंटी की जीत भगवान बिरसा मुंडा को नमन करने के लिए होगा। उन्होंने कहा कि यह नामांकन खूंटी को विकसित बनाने के लिए है। यह नामांकन खूंटी के जनमानस के आकांक्षाओं के लिए है । यह नामांकन भगवान बिरसा मुंडा के सपनों का खूंटी बनाने के लिए है। यह नामांकन मेरे आदिवासी भाइयों-बहनों को प्रथम पंक्ति में लाने के लिए है । यह नामांकन खूंटी के महिलाओं के सम्मान के लिए है । यह नामांकन मेरे युवा भाइयों के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए है।

यह चुनाव पंचायत का चुनाव नहीं है, यह चुनाव देश का चुनाव है : सुदेश महतो

आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा कि यह चुनाव पंचायत का चुनाव नहीं है, यह चुनाव देश का चुनाव है। इस चुनाव से हम देश के नेता का चयन करेंगे। आदरणीय प्रधानमंत्री जैसे लोकप्रिय नेता का हमें फिर से चयन करना है। वहीं खूंटी से हमें मुंडा जी को चुनकर भेजना है, जो मोदी जी के साथ काम करेंगे।

कल्पना सोरेन 29 अप्रैल, अन्नपूर्णा देवी दो मई और दिलीप वर्मा तीन मई को करेंगे नामांकन

रांची,उज्ज्वल दुनिया सं

झारखंड में चौथे चरण के चुनाव के लिए 26 अप्रैल को अधिसूचना जारी होने के साथ नामांकन भी शुरू हो जायेगा। 29 अप्रैल को गांडेय विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए इंडी गठबंधन की प्रत्याशी कल्पना सोरेन नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। इस दौरान उनके साथ मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन और राज्य सरकार के कई मंत्रियों समेत झामुमो के राज्यसभा सदस्य सरफराज अहमद, गिरिडीह के सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू भी मौजूद रहेंगे।

कल्पना सोरेन के पर्चा दाखिल करने के बाद गांडेय विधानसभा क्षेत्र के पपरवाटांड़ में चम्पाई सोरेन की जनसभा भी होगी। जानकारी के अनुसार कल्पना सोरेन के प्रस्तावक गिरिडीह के सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू के बनने की बात कही जा रही है जबकि दूसरे प्रस्तावक का नाम फिलहाल सामने नहीं आया है। इनके अलावा दो मई को कोडरमा लोकसभा सीट के लिए ही केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी गिरिडीह में नामांकन का पर्चा दाखिल करेंगी। अन्नपूर्णा देवी के नामांकन में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी सहित कई बड़े नेता शामिल होंगे। इसके बाद एक जनसभा का भी आयोजन होगा। गांडेय उपचुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी दिलीप वर्मा तीन मई को पर्चा दाखिल करेंगे।

पलामू प्रत्याशी बीडी राम और लोहरदगा से समीर उरांव 24 को करेंगे नामांकन

केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह और गुजरात के मुख्यमंत्री होंगे शामिल

रांची। एनडीए के दो प्रत्याशी बुधवार को नामांकन दाखिल करेंगे। पलामू से बीडी राम और लोहरदगा से समीर उरांव नामांकन करेंगे।

पलामू से एनडीए प्रत्याशी बीडी राम के नामांकन में केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह शामिल होंगे। जनरल वीके सिंह नई दिल्ली से हवाई मार्ग से रांची एयरपोर्ट पहुंचेंगे। यहां से हेलीकॉप्टर से पलामू के लिए रवाना होंगे। वहां से बीडी राम के साथ डाल्टनगंज समाहरणालय जाएंगे। इस दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र राय, राज्यसभा सदस्य सह महामंत्री आदित्य साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय भी मौजूद रहेंगे।

लोहरदगा के एनडीए प्रत्याशी समीर उरांव के नामांकन में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल शामिल होंगे।लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी समीर उरांव बुधवार को गुमला समाहरणालय में नामांकन दाखिल करेंगे। इसमें गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल शामिल होंगे। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी और प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय भी मौजूद रहेंगे।

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में 94 सीटों के लिए 1351 उम्मीदवार मैदान में

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए 07 मई को होने वाले मतदान को लेकर नामांकन प्रक्रिया पूरी हो गई। इस चरण में 12 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों की 94 सीटों के लिए 1351 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इसमें मध्य प्रदेश के बैतूल (एसटी) लोकसभा क्षेत्र के आठ उम्मीदवार भी हैं। इसके अतिरिक्त गुजरात के सूरत लोकसभा क्षेत्र का चुनाव निर्विरोध होने के कारण इसका आंकड़ा शामिल नहीं है।

चुनाव आयोग के अनुसार तीसरे चरण में 95 संसदीय क्षेत्रों (बैतूल लोकसभा क्षेत्र) के लिए कुल 2963 नामांकन दाखिल किए गए थे। इस चरण के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 19 अप्रैल और नाम वापसी की अंतिम तारीख 22 अप्रैल थी। दाखिल किए गए सभी नामांकन पत्रों की जांच के बाद 1563 नामांकन वैध पाए गए।

गुजरात में 26 संसदीय क्षेत्रों से अधिकतम 658 नामांकन फॉर्म थे, जिसमें से सूरत सीट पर चुनाव निर्विरोध हुआ है। इस कारण तीसरे चरण में गुजरात में सिर्फ 25 सीटों पर मतदान होगा। महाराष्ट्र में 11 संसदीय क्षेत्रों से 519 नामांकन थे। महाराष्ट्र में उस्मानाबाद क्षेत्र में अधिकतम 77 नामांकन फॉर्म प्राप्त हुए।

भाजपा कभी आदिवासी-मूलवासी की भलाई नहीं कर सकती: मुख्यमंत्री

खूंटी, एजेंसी

इंडी गठबंधन में प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने मंगलवार को जिला निवार्ची पदाधिकारी के समक्ष अपना पर्चा दाखिल किया। नामांकन के बाद कांग्रेस और झामुमो कार्यकताओं ने झंडा- बैनर के साथ समाहरणालय से सहकारिता मैदान तक रैली निकाली।

पतरा मैदान में इंडी गइबंधन के कार्यकताओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि भाजपा कभी आदिवासियों और मूलवासियों की भलाई नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि जब राज्य में भाजपा कीी सरकार थी, तो 11 लाख लोगो के नाम राशन कार्ड से हटा दिए गए, लेकिन जब यहा महागठबंधन की सरकार बनी, तो 20 लाख लोगों के हरा राशन कार्ड दिया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार सिर्फ झूठा आश्वासन देना जानती है। चम्पाई सोरेन ने कहा कि भाजपा मुद्दा विहीन है और चुनाव लड़ने मैदान में उतर आई है। उन्होंने कहा कि जंगल के बीच बसे गांव उलिहातू के वीर बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों की गुलामी की जंजीर को तोड़ा, अपने हक-अधिकार के लिए लड़ाई लड़ी, लेकिन भाजपा की सरकार आदिवासी-मूलवासी का हित करने के बजाय जंगल से जुड़ी हमारी सभ्यता और संस्कृति को खत्म करने में जुड़ी है। आदिवासियों को उनके खुंटकट्टी अधिकार से वंचित करने की कोशिश भाजपा की सरकार कर रही है, लेकिन हम ऐसा होने नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव में मोदी का जुमला धोखा सबित हुआ। न खाते में 15 लाख आए और ना ही काला धन वापस आया। नौकरी देने का वादा भी पूरा नहीं हुआ।

उन्होंने कहा कि इस बार का जुमला मोदी की गारंटी है, जो कभी पूरा नहीं होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2019 के संसदीय चुनाव में गठबंधन के साथ धोखा हुआ था। इस बार सभी कार्यकर्ता सावधान रहें। सीएम ने कहा कि बिरसा की इस पावन धरती पर आज की चिलचिलाती धूप में बैठी भीड़ ही महागठबंधन की महाशक्ति है। सीएम ने जोर देकर कहा कि पिछली बार वर्ष 2019 के चुनाव में जनता को धोखा दिया गया। इस कारण इस बार पूरी सावधानी के साथ काम करना है।

आदिवासियों-मूलवासियों की आवाज दबाने के लिए हेमंत सोरेन को जेल में डाला: मीर

कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि देश के एकमात्र आदिवासी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, जो आदिवासियों और मूलवासियों के हक और अधिकार की लड़ाई लड़ रहे थे, उनकी आवाज को दबाने के लिए उन्हें जेल की सलाखों के पीछे भेजा गया।

ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी से संविधान और लोकतंत्र को खतरा है। हमें इसे बचाना है और इसके लिए खूंटी लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन में कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा का जीत दिलानी है। राज्य के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि भाजपा की सरकार सीएनटी एक्ट को खत्म करना चाहती थी। इसके विरोध में राज्य भर में आंदोलन हुआ।

अगर हेमंत भाजपा के वॉशिंग मशीन में धुलने को तैयार होते आज झारखंड में भाजपा के साथ उनकी सरकार होती : दीपिका पांडेय

दुमका। कांग्रेस द्वारा दीपिका पांडे सिंह को पहले गोड्डा लोकसभा का टिकट दिया गया फिर उनका टिकट काटकर प्रदीप यादव को थमा दिया गया। पार्टी के इस फैसले से दीपिका पांडे सिंह नाराज नहीं हैं। मंगलवार को दुमका में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि मैं अपना चुनाव जीतने के लिए जितनी मेहनत से लड़ती उससे ज्यादा मेहनत अब प्रदीप यादव के लिए करूंगी और निशिकांत दुबे को रिकार्ड मतों से हराकर यह सीट कांग्रेस की झोली में डालूंगी। दीपिका पांडे सिंह मंगलवार को एक केस के सिलसिले में पेशी के लिए दुमका कोर्ट आई हुई थीं, जहां से निकलने के बाद उन्होंने मीडिया के समक्ष ये बातें कहीं। कोर्ट में उनका मामला 2017 का था, जहां महागामा थाना क्षेत्र में एक सड़क जाम के दौरान हंगामा हुआ था।

विधायक दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि रांची में इंडी गठबंधन की उलगुलान न्याय महारैली की सफलता यह बताती है कि जनता में केंद्र और भाजपा के प्रति कितना आक्रोश है। आज हेमंत सोरेन को सिर्फ इसलिए जेल भेजा गया क्योंकि उन्होंने भाजपा के वाशिंग मशीन में धुलने से इनकार कर दिया। अगर वे बात मान लेते तो झारखंड में उनकी भाजपा के साथ सरकार बनती। जब बात नहीं मानी तो गलत मामलों में फंसाकर हेमंत को जेल भेजा, इससे जनता में नाराजगी है और चुनाव में सभी 14 लोकसभा सीट पर इंडी गठबंधन की जीत होने वाली है।

दीपिका पांडे सिंह ने गोड्डा लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दुबे पर निशाना साधते हुए कहा कि वे जो विकास के काम गिनाते हैं वह सभी यूपीए- 2 के कार्यकाल में पारित हुए थे। निशिकांत दुबे के सांसद बनने से उन योजनाओं को धरातल पर उतरने में काफी विलंब हुआ. महगामा विधायक दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि आज क्षेत्र की जनता के साथ-साथ भाजपा कार्यकताओं का विश्वास उन पर से उठ चुका है, उनके तानाशाही रवैये से सभी परेशान हैं।

सलमान के आवास पर फायरिंग के लिए प्रयुक्त दो पिस्तौल तापी नदी से बरामद

मुंबई। अभिनेता सलमान खान के आवास के सामने फायरिंग मामले में मंगलवार को प्रयुक्त दोनों पिस्तौल और 10 जिंदा कारतूस मुंबई पुलिस ने सूरत में तापी नदी से बरामद किया है। मुंबई पुलिस सोमवार से सूरत क्राइम ब्रांच पुलिस और मछुआरों की मदद से तापी नदी में पिस्तौल और कारतूस ढूंढ रही थी।

जानकारी के अनुसार 14 अप्रैल को गैलेक्सी अपार्टमेंट में सलमान खान के आवास के बाहर फायरिंग करने वाले मामले में आरोपित विक्की गुप्ता और सागर पाल को कच्छ भुज इलाके से मुंबई पुलिस ने गिरफ्तार किया था। तभी से दोनों 25 अप्रैल तक पुलिस कस्टडी में हैं। इन दोनों ने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया था कि उन्होंने हवाई फायरिंग के लिए प्रयुक्त पिस्तौल को सूरत में तापी नदी में फेंक दिया था। इसके बाद सोमवार सुबह मुंबई क्राइम ब्रांच यूनिट सूरत पहुंची और तलाशी अभियान शुरू किया लेकिन सोमवार को शाम तक नदी में पिस्तौल नहीं मिल सकी थी। इसके बाद मंगलवार को सुबह गोताखोरों की मदद से पिस्तौल ढूंढने का काम शुरू किया गया था और गोताखोरों ने तापी नदी से दोनों बंदूकें और जिंदा कारतूस निकाल लिए, जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया है।

विकसित भारत, विकसित छत्तीसगढ़ के लिए भाजपा को वोट दें : मोदी

उज्ज्वल दुनिया सं

धमतरी। लोकसभा चुनाव के प्रचार के लिए मंगलवार को धमतरी पहुंचे प्रधानमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी ने ग्राम श्यामतराई में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि 19 अप्रैल को छत्तीसगढ के बस्तर में हुए प्रथम चरण के मतदान ने साफ कर दिया कि लोगों की सिर्फ भाजपा पर विश्वास है। विरोधी आपस में लड़ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस जब भी सत्ता में रही, देश का विकास नहीं हुआ। कांग्रेस अपना भ्रष्टाचार छुपाने के लिए हिंसा करवाती है। कांग्रेस अपनी तिजोरी भरती रही। मैं गारंटी देता हूं नक्सल जड़ से समाप्त करके रहूंगा। कांग्रेस सरकार में एक रुपये चलता था तो लोगों को 15 पैसा मिलता था। मोदी ने सबसे पहले लूट की दुकान पर ताला लगा दिया। छत्तीसगढ़ में जनधन के पौने दो करोड़ खाते खोले गए। 34 लाख करोड़ मिला। जो हकदार है उसके खाते में सीधे पहुंचाए। किसानों के खाते में तीन लाख करोड़ भिजवाए। यदि कांग्रेस सरकार रहती तो ढाई लाख करोड़ पंजा मार लेता। कांग्रेस गरीब से विश्वासघात करती है। कांग्रेस ने 60 साल तक राज किया लेकिन गरीब के बच्चों की सुध नहीं ली। आज लाखों परिवार के पास मुफ्त स्वास्थ्य सुविधा है। छोटे किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि मिल रही है। हमारी सरकार ने तीन हजार एमएसपी, दो साल का बोनस देने का काम किया। तेंदू पत्ता संग्राहकों की मांग भाजपा पूर्ण कर रही है। महतारी वंदन योजना की राशि खाते में आ रही है। आज भाजपा सरकार में आदिवासी बेटी राष्ट्रपति है। मुख्यमंत्री आदिवासी हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस की वजह से ही इतनी बड़ी आबादी पिछड़ी और वंचित रह गई। कांग्रेस ने ओबीसी कमीशन को संवैधानिक दर्जा नहीं दिया, मेडिकल की परीक्षाओं में ओबीसी आरक्षण तक नहीं दिया। मोदी ने कहा कि कांग्रेस जब भी सत्ता में रही है, उसने विकास को पटरी से उतारने का ही काम किया है। कांग्रेस जहां-जहां सरकार में रही, हिंसा और भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गया। मोदी ने कहा कि मेरे लिए नहीं आपके सपने को पूरा करने के लिए वादा चाहिए। मेरा पल-पल आपके लिए है। इस चुनाव में केवल आपको एक सांसद नहीं चुनना है, आपका उज्ज्वल भविष्य चुनना है। आपकी आने वाली पीढ़ियों को बेहतर दिन देने का चुनाव है। भाजपा को दिया आपका वोट विकसित भारत बनाएगा, ये मोदी की गारंटी है।

श्री हनुमान जन्मोत्सव रामगड़ में धूमधाम से मनाया गया, हुआ भंडारा का आयोजन

रामगढ़। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री रामनवमी पूजा समिति चट्टी बाजार के तत्वावधान में सत्यनारायण मंदिर में श्री हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मौके पर मंदिर परिसर को पुष्पमालाओं से आकर्षक रूप से सजाया गया।हनुमान जी की प्रतिमा को श्रृंगारित किया गया। इस दौरान विधि विधान से श्री हनुमंत पुजा अर्चना की गई। हनुमान जी की आरती कि गई। श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमे सैकड़ो श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। जय श्री राम, जय हनुमान के जय घोष से क्षेत्र गुंजता रहा। मौके पर संजीव बेरलिया, सुनील गोयल, दीपक बेरलिया, आनन्द बेरलिया,विनीत बेरलिया, पंकज बेरलिया, निखिल, पंकज, मनीष , वैभव, उत्तम, यश, मन्नत, उज्जवल आदि आयोजन में सक्रिय रूप से शामिल थे।...

जीतराम बेदिया की मनाई गई 166वीं शहादत दिवस

गिद्दी। जीएम ऑफिस अरगड्डा चौक के समीप स्थापित शहीद स्वतंत्रता सेनानी जीतराम बेदिया की 166वां शहादत दिवस ग्रामीणों द्वारा मनाया गया।इस अवसर पर ग्रामीणों ने सेनानी जीतराम बेदिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वक्ताओ ने स्वतंत्रता सेनानी जीतराम की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए इनके बताएं मार्ग पर चलने का भी संकल्प लिया। साथ ही समाज और देश के लिए कार्य करने की बातें कही।

बताया गया कि विपरीत परिस्थितियों में भी अपने लोगों के लिए स्वतंत्रता सेनानी जीतराम बेदिया ने अंग्रेजों से लोहा लिया था। महापुरुषों के नाम इतिहास में बरसों बरस अमर रहेंगे। मौके पर राजेश वेदिया, अरुण कुमार बेदिया, वंशी वेदिया, संदीप बेदिया, अर्जुन राम, डब्लू कुमार, रवि, ननकू, पप्पू, कुंती देवी, शिवानी, ज्योति समेत ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।..

उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी द्वारा एक अपराधी को किया गया जिला बदर

तीन अपराधियों को प्रतिदिन लगानी होगी थाने में हाजरी

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

रामगढ। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रामगढ़ श्री चंदन कुमार के न्यायालय में झारखंड अपराध नियंत्रण अधिनियम 2002 के तहत वैसे अपराधियों जोकि जेल से छूटकर आने पर अपने घर पर न रहकर बाहर से ही व्यावसायियों एवं ठेकेदारों से रंगदारी की मांग करते हुए धमकी देने, विभिन्न स्रोतों से खबर भिजवाकर या खुद जाकर अपने प्रभाव क्षेत्र के ठेकेदारों व्यवसायियों, ट्रांसपोर्टरों तथा सीसीएल के पदाधिकारी/ कर्मियों को लेवि के लिए भयभीत करने का कार्य करते हैं एवं जिला बदर किए जाने के उपरांत भी अवांछित रूप से जिला में प्रवेश करने तथा विभिन्न स्रोतों से खबर भिजवाकर या खुद जाकर लेवी के लिए भयभीत करने अथवा वाद के गवाहों व वादी को डराने धमकाने की संभावना एवं अपराधी कीगतिविधियों पर प्रतिदिन निगरानी रखने की आवश्यकता से संबंधित मामले में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी के न्यायालय द्वारा की गई सुनवाई में निम्न आदेश जारी किए गए हैं। अपराध कर्मी दीपक करमाली उर्फ नेपाली (पतरातू प्रखंड), अपराध कर्मी सुनील राम उर्फ सुनील मोची (पतरातू प्रखंड), अपराध कर्मी मोनू सोनी (पतरातू प्रखंड) को आगामी 6 महीने के लिए प्रतिदिन 10 बजे पूर्वाह्न में थाना प्रभारी पतरातू के समक्ष हाजिरी लगाने हेतु आदेश दिया गया है। यदि कोई अनुज्ञप्ति आधारित शस्त्र है तो अविलंब उसे स्थानीय थाने में जमा करना होगा एवं इस अवधि में किसी भी स्थिति में शस्त्र धारित नहीं करना होगा।इसके अलावा उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी के न्यायालय द्वारा विधि व्यवस्था लोक शांति बनाए रखने तथा अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से कुख्यात अपराधी निशांत सिंह स्टीम कॉलोनी, पतरातू के विरुद्ध निम्न आदेश जारी किए गए हैं। अभियुक्त को 3 महीने अथवा आदर्श आचार संहिता की अवधि समाप्त होने तक जो भी पहले हो को रामगढ़ जिला क्षेत्राधिकार से निष्कासित (जिला बदर) किया गया है।अभियुक्त को आदेश पारित होने के 24 घंटे के अंदर जिले की सीमा को छोड़ना होगा एवं अगले छह माह तक जिले की सीमा में बगैर लिखित पूर्वानुमति के प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी।

यदि कोई अनुज्ञप्ति लाइसेंस आधारित शस्त्र है तो अविलंब उसे स्थानीय थाने में जमा कराएंगे एवं इस अवधि में किसी भी स्थिति में शस्त्रधारित नहीं करेंगे।उक्त सभी आदेश तत्काल प्रभाव से लागू है ।

एक-नजर

अंतरराष्ट्रीय सेवा में भी रोटरी इंटरनेशनल की सराहनीय भूमिकाः प्रवीण शर्मा

भुरकुंडा (रामगढ)। रिभर साईड भुरकुंडा निवासी सीसीएलकर्मी सह रोटरी क्लब ऑफ भुरकुंडा 3250 के आरटीएन प्रवीण शर्मा ने रोटरी क्लब के कार्यों की सराहनीय करते हुए कहा है कि अंतरराष्ट्रीय सेवा में भी रोटरी इंटरनेशनल की सराहनीय भूमिका रहती है। उन्होंने बताया कि मेरा पुत्र अभितेश पराशर जो कि हंगरी से नेशनल टीम में क्रिकेट खेलता है। खेलने के क्रम में उसके पैर में लिगामेन्ट की प्रोब्लम आई। जिसे लेकर मैं बहुत चिंतित था। इसके बाद मैंने रोटरी क्लब ऑफ बुडापेस्ट सिटी (1911) की अध्यक्ष रोटेरियन विक्टोरिया वीटा ग्रिस्सुलर से संपर्क किया। उन्होंने मेरी बात सुनकर मदद करने की बात कही। उन्होंने तत्काल डॉक्टर से संपर्क कर मुझे तथा मेरे बेटे को सूचना देकर इलाज की व्यवस्था करवाई। साथ ही उन्होंने डॉक्टर का नंबर भी मुहैया कराते हुए कई दिशा-निर्देश भी दिए। प्रवीण शर्मा ने कहा कि क्लब के बारे में मुझे आज एहसास हुआ कि यह कितना मददगार साबित हो सकता है। उन्होंने रोटरी इंटरनेशनल को धन्यवाद देते हुए कहा कि मैं आज उनकी मदद से इतनी दूर बैठकर भी अपने बेटे की चिंता न करते हुए संतुष्ट हुआ हूं। यह सिर्फ रोटरी इंटरनेशनल की देन है। रोटेरियन श्री शर्मा ने क्लब की सराहना करते हुए कहा कि रोटरी की सेवा भावना देश ही नहीं विदेशों में भी अग्रणी भूमिका निभाता है।.

यज्ञ मंडप की परिक्रमा व भागवत कथा में उमडी भीड, भक्ति जयकारों से गूंजा क्षेत्र

भुरकुंडा (रामगढ)। रिवर साइड भुरकुंडा स्थित शिव नगर कॉलोनी बीटीटीआई में चल रहे पांच दिवसीय श्रीश्री 108 रूद्र महायज्ञ सह प्राण-प्रतिष्ठा के चौथे दिन मंगलवार को यज्ञाचार्य द्वारा कई धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराये गये। इस दौरान वाराणसी खैरहकला के आचार्य सुशील कुमार भारद्वाज (पाठक बाबा) के देखरेख में वाराणसी बक्सर के आचार्य नरेन्द्र पंडित, रामजी पांडेय, शिवनगर रिभर साईड के सुभाष पांडेय व भुरकुंडा के निवास पांडेय द्वारा पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच जलाधिवास, अन्नाधिवास, फलाधिवास, अग्नि प्रवेश आदि अनुष्ठान संपन्न कराये गये। वहीं महायज्ञ के पांचवे दिन बुधवार को प्राण प्रतिष्ठा के साथ यज्ञ की पूर्णाहुति होगी। महायज्ञ की सफलता पर गुरूवार को भव्य भंडारा का आयोजन किया जाएगा। यज्ञ मंडप की परिक्रमा के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड उमडी। सैंकडो महिला-पुरूष व बच्चों ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर अपने परिवार व क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली की कामना की। पूजा में बतौर यजमान सुरेश महतो व कपूर देवी, शंभू ठाकुर व पिंकी देवी, अविनाश कुमार व रेश्मी देवी, महेश साव व सुनीता देवी और लाल मोहन तिवारी व तिलोतमा तिवारी शामिल हुए।

पूजा के दौरान ऊं नमः शिवाय, हर-हर महादेव सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजायमान होता रहा। वहीं रात्रि में भागवत कथा का आयोजन हुआ। जिसमें कथा वाचक संतोष जी महाराज के अमृत वाणी की वर्षा में भारी संख्या में श्रद्धालुओं महिला-पुरूषों ने डुबकी लगाई। महायज्ञ को संपन्न कराने में समिति के अध्यक्ष कमलेश कुमार, उपाध्यक्ष सूरज सिंह, सचिव हिमांशु कुमार ठाकुर, सह सचिव कुणाल सिंह, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार यादव, सह कोषाध्यक्ष सुबोध कुमार यादव, अविनाश कुमार, शंभू ठाकुर, राजकुमार सिंह, शत्रुघ्न साहनी, बबलू पांडेय, आयुष कुमार, सुधांशु कुमार, मनोज कुमार पासवान, बादल पासवान, श्याम सिंह, किशन कुमार, दीपक कुमार, नागेंद्र पंडित, रंजीत मालाकार, रामजी ठाकुर, मनोज, रेशमी देवी, सानू देवी, किरण सिंह, सुनीता देवी, आशा देवी, माता देवी, रीता देवी, पिंकी देवी, शोभा पंडित, पार्वती देवी, शकुंतला देवी, सरस्वती देवी सहित कई श्रद्धालु जुटे हैं।..

नौजवान युवा मंच के द्वारा फुलसराय सरहुल मिलन समारोह का आयोजन

गिद्दी। फुलसराय में सरहुल पूजा मिलन समारोह के अवसर पर मंगलवार को नौजवान युवा मंच के द्वारा सैकड़ो लोगों के बीच चना, गुड़, शरबत, पानी का वितरण किया गया। इस दौरान नौजवान युवा मंच के द्वारा सरहुल मिलन में आने वाले आगंतुकों का स्वागत जोहार अभिनंदन कर किया गया। तमाम ग्रामीणों को शुभकामनाएं भी दी गई। बताया गया कि सरहुल प्राकृतिक पर्व होने के साथ-साथ हमें आपसी भाईचारगी, प्राकृतिक सुरक्षा और संकल्प लेने का अवसर प्रदान करती है। इसके अलावे प्राकृतिक को बचाने के लिए इसे लगातार संरक्षण करने, पौधरोपण, वृक्षों की सुरक्षा पर भी ध्यान आकर्षित करती है। हम सभी को अपने गांव का वातावरण संतुलन बनाने के लिए इस ओर मंथन करना चाहिए।तभी मौसम अनुकूल होगा और फसले अच्छी होगी। मौके पर योगेंद्र बेदिया, कजरू बेदिया, भुवनेश्वर बेदिया, संजय बेदिया, शिवमंगल बेदिया, बन्तू बेदिया, प्रकाश बेदिया, बालेश्वर बेदिया, मोन्टी, मनीष, लक्ष्मण, पंकज कुमार, राजेश बेदिया, कालेश्वर बेदिया, शिवचंद्र बेदिया, मुकेश बेदिया, शकील अंसारी, मोहन बेदिया, बालेश्वर बेदिया, राजकुमार बेदिया, राजेश, मोदी बेदिया, चंद्रदेव बेदिया सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित ।

डीएवी गिद्दी ए में मनाया गया विश्व पुस्तक दिवस

किताबें सिर्फ पथ प्रदर्शक ही नहीं अपितु अकेलेपन का दोस्त भी हैःमनप्रीय चटर्जी

गिद्दी। किताबें हमारी पथ प्रदर्शक बन कर न सिर्फ हमें ज्ञान देती हैं, बल्कि अकेलेपन में तो यह दोस्त बन कर साथ भी निभाती हैं।बच्चों को किताबों से जोड़ने के उद्देश्य से आज डीएवी गिद्दी ए में विश्व पुस्तक दिवस एवं कॉपीराइट दिवस मनाया गया।विदित है कि आज के हीं दिन यूनेस्को तथा भारत सरकार ने शिक्षा, संस्कार, ज्ञान तथा विज्ञान आदि को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से इसे पुस्तक दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया था। विद्यालय में अंग्रेजी क्लब के द्वारा आयोजित एक विशेष सभा में अंग्रेजी साहित्य के महानतम लेखकों में से एक विलियम शेक्सपियर के जन्म तिथि को उनके तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर मनाया गया।बच्चों को किताबों से जोड़ने के उद्देश्य से आज डीएवी गिद्दी ए में विश्व पुस्तक दिवस एवं कॉपीराइट दिवस मनाया गया।विद्यालय के प्राचार्य मनप्रीय चटर्जी ने इस अवसर पर बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि किताबें मनुष्य का सबसे अच्छा मित्र है और ज्ञान अर्जित करने का बेहतरीन माध्यम। उन्होंने कहा कि हमारे विद्यालय के पुस्तकालय में उपलब्ध किताबों का फायदा बच्चों को अवश्य उठानी चाहिए।

पुस्तकें ज्ञान तथा नैतिकता की संदेशवाहक, अखंड सम्पत्ति, भिन्न-भिन्न प्रकार की संस्कृति हेतु एक खि?की तथा चर्चा हेतु एक औजार का काम करती हैं।इस अवसर पर विद्यालय के अंग्रेजी के शिक्षक सुनील कुमार, अमित सिन्हा, आर. सी महाराणा और श्रीमती वंदना चटर्जी आदि ने अपने अपने विचार व्यक्त किए।.

परिंदों के लिए भी इंतज़ाम करती है दाना-पानीः आँचल राहुल प्रधान

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

गिद्दी। पक्षियों के लिए गाजियाबाद जिले की पूर्व भाजपा किसान मोर्चा के फायर ब्रांड नेता राहुल प्रधान सह धर्मणी आँचल राहुल प्रधान पक्षियों के लिए दाना-पानी का इंतज़ाम करती हैं।एक बयान जारी कर उन्होंने कहाँ है कि चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी के बीच पशु-पक्षी पानी के लिए इधर उधर दर-दर भटकते है।इस समस्या पर योगी सरकार की ईमानदार छवि के पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य भाजपा (किसान मोर्चा) के राहुल प्रधान सह धर्मणी आँचल राहुल प्रधान ने इन्ही बेजुबान पक्षियों की भूख-प्यास बुझाने के लिए मिट्टी के बर्तनों को रंगरोगन कर उसमें दाना-पानी भरकर पेड़ो और छतो पर रखने का अभियान शुरू किया है।लोगो से अपने-अपने घरों के बाहर एवं छतों के ऊपर छायादार पेड़ो के नीचे मिट्टी बर्तन में पानी और भोजन उपलब्ध कराने के मार्मिक अपील की गई है।इस मुहिम की सभी ने खूब सराहना की है। वही एक बयान जारी कर पूर्व भाजपा किसान मोर्चा के फायर ब्रांड नेता राहुल प्रधान सह धर्मणी आँचल राहुल प्रधान ने जनपद वासियों से कहा कि गर्मी में बेजुबान परिंदो को राहत देने के साथ ही आगामी 26 अप्रैल को बिना किसी भय या प्रलोभन के मतदान कर राष्ट्र के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। पूर्व भाजपा किसान मोर्चा फायर ब्रांड नेता राहुल प्रधान सह धर्मणी आँचल राहुल प्रधान ने इन्ही बेजुबान पक्षियों की भूख-प्यास बुझाने के लिए मिट्टी के बर्तनों को रंगरोगन कर उसमें दाना-पानी भरकर पेड़ो और छतों पर रखने का अभियान शुरू किया है।लोगों से अपने-अपने घरों के बहार एवं छतों के ऊपर व छायादार पेड़ो के नीचे मिट्टी के बर्तन में पानी और भोजन उपलज्ध कराने के मार्मिक अपील की है।.

प्रजापति ब्रह्मकुमारी ऐश्वर्या विद्यालय गुमला के तत्वाधान में धरती दिवस मनाया गया

गुमला – प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय गुमला व ग्राम सेवा पथ ट्रस्ट गम्हरिया घाघरा के संयुक्त तत्वाधान में विश्व पृथ्वी दिवस पखवाड़ा के अंतर्गत संत जोसेफ हॉस्पिटल उर्मी और बिरसा मुंडा एग्रो पार्क गुमला में बीके शांति दीदी के निर्देशानुसार विभिन्न प्रकार के औषधीय पौधे के साथ-साथ अमरूद ,सीसम ,नीम, पीपल, अर्जुन, पारिजात, गुलमोहर ,इत्यादि पेड़ लगाए गए। ताकि जो पर्यावरण की स्थिति असंतुलित हो चुकी है उसे संतुलन प्राप्त हो । साथ ही ग्राम सेवा पथ ट्रस्ट के उप सचिव पवन कुमार ने संदेश भेजकर कहा कि आज प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य बनता है कि वह एक-एक पौधा लगाऐ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेवानिवृत्ति प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश वर्तमान जिला उपभोक्ता फॉर्म के अध्यक्ष ओमप्रकाश पांडे जी, संत जोसेफ हॉस्पिटल नर्सिंग कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. आरती , बीके ममता, बीके अंजिता, पंकज कुमार ,झारखंड स्टेट बोर्ड सेकंड टॉपर रिधिमा कुमारी एवं उनके माता-पिता, बीके शिव भाई , बीके रंजीत भाई, उत्तम भाई इसके साथ सैकड़ो की संख्या में नर्सिंग बहने और शिक्षिकाएं की उपस्थित थे। डॉक्टर आरती जी ने कहा कि पर्यावरण के प्रति हमारा यह किया गया प्रयास आने वाले भावी पीढ़ी एवं नागरिकों के लिए बहुत ही उत्तम साबित होगा और हम सभी नर्सिंग बहनों का भी कर्तव्य है कि वह स्वयं एक-एक पेड़ लगाए और लोगों को भी पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करें इससे समाज में बहुत बड़ा बदलाव आएगा और पर्यावरण संतुलन भी होगा । न्यायाधीश पांडे ने कहा कि आज जिस प्रकार पर्यावरण की स्थिति नाजुक है और आप लोग पेड़ पौधे लगा रहे हैं ।

हापामुनि का ऐतिहासिक 6 दिवसीय मंडा मेला अग्नि परीक्षा फूलखुंदी एवं भोक्ता झूला झूलने के साथ हुआ संपन्न

गुमला –हापा मुनि का ऐतिहासिक 6 दिवसीय मंडा मेला भोक्ता झूलन एवं अग्नि परीक्षा के साथ हुआ संपन्न । भोक्ताओं को 30 फीट ऊंचाई में बल्ले के सहारे झूलते हुए देखने के लिए उमड़ा जनसैलाब । सभी भक्ताओं को बारी-बारी से झुलाया गया जो मेला आकर्षण का केंद्र था । यह अनुष्ठान लगभग तीन घंटे तक चली । इससे पूर्व रात्रि में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसका लोगों ने खूब लुफ्त उठाया । इसके बाद सुबह 3:00 बजे फुलखुंदी का रस्म पूर्ण किया गया । इस दौरान भोक्ताओं ने दहकते अंगारों पर चलकर अपनी भक्ति का परिचय दिया । अंगारों में चलने से पहले भक्तों के द्वारा, भगवान शिव की पूजा किया गया और इस जगह की परिक्रमा किया गया । इस रस्म के लिए एक चबूतरा बनाया गया है जिसमें 20 से 25 फीट लंबा 4 से 5 फीट चौड़ा एवं लगभग 2 फीट ऊंचा कोयला बिछाकर उसमें आग लगाया जाता है फिर नए सुप से हवा करके इसमें अंगारा तैयार किया जाता है । इसी अंगारे में भोक्ता नंगे पांव चलते हैं जिस फुलखुंदी हैं ।इस बीच मेला आये ग्रामीणों ने विभिन्न खेल तमाशा व झूले का जमकर लुत्फ उठाया और खरीददारी की । ग्रामीणों विशेष कर बच्चों मे मेला के प्रति काफी उत्साह देखा गया ।.

झारखंड आंदोलनकारी स्टीफन किंडो ने नामांकन पत्र दाखिल किया

गुमला : झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा गुमला जिला के तत्वावधान में आज लोहरदगा संसदीय सीट से झारखंड आंदोलनकारी स्टीफन किंडो ने नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन पत्र दाखिल करने से पूर्व जशपुर रोड स्थित करैन्धी बगीचा से बड़ी संख्या में परंपरागत वाद्य यंत्रों के साथ झारखंड आंदोलनकारियों ने जुलूस निकालकर हजारों की संख्या में शामिल हुए। इस मौके पर आंदोलनकारियों ने बेहतर झारखंड राज्य बनाने , लोहरदगा गुमला जिला को विकास का मॉडल बनाने, ।

क्षेत्र से पलायन विस्थापन को रोकने के लिए खनिज आधारित एवं कृषि आधारित उद्योग लगाने का संकल्प लिया। राज्य में समता जजमेंट लागू करने के प्रति आंदोलनकारी ने अपनी प्रतिबद्धता दुहराये।

नामांकन कार्यक्रम के दौरान झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक एवं प्रधान सचिव पुष्कर महतो केंद्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह दक्षिण छोटा नागपुर प्रजामंडल की अध्यक्ष श्रीमती रोजलीन तिर्की केंद्रीय संयोजक श्रीमती सरोजिनी कच्छप, गुमला जिला अध्यक्ष सीताराम उरांव, जिदन कोल,,सोमारी उरांव, विजय इसाक तोप्पो, सुजात टोप्पो, प्रतिमा कुजूर, छेदी अंसारी, अश्रीता कुजुर, महेंद्र उरांव, जुबैर अंसारी, सुधीर उरांव, दिलमोहन मुंडा, पंचस उरांव सहित बड़ी संख्या में झारखंड आंदोलनकारी गण उपस्थित थे।

आज कुल तीन प्रत्याशियों ने लोहरदगा लोकसभा चुनाव 2024 के लिए नामांकन पत्र दाखिल किये

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

गुमला – गुमला लोहरदगा निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गुमला , कर्ण सत्यार्थी के कार्यालय कक्ष में पहुंचकर आज कुल तीन प्रत्याशियों ने लोहरदगा लोकसभा चुनाव 2024 के लिए अपने अपने नामांकन पत्र दाखिल किये (1) सनिया उरांव - स्वतन्त्र अभ्यर्थी पार्टी (निर्दलीय) - (2) पवन तिग्गा - स्वतंत्र पार्टी (निर्दलीय) - और (3) मारियानुस तिग्गा - भारत आदिवासी पार्टी) ने अपने अपने नामांकन पत्र दाखिल किये । उक्त सभी प्रत्याशियों ने अपने-अपने नामांकन पत्र दाखिल करने से पूर्व अपने-अपने पार्टी समर्थकों के साथ सामूहिक रूप से जिला मुख्यालय गुमला के विभिन्न मुख्य मार्गो से होते हुए एक जुलूस के शक्ल में ढोल नगाड़े के साथ जुलूस निकालकर , गुमला - लोहरदगा लोकसभा चुनाव 2024 के निर्वाचन पदाधिकारी सह गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के कार्यालय कक्ष स्थल तक पहुंचे और अपने अपने नामांकन पत्र दाखिल किया।

भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव आज करेंगे नामांकन

गुमला – कल 24-04-24 को लोहरदगा लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव निर्वाचन अधिकारी गुमला के समक्ष नामांकन दाखिल करेंगे।

नामांकन जुलूस में जहां गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र भाई पटेल, प्रदेश अध्यक्ष सह झारखण्ड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी विशेष रूप से उपस्थित होंगे । जहां करौंदी रथ बगीचा में 12:00 बजे से जनसभा होगी तत्पश्चात समीर उराव कार्यकर्ताओं के साथ विशाल जनसमूह के साथ नामांकन दाखिल करेंगे।.

3 गांवों के ग्रामीणों ने बैठक कर पेयजल आपूर्ति ठप होने पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया

घाघरा प्रखंड के हालमाटी, बाराडीह और करंजतोली गांव के दर्जनों महिला पुरुषो ने मंगलवार को दिन के साढ़े 12 बजे मसरिया डैम स्थित बजरंगबली मंदिर के समीप बैठक कर पिछले 25 दिनों से जलापूर्ति ठप होने का विरोध किया है। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण कर रहे कंपनी के द्वारा जेसीबी से खुदाई करने के दौरान पाइप क्षतिग्रस्त हुआ। इसके बाद से पानी का सप्लाई गांव में बंद है। ग्रामीणों ने कहा की पिछले 25 दिनों से जलापूर्ति ठप है ना सड़क निर्माण कर रहे ठेकेदार के द्वारा पाइप को बनाया जा रहा है और ना ही विभाग के द्वारा यदि 2 दिन के अंदर क्षतिग्रस्त पाइप को बनाकर पानी सप्लाई नहीं किया गया तो आंदोलन किया जायेगा। ग्रामीणों ने कहा कि इस तपती धूप और गर्मी के समय में जलापूर्ति ठप होने से हम ग्रामीणों के लिए एक विशाल संकट खड़ा हो गया है। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कन्या अभियंता रजनीश कुमार के द्वारा आश्वासन दिया गया है सड़क निर्माण कर रहे कंपनी के जेसीबी द्वारा पाइप क्षतिग्रस्त किए जाने की बात सामने आई है।ऐसे 2 दिन के अंदर पानी की सप्लाई पूर्व की भांति प्रारंभ हो जाएगी जहां भी क्षतिग्रस्त हुआ है उसे तुरंत ठीक किया जाएगा इसके बाद ग्रामीणों ने दो दिन का समय देते हुए सभी अपने घर चले गए।

झारखंड की चार लोकसभा सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशियों को विरोधियों से अधिक अपनों से खतरा

रांची, । राज्य में कांग्रेस के चार प्रत्याशियों को विरोधियों से अधिक अपनों से ही खतरा है। कई जगहों पर कार्यकर्ता खुलकर पार्टी प्रत्याशी का विरोध कर रहे हैं। इसकी झलक पिछले दिनों रांची में आयोजित उलगुलान न्याय महारैली में भी देखने को मिली। उन्हें चुनाव मैदान में प्रतिद्वंद्वियों से मुकाबले से पहले बगावत और भितरघात की चुनौती से जूझना होगा।

झारखंड में इंडी गठबंधन में सीट शेयरिंग के तहत कांग्रेस के हिस्से 14 में से सात सीटें आई हैं। इनमें चार सीटों चतरा, गोड्डा, धनबाद और लोहरदगा में उम्मीदवारी घोषित किए जाने के बाद सामने आ रही प्रतिकूल रिपोर्टों की वजह से कांग्रेस नेतृत्व चिंतित है। भाजपा की तरह गोड्डा सीट पर तो पार्टी को उम्मीदवार बदलना पड़ा है। चतरा सीट पर भी गठबंधन से बगावत की तेज लहर की वजह से घोषित प्रत्याशी का नाम वापस लेकर उसकी जगह दूसरा चेहरा देने पर गंभीरता से विचार चल रहा है।

बीते 21 अप्रैल को रांची में इंडी गठबंधन की उलगुलान न्याय महारैली के दौरान चतरा से कांग्रेस के प्रत्याशी केएन त्रिपाठी के समर्थकों और विरोधियों के बीच जमकर मारपीट हो गई थी। इसमें दोनों पक्षों से कई लोग घायल हो गए थे और रैली में कुछ वक्त के लिए अफरा-तफरी मच गई थी। केएन त्रिपाठी डाल्टनगंज के रहने वाले हैं। उन्हें चतरा सीट पर उम्मीदवार बनाए जाने से कांग्रेस

कार्यकर्ताओं का एक समूह तो नाराज है ही, गठबंधन की दूसरी पार्टी राजद के नेता-कार्यकर्ता खुलेआम बगावत पर उतर आए हैं। साथ ही चतरा के स्थानीय नेता को उम्मीदवार बनाने की मांग कर रहे हैं। इस सीट पर राजद की भी प्रबल दावेदारी थी लेकिन कांग्रेस ने यहां अपना उम्मीदवार उतार दिया।

गोड्डा सीट पर कांग्रेस ने पहले महगामा की विधायक दीपिका पांडेय सिंह को प्रत्याशी बनाया था। उनकी उम्मीदवारी घोषित होते ही देवघर और गोड्डा में पार्टी के नेताओं-कार्यकताओं ने जोरदार विरोध दर्ज कराया। पार्टी के जिला कार्यालयों के समक्ष प्रदर्शन करते हुए नेताओं-कार्यकताओं ने सामूहिक इस्तीफे तक की धमकी दे दी।

आखिरकार पांच दिन बाद पार्टी ने यहां दीपिका की जगह पोड़ैयाहाट के विधायक प्रदीप यादव को प्रत्याशी घोषित कर दिया।

कांग्रेस के जामताड़ा क्षेत्र के विधायक डॉ. इरफान अंसारी इस सीट पर अपने पिता फुरकान अंसारी को टिकट देने की मांग कर रहे थे। फुरकान अंसारी और इरफान अंसारी का कहना है कि पार्टी ने पूरे राज्य में एक भी मुसलमान को उम्मीदवार नहीं बनाया जबकि उनकी आबादी 18 फीसदी है। ऐसे में प्रदीप यादव के सामने दो विधायकों दीपिका पांडेय सिंह एवं इरफान अंसारी और उनके समर्थकों को साथ लेकर चलने की बड़ी चुनौती है।

धनबाद सीट पर कांग्रेस ने दिग्गजों की दावेदारी को दरकिनार कर अनुपमा सिंह को टिकट दिया है। उनका इस चुनाव के पहले सक्रिय राजनीति से वास्ता नहीं रहा। उनकी सबसे बड़ी पहचान यह है कि वह बोकारो जिले के बेरमो से कांग्रेस की विधायक जयमंगल सिंह सिर्फ अनूप सिंह की पत्नी हैं। बोकारो और धनबाद में पार्टी के नेताओं-कार्यकताओं का एक समूह उनकी उम्मीदवारी का विरोध कर रहा है। इससे संबंधित तस्वीर भी सोशल मीडिया पर खूब शेयर हो रही है।

लोहरदगा सीट पर कांग्रेस ने पूर्व विधायक सुखदेव भगत को प्रत्याशी बनाया है। इस सीट पर झामुमो भी दावेदारी कर रहा था। अब खबर है कि विशुनपुर के झामुमो विधायक चमरा लिंडा यहां बागी प्रत्याशी के तौर पर मैदान में उतर रहे हैं।

पिछले चुनाव में भी सुखदेव भगत और चमरा लिंडा दोनों मैदान में थे और दोनों के बीच वोटों के बंटवारे से भाजपा के प्रत्याशी की जीत की राह प्रशस्त हो गई थी। झामुमो विधायक चमरा लिंडा के फिर से मैदान में आने पर कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत की मुश्किलें बढ़ेंगी।

सार-संक्षेप

चान्हो मे धूमधाम से निकाली गई कलश यात्रा, झूमे श्रद्धाल

चान्हो थाना क्षेत्र के ग्राम रघुनाथपुर में शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा व 5 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है। जिसके उपलक्ष्य में मंगलवार को कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें महिलाएं व युवतियां कलश लेकर ग्राम रघुनाथपुर के शिव मंदिर से सिलागाई कोयल नदी के रा घाट पर जल भरने निकली। वहां से जल लेकर आने के बाद कलश को शिव मंदिर के यज्ञ स्थल पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच स्थापित किया गया। इस कलश यात्रा में शामिल विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ,भाजपा युवा नेता लोहरदगा लोक सह संयोजक सन्नी टोप्पो कन्याएं व महिलाएं सिर पर कलश लिए हुए चल रही थीं तो आगे गाजे-बाजे की धुन पर अबीर गुलाल उड़ाते युवा थिरक रहे थे।रास्ते में हर-हर महादेव और बम-बम भोले के नारों से श्रद्धालुओं ने वातावरण को गुंजायमान रखा। यात्रा जब सिलागाई नदी के घाट पर पहुंची तो यज्ञाध्यक्ष आचार्य व यज्ञ संचालक ने विधि विधान से पूजन अर्चन कर जल भरवाया।

पुलिस-प्रशासन अलर्ट

यात्रा के दौरान चान्हो पुलिस प्रशासन टीम व्यवस्था में लगा हुआ था।इस मौके पर मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की,अध्यक्ष मुकेश बैठा ,सचिव श्रीनाथ ठाकुर, संरक्षक मिथिलेश सिंह, पूर्व जिप सदस्य बबीता देवी , जिप सदस्य आशुतोष तिवारी , समाज सेवी अजित सिंह , सतिश शाह, कैलाश गुप्ता ,मिथलेश सिंह, विजय महतो व अन्य मौजूद रहे।

जॉब देने के नाम पर ठगी करने वाले दो साइबर अपराधी गिरफ्तार

रांची। अपराध अनुसंधान विभाग(सीआईडी) ने एयरटेल कंपनी में पार्ट टाइम जॉब देने के नाम पर ठगी करने वाले दो साइबर अपराधियों को मंगलवार को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार साइबर अपराधियों में बिहार के पटना निवासी सुमित कुमार और नवादा का रहने वाला अभय रंजन शामिल है। इनके पास से छह मोबाईल, 11 सिम कार्ड, सात डेविट कार्ड, एक क्रेडिट कार्ड, 3600 रुपये नकद, एक चेकबुक, एक लैपटाप, मामले में शामिल वाट्सएप चार्ट बरामद किया गया है।

साइबर डीएसपी नेहा बाला ने बताया कि सीआइडी की साइबर सेल को प्रतिबिंब पोर्टल के माध्यम से जानकारी मिली की साइबर अपराधी एयरटेल कंपनी में पार्ट टाइम जॉब देने के नाम पर फर्जी नंबर से गूगल और न्यूज पेपर में प्रचार देकर ठगी करने का काम कर रहे हैं। जब आम नागरिक प्रचार देखकर दिये गये मोबाइल नंबर पर संपर्क करते हैं, तो कंपनी में जॉब के लिए आधार कार्ड, वोटर कार्ड, 10वीं-12वीं की मार्कशीट, पासपोर्ट साइज फोटो मांग लेते हैं। इसके बाद आईडी वेरिफिकेशन और रजिस्ट्रेशन पंजीकरण के नाम पर विभिन्न फर्जी बैंक खातों में पैसे ट्रांसफर करवा लेते हैं।

झारखंड हाई कोर्ट ने शपथ पत्र दाखिल नहीं करने पर राज्य सरकार पर लगाया 25 हजार रुपये का जुमार्ना

रांची। झारखंड हाई कोर्ट राज्य में बिना ऑक्शन (नीलामी) के माइनिंग लीज देने, माइनिंग लीज का नवीकरण करने की जांच कराने का आग्रह करने वाली जनहित याचिका की सुनवाई मंगलवार को हुई। मामले में राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल नहीं किया जा सका, जिस पर कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए राज्य सरकार पर 25 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया। कोर्ट ने जुमार्ने की यह राशि स्टेट बार काउंसिल में जमा करने का निर्देश दिया। साथ ही एक सप्ताह में राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।

याचिकाकर्ता ने याचिका दायर कर कहा है कि झारखंड में बगैर ऑक्शन के माइनिंग लीज दिया जा रहा है। गैर मजुरुवा यानी सरकारी जमीन पर भी माइनिंग की जा रही है, इसकी जांच की जानी चाहिए।

बल-बुद्धि के भंडार हैं श्रीहनुमान जी : देवी सिंह

रांची। राजधानी के कांके स्थित नेताजी एकेडमी उच्च विद्यालय में मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर हनुमान जी को पूजन और पुष्पांजलि कर सामूहिक श्रीहनुमान चालीसा का पाठ किया गया।कार्यक्रम के मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद के प्रान्त संगठन मंत्री देवी सिंह ने कहा श्री हनुमान जी हर काल में रहने वाले भगवान हैं। श्री हनुमान जी बल बुद्धि के भंडार हैं, जो भी भक्त उनके शरण में जाते हैं सदैव बलवान और विवेकशील होने का वरदान पाते हैं। उन्होंने कहा महाभारत काल में भी अर्जुन के रथ के ध्वज के साथ हनुमान जी विराजमान थे, जिसके कारण अर्जुन का रथ सुरक्षित रहा।कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विश्व हिंदू परिषद विशेष संपर्क विभाग के प्रांत सहप्रमुख प्रिंस अजवानी ने कहा कि अनुशासन हम मानवों का श्रृंगार होता है। इस अनुशासन रूपी श्रृंगार के धारण से सदैव मानव कल्याण और विकास का मार्ग प्रशस्त होता है। श्री हनुमान जी भी अनुशासन के धुरी के समान है। वे सदैव सेवा करने वाले लोगों के प्रेरणा का स्रोत बने रहते हैं। विद्यालय के प्राचार्य डॉ बिरेन्द्र साहु ने अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम को यदि पाना है तो सबसे पहले हनुमान जी को शरण में लेना पड़ेगा।इस अवसर पर रामकिशोर साहू, सुनीता कश्यप, कुसुम टोप्पो सुनीता मुंडा, विजय उरांव, बालचंद उरांव, मनीष साहू, राकेश चंद्र झा, चंदन कुमार, रिंकी देवी शहीद कई शिक्षक शिक्षिकाएं एवं सैकड़ों बच्चे उपस्थित थे।

आजसू ने शिक्षक नियुक्ति के लिए होने वाली परीक्षा पर उठाए सवाल

रांची,। आजसू पार्टी के केंद्रीय संगठन सचिव एस अली ने मंगलवार को शिक्षक नियुक्ति के लिए होने वाली परीक्षा पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग लोकसभा चुनाव के दौरान एकाएक प्राथमिक विद्यालय कक्षा एक से पांच के लिए सहायक आचार्य नियुक्ति परीक्षा का आयोजन कर रहा है। परीक्षा 27 अप्रैल को कराने का निर्णय हुआ है।अली ने इसपर सवाल उठाते हुए कहा कि खास दल को लाभ पहुंचाने के लिए ऐसा किया जा रहा है। उन्होंने झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष व आयुक्त झारखंड राज्य निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर कहा कि बिना संपूर्ण तैयारी के राज्य के विभिन्न जिलों में परीक्षा केंद्र बनाकर सहायक आचार्य नियुक्ति परीक्षा का आयोजन करवाने का निर्णय कहीं से भी उचित नहीं है। चूंकि देश में लोकसभा चुनाव हो रहा है और झारखंड के कई लोकसभा सीटों के लिए 23 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, जिसमें सारा प्रशासनिक अमला चुनावी प्रक्रिया को पूरी करने में लगा है, जिसके कारण नियुक्ति परीक्षा प्रभावित होने की संभावना है।

अली ने कहा कि दूसरी ओर जेटेट उत्तीर्ण पारा शिक्षकों का भी चुनावी प्रशिक्षण चल रहा है, जो 26 अप्रैल को भी है। ऐसे में बहुत सारे पारा शिक्षक नियुक्ति परीक्षा में शामिल होने से वंचित हो जाएंगे, जो अवसर छीनने जैसा होगा। इस निर्णय से अभ्यर्थियों में निराशा और गुस्सा दोनों है।

बिहार एसटीएफ ने रांची से एक अपराधी को किया गिरफ्तार

रांची, । नामकुम थाना क्षेत्र में बिहार एसटीएफ टीम ने एक अपराधी को मंगलवार को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार स्वर्णरेखा नदी के तट पर स्थित सुरेश्वर महादेव मंदिर से पूजा करके निकल रहे एक अपराधी अमित पांडेय उर्फ ब्रजेश को पकड़ा है। बिहार एसटीएफ ने फिल्मी अंदाज में उसे गिरफ्तार किया। फिर उसे स्कॉर्पियो वाहन में बैठाकर टीम निकल गयी। बताया जा रहा है कि इस पर हत्या का मामला दर्ज था। साथ ही सीतामढ़ी कोर्ट से वांरट भी जारी था।वह फिलहाल रांची के नामकुम थाना क्षेत्र स्थित नामकुम बस्ती में छुपकर रह रहा था। एसटीएफ ने तकनीकी इनपुट पर आरोपित को रांची से गिरफ्तार किया। आरोपित का लोकेशन मिलने के बाद मंगलवार को एसटीएफ टीम स्कॉर्पियो वाहन से मंदिर के पास पहुंची और उसे पकड़ लिया। युवक की गिरफ्तारी की पूरी घटना मंदिर में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है। अमित पांडेय हर दिन की तरह आज भी पूजा करने मंदिर पहुंचा था। इसी बीच करीब 11.30 बजे बिहार एसटीएफ की टीम भी मंदिर के आसपास खड़ी थी। जैसे ही अमित मंदिर से बाहर निकला और फूल दुकान में पैसे देने के लिए गया। उसी दौरान एसटीएफ टीम ने घेर लिया और जबरन स्कॉर्पियो में बैठाकर नामकुम थाना ले गयी। युवक को कुछ लोगों द्वारा जबरन स्कॉर्पियो में बैठाता देख तुरंत पुलिस को आस-पास के लोगों ने सूचना दी। फिर अपहरण होने की बात आग की तरह आसपास में फैल गयी।

हर हाल में रोका जाएगा राज्य में नशे का कारोबार : डीजीपी

रांची

डीजीपी और सीआईडी डीजी ने की समीक्षा बैठक

डीजीपी अजय कुमार सिंह और सीआईडी डीजी अनुराग गुप्ता ने मंगलवार को नशीला पदार्थ के उत्पादन और कारोबार पर अंकुश लगाने को लेकर पुलिस मुख्यालय में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये समीक्षा बैठक की। बैठक में जिले के एसपी, रेंज के डीआईजी और जोनल आईजी मौजूद थे।

बैठक के दौरान डीजीपी ने सभी जिलों से पिछले पांच सालों के एनडीपीएस एक्ट में दर्ज मामले, अफीम, गांजा आदि की अवैध खेती के विनष्टिकरण से संबंधित आंकड़े, जब्त सामग्रियों के विनष्टिकरण से संबंधित आंकड़े, सभी संबंधित जिलों में सूचना तंत्र मजबूत करने पर जोर दिया। इस दौरान डीजीपी ने हॉट स्पॉट का चयन कर ड्रग्स तस्करों, पैडलर्स के सप्लाई चेन को ध्वस्त करने, अतिरिक्त निगरानी रखने, जिलों में ड्रग डिटेक्शन किट की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली । साथ ही अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीजीपी ने अवैध रूप से वैसे खेत जिसमें अफीम, गांजा एवं अन्य मादक पदाथों की खेती होती है। उसको चिन्हित कर खेती करने वाले और जमीन के मालिक के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करते हुए कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

इसके अलावा डीजीपी ने ड्रग्स तस्करों, पैडलर्स के विवरणी को सत्यापित करते हुए पीआईटी एनडीपीएस के प्रस्तावों की स्थिति सहित विशेष शाखा के जरिये उपलब्ध कराए गए इनपुट के आधार पर जिलों की ओर से की गई कार्रवाई की जानकारी ली। उन्होंने एनडीपीएस एक्ट से संबंधित मामलों में बेलरों के सत्यापन और उनका विवरण सहित ड्रग्स तस्करों, पैडलर्स के जरिये अर्जित की गयी अवैध संपत्तियों को जब्त करने का निर्देश दिया।

इस दौरान सीआईडी डीजी अनुराग गुप्ता ने मादक पदार्थों के अवैध उत्पादन और उसके व्यवसाय पर नियत्रंण के लिए बनाये गये रोड मैप की जानकारी दी। साथ ही आम लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया। उन्होंने अवैध मादक पदार्थ के कारोबार को रोकने के लिए मादक पदार्थ से संबंधित सूचनाओं का आदान प्रदान करने और सूचना तंत्र को मजबूत कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

सड़क दुर्घटना पर झालसा अध्यक्ष ने लिया संज्ञान

रांची

घायलों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का दिया निर्देश

राजधानी के मोरहाबादी के ऑक्सीजन पार्क के समीप सोमवार रात हुई सड़क दुर्घटना पर झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस सह झारखंड लीगल सर्विस अथॉरिटी (झालसा) के कार्यपालक अध्यक्ष सुजीत नारायण प्रसाद ने संज्ञान लिया है। उन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) को इस दुर्घटना में घायल लोगों के समुचित इलाज के लिए निर्देश दिया है।

इसके बाद डालसा के सचिव राकेश रंजन और रांची सिविल कोर्ट के जज कमलेश बेहरा ने मंगलवार को रिम्स जाकर घायलों से मुलाकात की और रिम्स प्रबंधन को घायलों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

उल्लेखनीय है कि मोरहाबादी में ऑक्सीजन पार्क के पास तेज रफ्तार कार (एसयूवी) ने सोमवार की शाम पांच लोगों टक्कर मार दी थी। इस घटना में जल संसाधन विभाग के प्रशाखा पदाधिकारी अरुण कुमार सिंह की मौत हो गई थी जबकि उनकी पत्नी मधु रानी की हालत गंभीर बनी हुई है। घायलों को रिम्स सहित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में मधु रानी, सरिता देवी, संतोष मित्रा सहित अन्य हैं।

रांची में सनातन महापंचायत की गीता पाठ प्रतियोगिता

रांची, । श्री सनातन महापंचायत कला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में मंगलवार को रांची के हेहल स्थित डीएवी आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल में गीता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों ने गीता के कई श्लोकों और अध्यायों को पढ़कर उसका विवेचन भी किया। गीता पाठ में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

श्री सनातन महापंचायत कला प्रकोष्ठ के संयोजक आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों के बीच गीता के उचित ज्ञान को बढ़ाना था।

उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत गीता भारत के सभी प्राचीन योग और ज्ञान का निचोड़ और समन्वय है।

गीता वास्तव में चरित्र निर्माण का सबसे बड़ा और उत्तम शास्त्र है। जीवन में बढ़ रहे तनाव को कम करने की एकमात्र विधि गीता है।

प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि के तौर पर डीएवी आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल की प्राचार्य रोशी वाधवानी, श्री सनातन महापंचायत झारखंड के युवा संयोजक डॉ अनिल कुमार, समाजसेवी शुभम चौधरी सहित अन्य उपस्थित थे।

झारखंड की आधी आबादी मतदान में आगे, चुनाव लड़ने में पीछे

रांची। राज्य में मतदान में महिला आगे हैं लेकिन चुनाव लड़ने में पीछे। लोकसभा और विधानसभा चुनाव के दौरान महिला मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती रही हैं लेकिन जब चुनाव मैदान में उतरने की बात होती है तो वो पिछड़ जाती हैं। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में 25 महिला प्रत्याशियों ने भाग्य आजमाया था, जिसमें से 23 की जमानत जब्त हो गयी थी।

मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने वाली आधी आबादी जब चुनाव मैदान में खुद उतरती है तो जीत से काफी दूर हो जाती है। चुनाव आयोग के आंकड़े बताते हैं कि 2019 के लोकसभा चुनाव में राज्य गठन के बाद सर्वाधिक महिला प्रत्याशी चुनाव मैदान में किस्मत आजमाने आई थी।

झारखंड की सभी 14 सीटों पर 25 महिला खड़ी हुई, जिसमें दो ही जीतने में सफल हुई। शेष 23 की जमानत जब्त हो गई। इस चुनाव में जिन दो महिलाओं ने जीत का स्वाद चखा उनमें अन्नपूर्णा देवी और गीता कोड़ा शामिल हैं। इसी तरह पूर्व के चुनाव में भी महिला प्रत्याशियों की स्थिति इसी तरह बनी रही। 2004 में सिर्फ 01 सफल रही उसके बाद के 2009 और 2014 के चुनाव में कोई सफल नहीं हो पाई।

लोकसभा, विधानसभा या अन्य चुनावों में महिलाएं बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती हैं। चुनाव आयोग के आंकड़ों पर नजर दौड़ाएं तो राज्य में वर्तमान में 1,25,20,910 महिला मतदाता हैं जो इस चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगी। इसके अलावा अन्य लोकसभा चुनाव की अपेक्षा महिला प्रत्याशियों की संख्या भी सर्वाधिक होने की संभावना है।

इस संबंध में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि हाल के वर्षों में चुनाव को लेकर महिलाओं में जागरुकता बढ़ी है, चाहे वह मतदान में भागीदारी हो या खुद चुनाव लड़ने की बात हो।

अपेक्षा अनुरूप महिला प्रत्याशियों की जीत कम होने की वजह बताते हुए सामाजिक कार्यकर्ता श्रेया मल्लिक कहती हैं कि राजनीति में जो भागीदारी महिलाओं की होनी चाहिए वह नहीं हो पाई है।

महिलाओं के आरक्षण की बात जरूर होती है लेकिन जो वास्तविक हक मिलना चाहिए वो नहीं मिल पाता है। यही वजह है कि महिला चुनावी रण में सफल नहीं हो पाती है।

नया सराय में सामुदायिक भवन पर कब्जा कर दबंग कर रहे व्यवसाय, ग्रामीणों के प्रवेश पर भी रोक

रांची – अंचल नगड़ी रांची में ल्एउ निर्माण समय विस्थापित कर पुनर्वास योजना के तहत बसाया गया था जहां पूरे नया सराय में एक सामुदायिक भवन ब्लॉक इ मुड़मा में 50 डिसमिल जमीन सभी जाति समुदाय के लोगों के द्वारा कब्जा कर व्यवसाय चलाया जा रहा है एवं अब किसी भी ग्रामीण को सामाजिक एवं पारिवारिक कार्यों के लिए जगह नहीं दी जा रही है जहां ग्राम नया सराय मुड़मा के आदिल हुसैन के द्वारा पांच दुकान बनकर जमीन को कब्जा किया गया और मोहम्मद मेराज एवं इनामुल हक के द्वारा एक मदरसा का संचालन कर व्यवसाय की जा रही है!

इस तहत 27 जनवरी 2017 को अंचल अधिकारी नगरी के द्वारा जांच में यह बातें सत्य पाया गया था जिसका रिपोर्ट बाद संख्या 489 /2016 का ऑर्डर बाद संख्या 1518 /2021 का ऑर्डर एवं विस्थापित नक्शा सहित 16 मार्च 2024 को झारखंड स्थापित महिला कल्याण समिति की सचिव श्रीमती काजल देवी ने एक आवेदन माननीय उपायुक्त महोदय रांची



को सौंपा बावजूद अतिक्रमण चरम सीमा पर है ना अंचल अधिकारी नगड़ी के द्वारा



किसी भी तरह की कार्रवाई की गई। न्यायालय अनुमंडल अधिकारी सदर रांची वार्ड संख्या 1618 /2021 मुमताज हसन बनाम मुख्तार अहमद अंसारी वगैरह को यह आदेश दिया गया की जमीन की नापीकर सामुदायिक भवन के जमीन को अतिक्रमण से मुक्त किया जाए इसके बाद भी किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं की गई फल स्वरुप या हुआ कि अतिक्रमण करने वालों का मनोबल बढ़ता गया और अब सारा जमीन पर सामुदायिक भवन को अपने कब्जा में लेकर किसी में मदरसा का संचालन किया जा रहा है तो बाकी जमीन में दुकान मकान बनाकर कुछ दबंग लोगों के द्वारा कब्जा कर लिया गया है बाकी सारी ग्रामवासी अपने सामाजिक एवं पारिवारिक कार्यों के लिए जगह नहीं होने से परेशान है और उन लोगों से डरते भी हैं क्योंकि उनके ऊपर किसी तरह की कार्रवाई नहीं होती है अतिक्रमण से मुक्त करने की गुहार काजल देवी ने लगाया है।

जिला समादेष्टा कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, कोडरमा।
आवश्यक सूचना

लोकसभा चुनाव–2024

कोडरमा जिला के प्रभावित बल के गृह रक्षक जो विभिन्न संस्थानों, कार्यालयों एवं पोस्टों में ड्यूटी कर रहें है तथा मुख्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, राँची के आदेश से रामगढ़ एवं हजारीबाग में ड्यूटी कर रहें सभी गृह रक्षक एवं ड्यूटी नही कर रहें है सभी को सूचित किया जाता है कि लोकसभा चुनाव–2024 ड्यूटी हेतु जिला समादेष्टा कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, कोडरमा में अपना आगमन दिनांक–27.04.2024 तक कराना सुनिश्चित करें। मुख्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, राँची के आदेशानुसार प्रभावित बल के 70 प्रतिशत गृह रक्षकों को लोकस्भा चुनाव–2024 ड्यूटी हेतु आगमन कराने का निर्देश प्राप्त है। चुनाव जैसे महत्वपूर्ण ड्यूटी के लिए आगमन नहीं कराने वाले गृह रक्षकों को चिन्हित कर अनुशासनात्मक कार्रवाई हेतु मुख्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, राँची को अनुशंसा कर भेजी जायेगी। इसके लिए आगमन नही कराने वाले गृह रक्षक स्वंय जिम्मेवार होगें।

इसे अतिआवश्यक समझें।

जिला समादेष्टा
झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी
कोडरमा।

PR 324039 Home(24-25)D

प्रचंड गर्मी और लू के बीच एनडीए प्रत्याशी जनसंपर्क अभियान चलाकर मतदाताओं से अपने पक्ष में मांग रहे वोट

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

हजारीबाग। पिछले करीब एक सप्ताह से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में प्रचंड गर्मी और गर्म हवा चल रही है। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल तपती गर्मी और लू के बीच भी अपना चुनावी जनसंपर्क अभियान और जनसंवाद कार्यक्रम निर्बाध रूप से जारी रखें हैं। पिछले करीब डेढ़ महीने से मनीष जायसवाल हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के तूफानी दौरे पर हैं। करीब 21 दिन पूर्व से हुए लगातार क्षेत्र के गांव- कस्बों का दौरा कर रहे हैं। मंगलवार को हर दिन की तरह ही लोकसभा क्षेत्र के तुफानी दौरे पर रहें। मांडू विधानसभा क्षेत्र के करीब 18 गांवों का सघन तुफानी दौरा कर भाजपा और अपने पक्ष में आगामी 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में कमल फूल छाप पर बटन दबाकर मतदान करने का अपील जनता और मतदाता से किया। मनीष जायसवाल ने मांडू प्रखंड क्षेत्र के ग्राम गोविंदपुर से सुबह निर्धारित समय पर अपने दौरे की शुरुआत की। इससे पूर्व मांडू ब्लॉक के समीप स्थानीय भाजपा और आजसू के कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। जिसके बाद गरगाली, मांडू डीह, हेसगढ़ा, बोगाहारा, बुमरी, कंजगी, पंडरिया, मंझला चुम्बा, बड़का चुम्बा, बहेरा टांड़, ओरला माइंस, तोपा, पिंडरा, डटमा बस्ती, तोयरा और कुजू न्यू कॉलोनी में जनसंपर्क और जनसंवाद किया। सभी गांवों में सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल का स्थानीय ग्रामीणों ने गाजे- बाजे के साथ फूल माला पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंटकर अभूतपूर्व स्वागत किया। प्रचंड गर्मी के बावजूद लोग घरों से निकाल कर मनीष जायसवाल का स्वागत और समर्थन करते नजर आए। सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने भाजपा और आजसू के कार्यकर्ताओं के साथ जनसंपर्क अभियान के दौरान क्षेत्र में उमड़े लोगों की बड़ी संख्या में भीड़ के लिए आभार जताया और हाथ जोड़कर कृतज्ञता व्यक्त किया ।

मोदी है तो देश में विकास की गारंटी है - मनीष जायसवाल

क्षेत्र दौरे के क्रम में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने कहा कि जनता पूरी तरह मूड बन चुकी है। उन्होंने कहा कि जब भी जनता से वार्ता करते हैं और उनके पास दो ऑप्शन होता है जिसमें एक और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और दूसरी ओर महागठबंधन जिसका अब तक पीएम का चेहरा नहीं है तो लोग सीधे तौर पर मोदी को अपना पीएम बनाने का आतुर दिखते हैं। मोदी है तो देश में विकास की गारंटी है और जो विकास की रफ्तार चल रही है उसे बरकरार रखने के लिए तीसरी बार मोदी सरकार बनाना जरूरी है। मनीष जायसवाल ने कहा कि कांग्रेस ने देश और देश के गरीबों को वर्षों तक छला है अब जनता उनके लुभावने वादे में कतई नहीं फंसेगी। देश में फिर एक बार मोदी सरकार बनेगा और हजारीबाग में भी प्रचंड मतों से कमल खिलेगा ।

माटी का लाल मनीष जायसवाल रिकॉर्ड मतों से जीतकर बनेंगे सांसद, हजारीबाग लोस क्षेत्र होगा खुशहाल- तिवारी महतो

आजसू के केंद्रीय महासचिव सह मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो ने मनीष जायसवाल के समर्थन में लगातार क्षेत्र में अपनी ताकत झोंक दी है। तिवारी महतो ने कहा कि माटी का लाल मनीष जायसवाल रिकॉर्ड मतों से जीतकर सांसद बनेंगे और हजारीबाग लोस क्षेत्र होगा खुशहाल और विकासशील होगा। उन्होंने कहा की जिस प्रकार मनीष जायसवाल ने नेट नहीं बेटा के रूप में हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र को संवारा है उसी प्रकार हजारीबाग लोकसभा को भी तरक्की के पथ पर नई मुकाम तक लेकर जरूर जाएंगे। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अपील करते हुए कहा कि अपना एक-एक बहुमूल्य वोट कमल निशान पर ही दें ।

एक-नजर

क्षत्रिय धर्मशाला बरही में मनाया गया वीर कुंवर सिंह का विजयोत्सव

बरही। बरही के रेलवे न्यू कॉलोनी में क्षत्रिय धर्मशाला में वीर कुंवर सिंह का विजयोत्सव मनाया। बतौर मुख्य अतिथि क्षत्रिय महासभा के प्रमंडलीय युवा अध्यक्ष सह सद्भवना विकास मंच अध्यक्ष राजसिंह चौहान मौजूद थे। इस दौरान बाबू वीर कुंवर सिंह के तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते हुए उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। राजसिंह चौहान ने कहा कि बाबू वीर कुंवर सिंह लंबे अरसे तक अपनी सेना के साथ अंग्रेजों से लड़ते रहे। इसी दौरान वो सेना के साथ बलिया के पास शिवपुरी घाट से रात्रि के समय नाव के सहारे गंगा नदी पार कर रहे थे, तभी अंग्रेजों ने अचानक उन पर हमला बोल दिया और अंधाधुन फायरिंग करने लगे। वीर कुंवर सिंह इस दौरान घायल हो गए और उनके बांह में गोली लगी, तब भी वह रुके नहीं। उन्होंने अपनी तलवार से बांह को काटकर नदी में प्रवाहित कर दिया और अंग्रेजी सेना को पराजित करके 23 अप्रैल, 1858 को अपने गांव जगदीशपुर के महल में वापस आए। तब उन्होंने जगदीशपुर के अपने किले पर फतह पाई थी और ब्रिटिश झंडे को उतारकर अपना झंडा फहराया था। यही वजह है कि 23 अप्रैल का दिन उनके विजयोत्सव के रूप में मनाया जाता है।

मौके पर सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राजसिंह चौहान के अलावा सेवानिवृत्त सहायक पुलिस अवर निरीक्षक कामेश्वर सिंह, पंसस जितेंद्र कुमार दिव्य उर्फ जीतू ठाकुर, कैलाशपति सिंह, सत्येंद्र सिंह, मोती सिंह, चंदन सिंह, गुरुदेव सिंह, नकुलदेव राणा, संजय केशरी, अनुज प्रजापति, कमलेश कुमार, सत्यप्रकाश रवि, सुरेंद्र कुमार, शरद प्रभाकर, पूजा गुप्ता, अनिशा कुमारी, सुहाना पांडेय, शशि कुमारी, स्नेहा कुमारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।...

भूगोल विभाग में पृथ्वी दिवस के अवसर पर किया गया संगोष्ठी एवं प्रतियोगिता का आयोजन

हजारीबाग। सोमवार को पृथ्वी दिवस के अवसर पर भूगोल विभाग में डॉ. कमला प्रसाद के अध्यक्षता में प्लेनेट वर्सेस प्लास्टिक थीम के ऊपर संगोष्ठी एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । व्यापक पर्यावरण प्रदूषण की प्रतिक्रिया स्वरूप विस्कांसीन से एक अमेरिकीसीनेटर गेलोड नेल्सन ने एक पर्यावरण शिक्षण या पृथ्वी दिवस की शुरुआत 22 अप्रैल 1970 को की । उस साल 2 करोड़ से अधिक लोगों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। संगोष्ठी के प्रमुख वक्ता हजारीबाग पूर्वी के भारतीय वन सेवा अधिकारी सौरभ चंद्र एवं वनस्पतिशास्त्र के प्रोफ़ेसर एवं पर्यावरणविद डॉ. अविनाश कुमार थे। पृथ्वी दिवस के थीम ÷प्लेनेट वर्सेस प्लास्टिक÷ पर जोर देते हुए सौरभ चंद्र ने ने रिड्यूस, रीयूज और रीसायकल के व्यवहार में लाने व साथ ही प्लास्टिक को कम से कम उपयोग लाने पर जोर दिया। तत्पश्चात पर्यावरणविद् प्रोफेसर डॉ अविनाश कुमार ने पृथ्वी एवं प्लास्टिक विषय पर पीपीटी प्रस्तुत किया एवं पर्यावरण प्रदूषण के लिए मानव को जिम्मेदार बताया। साथ ही मौके पर उपस्थित श्रोताओं से प्लास्टिक फुटप्रिंट गणना कर यह पाया कि एक मनुष्य अपने जीवन काल में 1300 केजी लगभग प्लास्टिक का उपयोग करता है । इससे पूर्व भूगोल विभाग के अध्यक्ष डॉ. सरोज कुमार सिंह ने संगोष्ठी का विषय प्रवेश कराते हुए यह बताया कि प्राचीन समय से उपयोग की जाने वाली धातुओं जैसे तांबा पीतल एवं लोहा आदि का स्थानांतरण प्लास्टिक द्वारा मानव के जीवन शैली में आ गया है । मौके पर उपस्थित पर्यावरणविद व इंटर साइंस कॉलेज के लेक्चरर अंजलि नीरज ने प्लास्टिक के कम प्रयोग एवं प्रबंधन के लिए मुहिम शुरू करने पर जोर दिया। इस अवसर पर चार विधाओं में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें विश्वविद्यालय एवं अन्य कॉलेजों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। पेंटिंग में पहला स्थान चांदनी प्रवीण, निबंध प्रतियोगिता अंशुमन अधिकारी, संगीत व कविता में श्रीकांत तिवारी व भाषण में दीक्षा कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । प्रतियोगिता में सम्मिलित सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इस उपरोक्त प्रतियोगिता के विधाओं में जूरी मेंबर के रूप में डॉ. सुबोध कुमार सिंह प्रोफ़ेसर हिंदी विभाग,डॉ. ओपी महतो पूर्व विभागाध्यक्ष भूगोल विभाग विनोबा भावे विश्वविद्यालय, डॉ. सुनील कुमार भूगोल विभाग अध्यक्ष अन्नदा कॉलेज,डॉ. कमला प्रसाद एवं विनोद रंजन, प्रोफ़ेसर, एंथ्रोपोलॉजी विभाग आदि उपस्थित रहे।

इस मौके पर डा. निहारिका यादव, डा. नवीन चंद्र, डा, एच एन सिन्हा, डा अरुण कुमार रामानुज, डा. खेमलाल महतो, प्रोफ़ेसर संजय दांगी साथ ही शोधार्थी सौरभ कुमार, जितेन्द्र कुमार राणा, चित्रदयाल महतो कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन शोधार्थी परीक्षित कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित कर किया।...

प्रखंड प्रशासन द्वारा मतदान की तैयारियों का लगातार लिया जा रहा जायजा

केरेडारी। मतदान केंद्र पर बुनियादी सुविधाओं में किसी प्रकार का कोई कमी नहीं रहे और मतदान पदाधिकारी और मतदाताओं को सभी बुनियादी सुविधाएं मतदान तिथि को उपलब्ध रहे इसकी निगरानी और उपलब्धता सुनिश्चित कराने का कार्य अंचलाधिकारी राम रतन कुमार वर्णवाल और प्रखंड विकास पदाधिकारी अमीत कुमार सभी मतदान केंद्रों पर पहुंचकर कर रहे हैं! मंगलवार को भी इन दोनों अधिकारियों ने बालेदेवरी बसरिया बेंगवरी बेलतू, कंडाबेर सिरमा इतीज बारियातू, गर्री खुर्द पतरा खूर्द देवरिया खूर्द स्थित मतदान केंद्र भवन का निरीक्षण कर पानी बिजली रैंप लाईट पंखा कमरे की उपलब्धता शौचालय, छाया आदि की भौतिक स्थिति की जांच किया ! इसके साथ हीं मतदान तिथि 20 मई को शत-प्रतिशत मतदाता मतदान केंद्र पर पहूंचकर मतदान करे इसके लिए प्रखंड मुख्यालय में आंगनबाड़ी सेविका और प्रखंड मुख्यालय में दूरदराज से आये ग्रामीणों से मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने की अपील ।

पांच दिवसीय रुद्र महायज्ञ का आयोजन, शामिल हुए जयप्रकाश भाई पटेल

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

विष्णुगढ़। विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत गैड़ा पंचायत के ग्राम गैड़ा स्थित बाबा मेघनाथ धाम में मंगलवार को शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा हेतु पांच दिवसीय रुद्र महायज्ञ का आयोजन किया गया। रुद्र महायज्ञ को लेकर बाबा मेघनाथ धाम से कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा का शुभारंभ यज्ञ मंडप से किया गया तत्पश्चात नगर भ्रमण करते हुए संतूरपी स्थित खेड़ो नदी से कलश में जल भरकर महिलाएं नारा लगाते हुए वापस यज्ञ स्थल पहुंचीं। आयोजित कलश यात्रा में बड़ी संख्या में सभी वर्ग के लोग शामिल हुए। महायज्ञ के आयोजकों द्वारा बताया गया कि यह महायज्ञ पूरे पांच दिन तक बढ़ोतरी होती है साथ ही परिवार तथा समाज में शांति बनी रहती है। इस दौरान आयोजकों द्वारा उपस्थित अतिथियों को अंग वस्त्र पहना कर सम्मानित किया गया। आयोजित कलश यात्रा में मुख्य रूप से इंडी गठबंधन से हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल, बगोदर प्रमुख आशा राज, विष्णुगढ़ मध्य जिप सदस्य शेख तैयब, बगोदर जिप सदस्य दुर्गेश साव, पूर्व जिप सदस्य यशोदा देवी, गुरु प्रसाद साव, सुधीर सिंह, जलील अंसारी, महेंद्र यादव, हरि यादव, जितेंद्र यादव, भैरव यादव, राजेश यादव, सुधीर सिंह एवम आशीष बॉर्डर शामिल थे।

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक बाबू वीर कुंवर सिंह को जिले वासियों ने किया श्रद्धा सुमन अर्पित

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

हजारीबाग। जिला मुख्यालय स्थित सर्किट हाउस के समीप मंगलवार को भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक अमर सेनानी, बाबू वीर कुंवर सिंह के जयंती के उपलक्ष्य पर समाजसेवी व कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने वीर कुंवर सिंह के प्रतिमा में माला अर्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस मौके पर मुन्ना सिंह ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में जिन कुछ तिथियों का विशेष महत्व है। उसमें एक तिथि वीर कुंवर सिंह जी की जयन्ती का भी है। 1858 में इसी दिन बाबू कुंवर सिंह ने लीग्रैंड को पराजित कर जगदीशपुर को पुन स्वतंत्र किया था इसीलिए प्रति वर्ष इस तिथि को 'विजयोत्सव दिवस' के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि 80 वर्ष की उम्र में भी इस महायोद्धा ने अग्रेजों से लड़ाई लड़ी ये सभी लोगों को युगों युगों तक प्रेरित करता रहेगा। श्री सिंह ने बताया कि वीर कुँवर सिंह शिवपुर घाट से गंगा पार कर रहे थे कि डगलस की सेना ने उन्हें घेर लिया, बीच गंगा में उनकी बाँह में गोली लगी थी। गोली का जहर पूरे शरीर में फैल सकता था। इसे देखते हुए वीर कुँवर सिंह ने अपनी तलवार उठाई और अपना एक हाथ गंगा नदी में काटकर फेंक दिया। अंतिम लड़ाई में भी उनकी जीत हुई लेकिन उसके तीन दिन बाद वीर कुँवर सिंह संसार से हमेशा के लिए विदा हो गए, इसलिए वे आज भी हम सब के प्रेरणास्रोत हैं।

इस दौरान श्री सिंह के साथ इंडिया गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी जेपी भाई पटेल मौजूद रहें।

मुख्य रूप से उपस्थितअशोक देव, बिनोद सिंह, भगवान सिंह, शत्रुघ्न सिंह, मिथलेश सिंह, अवधेश सिंह, सीडी सिंह, पंकज सिंह, दीपक सिंह, विकास सिंह, डॉ मिथलेश कुमार, शंकर सिंह, राजू सिंह, अनुपम सिन्हा, मनोज कुमार सरोज, गुड्डू सिंह, मनोज सिंह, प्रेम शंकर सिंह, वीरेंद्र सिंह, अजय सिंह, अर्जुन सिंह, शंभु सिंह, बबलू सिंह, आलोक सिंह, गोपाल सिंह, रवि सिंह, टुनटुन सिंह, शत्रुघ्न सिंह, आशीष सिंह, परमानंद सिंह, बिंदेश्वरी सिंह, रौशन सिंह, रितेश सिंह, डॉ संजीव सिंह, अमित सिंह, बबलू सिंह, बंटी देव, सुनील सिंह, अशोक सिंह, राम सिंह, अनूप सिन्हा, नन्हे सिंह, शैलेंद्र सिंह, राजेश सिंह समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

इंडी गठबंधन प्रत्याशी जेपी पटेल भारी मतों से होंगे विजयीः रामजन्म राय

विष्णुगढ़। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर विभिन्न प्रकार की अटकलें लगाई जा रही हैं। मुख्य रूप से माने तो हजारीबाग लोकसभा मुकाबला त्रिकोणीय होने की बात कही जा रही है जिसमें राजग प्रत्याशी मनीष जयसवाल, इंडी गठबंधन प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल के साथ साथ अटकलों के बाजार में जेएलकेएम प्रत्याशी संजय मेहता का भी पलड़ा मजबूत माना जा रहा है। इसी बीच इंडी गठबंधन प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल ने विष्णुगढ़ प्रखंड क्षेत्र में अपने जनसंपर्क अभियान को गति प्रदान कर दी है। इसके संबंध में विष्णुगढ़ निवासी सह प्रखंड के वरिष्ठ कांग्रेस नेता सह कांग्रेस जिला महासचिव रामजन्म राय ने जानकारी देते हुए बताया की इंडी गठबंधन प्रत्याशी जेपी पटेल को हर जगह लोगों का भरपूर समर्थन मिल रहा है अतः इनकी जीत भारी मतों से सुनिश्चित है साथ ही श्री राय ने कहा की जेपी पटेल के पिता स्व0 टेकलाल महतो के वह बेहद करीब रहें हैं, जनता के बीच उनकी एक अलग पहचान रही है इसलिए टेकलाल बाबू के सपनों के झारखंड का निर्माण करने हेतु उनके लाल जेपी पटेल का जनता भरपूर समर्थन करेगी। आगे उन्होंने बताया की गठबंधन के तहत कांग्रेस कार्यकर्ता अपने कर्तव्यों का निर्वाहन करते हुए अपने प्रत्याशी के समर्थन में लोगों से आग्रह के लिए जन जन तक पहुंच रहे और आगे भी पहुंचेंगे साथ ही गठबंधन के तहत एकजुटता का परिचय देते हुए अपने प्रत्याशी को विजयी बनाने के लिए सभी मिलकर हर संभव प्रयास करेंगे।..

लोक सभा निर्दलीय प्रत्याशी शशि भूषण केशरी के समर्थकों ने किया चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

हजारीबाग। शहर स्थित बड़ा अखाड़ा परिसर के सामने हजारीबाग में लोक सभा निर्दलीय प्रत्याशी शशि भूषण केशरी के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन समारोह मंगलवार को हिन्दू क्षेत्रिय संगठनों की एकजूटता के साथ हुआ । इस उद्घाटन समारोह में विजयानंद दास महंत बड़ा अखाड़ा ने मंत्रोचारण तथा दीप प्रज्वलित कर कार्यालय का उद्घाटन किया गया।

श्री हनुमान जन्मोत्सव तथा कार्यालय उद्घाटन के मौके पर शशि भुषण केशरी ने जय श्रीराम के जयकारे के साथ सभी क्षेत्रीय हिन्दू संगठनों एवं मीडिया बंधुओ को संबोधित करते हुए कहा कि राजनीति में आने का मेरा उद्देश्य समाज सेवा , समस्त हिन्दू परिवार को एक सूत्र में बांधना, हमारे देश की बहन-बेटियों की सुरक्षा, भ्रष्टाचार बेरोजगारी दूर करने के साथ-साथ समस्त हिन्दू परिवार को एकजुट करना है ना की आज के नेताओ की तरह जो अपनी राजनीति के चलते हम हिन्दू परिवारों को अलग-अलग जातियों में अलग-अलग धर्मो में बांटकर सिर्फ और सिर्फ अपने स्वार्थ की राजनीति कर रहे है । हमारी बहन - बेटियां सुरक्षित नही है ।रोजगार के नाम पर बेरोजगार युवकों का छला जाना ऐसी राजनीति हम समस्त हिन्दू परिवारों के साथ-साथ हमारे धर्म,हमारी संस्कृति और हमारे राष्ट्र को कमजोर बनाने का काम करती है। हम सब हिन्दू परिवार जो असल में एक है लेकिन वोट बैंक की राजनीति ने हमें अलग कर रखा है । ऐसी ओछी और गंदे मानसिकता वाली राजनीति के बारे मे सोचने की जरूरत है।यही कारण रहा कि अपने दिल में सामाजिक भावना को संजोकर समाज का सेवा करना मैं अपना परम् कर्तव्य और धर्म समझता हूं। सूजीत मेहता राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राम सेवा संगठ ने कहा कि इनके पिता स्व कालीदास केशरी जो की अपने जीवन काल में एक अच्छे समाजसेवी तथा आंदोलनकारी रहे है वही भावना और कर्मठता आज उनके पूत्र शशि भूषण केशरी अंदर दिखाई देता है । हमारा संगठन ऐसे कर्मठ समाजसेवी के साथ हमेशा खड़ा रहेगा ।

मनोज मेहता प्रदेश अध्यक्ष हिन्दू युवा संघ ने केशरी के बारे में कहा कि यह एक ऐसे कर्मठ और लगनशिल युवा समाजसेवी है जो दिन-रात अपने हिन्दू परिवार को एक सूत्र में बांधने का काम कर रहे है । इस राष्ट्र को ऐसे समाजसेवी की जरूरत है। दीपक शंकर जी विभाग मंत्री अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद् राष्ट्रीय बजरंग दल ने कहा कि जो युवक इतने कम उम्र में ही समाज में अपनी एक अलग पहचान बनाया हो उसके दिल में राष्ट्र हित की बात हमेशा रहेगा । और जो राष्ट्र हित को अपने दिल में संजोये हुए हो ऐसे युवा समाजसेवी का हमारा संगठन राजनीति के क्षेत्र में स्वागत करता है।

इनके संघर्षों को मैंने काफी नजदीक से देखा है । आज के इस युग में श्री केशरी हर संघर्षशील युवा के लिए प्रेरणा है ।राजनीति में ऐसे युवा साथी का आना आज समय और समाज की मांग है।

इस मौके पर सभी हिन्दू क्षेत्रीय संगठन, समस्त मिडिया बंधु, प्रदेश, जिला, नगर कमिटी एवं मातृशक्ति उपस्थिति थे ।

मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने की अंतिम तिथि आज तक, 23 अप्रैल 2024 जल्दी करें

हजारीबाग। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय ने सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि जो व्यक्ति 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके हैं और वे मतदाता सूची में नाम निर्बंधित कराने की योग्यता रखते है। लेकिन उनका नाम मतदाता सूची में निबंधित नहीं है। तो वें अपना नाम जुड़वाने हेतु, फॉर्म 6 भरकर अपने सम्बन्धित मतदान केन्द्र के बी.एल.ओ./ सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी/निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (सम्बन्धित प्रखण्ड / कार्यालय में) से प्रपत्र (निःशुल्क) प्राप्त कर फोटोग्राफ एवं आवश्यक कागजात भरकर उक्त नामित पदाधिकारी को/कार्यालय में जमा कर सकते ,पर कल यानी दिनांक 23 अप्रैल 2024 तक आवेदन कर सकते है। पुनः अपील है कि आप अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य जांच करवा लें, जिसके लिए श्के माध्यम से अथवा अपने सम्बन्धित मतदान केन्द्र के बी.एल.ओ./ सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी/निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी कार्यालय से भी जांच करा सकते है।..

चौपारण पहुंची कांग्रेस प्रत्याशी की पत्नी ललिता पटेल, यज्ञ कार्यक्रम में हुई शामिल

चौपारण। प्रखंड अंतर्गत पंचायत जवनपुर के ग्राम मध्यगोपाली में आयोजित श्री श्री 1008 श्री शिव प्राण प्रतिष्ठा सह नवदिवसीय रुद्र महायज्ञ में हजारीबाग लोकसभा से इंडि गठबंधन के प्रत्याशी जेपी पटेल की धर्मपत्नी ललिता पटेल शामिल हुई। इस दौरान यज्ञ समिति के द्वारा अंग वस्त्र देकर उनका स्वागत किया गया। मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मंटू यादव, पदमा संजय यादव, लव सिंह, प्रहलाद सिंह, देवलाल साव, बिसुनधारी कुशवाहा, सोनू कुमार, नकुल यादव, रेवाली पासवान, शिव सिंह, मिशन सिंह, अजय केशरी, दुलार यादव, बैजू गहलोत, अशोक सिंह,जितेंद्र चंद्रवंशी, बसंत राणा,शिवकुमार साव,कारू साव, सीताराम साव, सरजू साव ।

प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी, सहायक का प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय पर निगरानी हेतु

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

हजारीबाग। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय पर निगरानी हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, हजारीबाग द्वारा निर्वाचन व्यय अनुश्रवण कोषांग का गठन कर विडियों निगरानी दल,विडियों अवलोकन दल,लेखा दल,उ?न दस्ता एवं चेक पोस्ट पर स्थैतिक निगरानी दल का गठन किया गया है। आज इससे संबद्ध सभी दलों के पदाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों का विशेष प्रशिक्षण - सह-संदेह निवारण सत्र का आयोजन प्रशिक्षण सूचना भवन हजारीबाग में किया गया। इस अवसर पर नोडल पदाधिकारी, रतन लाल गुप्ता ने सभी दलों को पूरी मुस्तैदी से कार्य करने को कहा। उन्होंने निर्वाचन आयोग के संबंधित सभी निदेशों से अवगत कराया। सहायक नोडल पदाधिकारी सुनील कुमार चौधरी ने सभी दलों को समन्वय बनाकर कार्य करने को कहा। राज्य कर पदाधिकारी नवनीत कुमार सिंह ने प्रतिभागियों के संदेह को स्पष्ट किया। ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर धनंजय कुमार ने जल्ती की प्रक्रिया को ऑनलाइन रिपोर्टिंग करने के संबंध में बताया।

एफएसटी - उड़नदस्ता दल

इस दल का कार्य मुख्यतः शिकायत की जाँच करना है।

14 हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत उड़नदस्ता दल का सृजन किया गया है, जिसमें निर्वाचन कार्य हेतु बनाये गये मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारी के अतिरिक्त विडियोग्राफर भी रहेंगें। इस दल के द्वारा चुनाव को प्रभावित करने वाले कारकों यथा नगद,शराब,मुफ्त दी जाने वाली सामग्रीयों को जब्त किया जायेगा।

इस दल के द्वारा प्रतिदिन अपने कार्यों से संबंधित कार्य प्रतिवेदन अनुलग्नक क्र8 एवं क्र9 %व्यय अनुवीक्षण कोषांग% को दिया जायेगा।

एसएसटी- स्थैतिक जाँच दल

यह दल लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्रों के मुख्य मार्ग, जो अन्य जिला अथवा राज्य से जुड़ते हैं, पर चेक-नाका के माध्यम से वाहन जाँच का कार्य करेंगें। इनके द्वारा संबंधित मार्ग से जाने वाले प्रत्येक वाहनों की सघन जाँच की जायेगी। 3. जाँच में यदि नगद अथवा अन्य सामग्री, जो चुनाव को प्रभावित कर सकती हैं, तो इसकी सूचना स्वस् दल को दिया जायेगा, जिनके द्वारा उक्त सामग्रीयों को जब्त किया जायेगा। यह चेक-नाका 24ङ्क7 कार्य करेगा। 14 हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के चेक नाका में स्थैतिक जाँच दल कार्य करेंगें, जिसमें निर्वाचन कार्य हेतु बनाये गये मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारी के अतिरिक्त विडियोग्राफर भी रहेंगें।

इस दल के द्वारा भी प्रतिदिन अपने कार्यों से संबंधित कार्य प्रतिवेदन अनुलग्नक क्र 10 व्यय अनुवीक्षण कोषांग को दिया जायेगा।

वीएसटी- विडियो निगरानी दल

इस दल का कार्य विभिन्न क्षेत्रों में हो रहे चुनाव प्रचार-प्रसार कार्य का विडियो रिकॉर्डिंग करना है। इस दल में विडियोग्राफर के साथ निर्वाचन कार्य में प्रतिनियुक्त कर्मी रहेंगें, जिनके द्वारा रिकोर्डिंग के कम में स्थल पर पाये जाने वाले सभी सामग्रीयों को रिकोर्डिंग में बताया जायेगा। यह दल अपने-अपने क्षेत्रों में सभी प्रकार के चुनाव प्रचार-प्रसार कार्य की रिकोर्डिंग करेगें, जिसमें अनुमण्डल पदाधिकारी द्वारा अभ्यर्थी अथवा राजनैतिक दल को निर्गत किये गये ।

एक-नजर

विवाह कर के लौट रहे लोगों से भरी ऑटो पलटी, एक युवक की मौत

विष्णुगढ़। बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं कब किसकी जिंदगी के खुशी के पल को अगले ही पल मातम में तब्दील कर दे कहा नही जा सकता। इसी क्रम में विवाह कर के लौट रहे विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत जोबर पंचायत के ऊंचाघाना निवासी नंदलाल तुरी के 15 वर्षीय पुत्र बीरबल तुरी की मौत ऑटो पलटने से हो गई। दुर्घटना के बाद मौके पर उपस्थित लोगों द्वारा घायलों को विष्णुगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां घायलों का प्राथमिक इलाज किया जा रहा है एवं जिन घायलों को स्थिति गंभीर है उन्हें बेहतर उपचार के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर किया गया है। बता दें की उक्त घटना बीते रात की है। जानकारी के अनुसार यह घटना चटकरी के पांडे बांध के समीप घटी है।...

अग्रवाल युवा मंच ने बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया हनुमान जन्म उत्सव

हजारीबाग। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्म उत्सव रामनवमी की समाप्ति के उपरांत हनुमान जन्म उत्सव की तैयारी में लग जाते इसी क्रम में मंगलवार को मालवीय मार्ग स्थित राणी सती मंदिर प्रांगण में बड़ा ही धूमधाम के साथ हनुमान जन्म उत्सव मनाया गया सर्वप्रथम सबसे पहले हनुमान जी की पूजा अर्चना मंदिर के प्रधान पुजारी शशिकांत मिश्रा के द्वारा पूरी विधि विधान के साथ संपन्न कराया गया यजमान स्वरूप शुभम रामरायका एवं उनकी धर्मपत्नी के द्वारा पूजा अर्चना संपन्न किया गया। जिसके बाद सामूहिक रूप से सुंदरकांड का पाठ किया गया इसके बाद हनुमान चालीसा का पाठ के साथ सभी श्रद्धालुओं ने भजन कीर्तन एक साथ किया। कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध भजन गायक वीरेंद्र गर्ग उर्फ बिट्टू बिहारी ने अपने मनमोहक हनुमान भजनों से सभी भक्तों को जमकर झुमाया। कार्यक्रम की शुरुआत से लेकर अंत तक उन्होंने कई भजन प्रस्तुत किया जिसमें अंजनी मां के होए लाल बधाई सारे भक्त ने,उठे तो बोले राम बैठे तो बोले राम एक के रोम रोम में राम राम.....कर राम का ध्यान जपे यह तो सुबह शाम ऐसा है.....मेरा बजरंग बाला हो मेरा बाला सालासर वाला.... जैसे आने को भजनों पर उन्होंने भक्तों को जमकर झुमाया। कार्यक्रम के दौरान जय श्री राम, जय हनुमान का जयकारा लगातार लगता रहा मंदिर गूंजता रहा। कार्यक्रम के अंत में महा आरती के साथ कार्यक्रम विधिवत रूप से संपन्न हुआ, जिसके बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर भक्तों ने कहा की प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंदिर परिसर में भव्य रूप से हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन किया गया सुप्रसिद्ध भजन गायक वीरेंद्र गर्ग उर्फ बिट्टू बिहारी ने अपने अनेकों भजनों से भक्तों को जमकर झुमाया आयोजक मंडली इनका आभार प्रकट करती है।..

विजय शंखनाद संस्था द्वारा हनुमान बाल रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन, 35 बच्चों ने लिया भाग

हजारीबाग। विजय शंखनाद द्वारा पैराडाइस रिसोर्ट में आयोजित हनुमान बाल रूप सज्जा प्रतियोगिता में जिला के विभिन्न प्रखंडों से आए बालक बालिकाओं ने हनुमान के बाल रूप धारण कर अपने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। 3 से 6 वर्ष ग्रुप में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के तीनों विद्यार्थी अव्वल रहे, जिसमे प्रथम पुरस्कार कश्मीर वस्त्रालय द्वारा 7100 आदिशक्ति मौर्य, द्वितीय पुरस्कार विजय शंखनाद द्वारा 5100 अक्षत कुमार और तृतीय पुरस्कार हर्ष अजमेरा द्वारा 3100 प्रथम शर्मा तथा ग्रुप बी 6 से 9 वर्ष में प्रथम पुरस्कार हर्ष अजमेरा द्वारा 7100 अभिमन्यु कुमार, द्वितीय पुरस्कार विजय शंखनाद द्वारा 5100 प्रभाकर कुमार पांडे तथा तृतीय पुरस्कार रामकिशोर सावंत द्वारा 3100 आध्या गुप्ता ने प्राप्त किया। सभी को संस्था के चेक के माध्यम से पुरस्कार राशि दिया गया। मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक आशुतोष भारती, विशिष्ट अतिथि के रूप में आर्ष कन्या गुरुकुल के पुष्पा शास्त्री दीदी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में रेणुका साहू, चंद्रदीप यादव, अजीत गुप्ता आदि थे। जज पैनल में अमरेंद्र विद्यार्थी झूम झा और सोनी कुमारी ने प्रतिभागियों के पुरस्कार घोषणा किया। बाकी प्रतिभागियों को संतान पुरस्कार के रूप में मेडल प्रदान किया गया।

आर्ष कन्या गुरुकुल के बालक बालिकाओं एवं टीआरवी बैंड ग्रुप ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अमरदीप यादव, संचालन ओमकार रॉय भट्ट और धन्यवाद ज्ञापन आदित्य नारायण कुशवाहा ने किया।

कार्यक्रम की सफलता में संदीप उपाध्याय, कैलाश कुमार साव, पंकज मेहता, दीपक कुमार, मनदीप यादव, सोनू राय, राहुल यादव, मनोज गुप्ता, रोशन कुमार, दीपक मेहता, दीपक देवराज, छोटेलाल प्रसाद, मुकेश मोहन प्रसाद, प्रभात कुमार आदि की सराहनीय भूमिका रही। कार्यक्रम में सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

हनुमान चालीसा और प्रसाद वितरण कर श्री श्री चैत्र रामनवमी स्वागत समिति ने मनायी हनुमान जयंती

हजारीबाग। श्री श्री चैत्र राम नवमी स्वागत समिति के अध्यक्ष टोनी जैन और उनके सहयोगियों ने हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर महावीर स्थान चौक हनुमान मंदिर में जाकर पूजा अर्चना की। प्रसाद और हनुमान चालीसा का वितरण किया। मंदिर के पुजारी ने अध्यक्ष टोनी जैन को अंगवस्त्र औढाकर सम्मान किया। मंदिर पहुंचकर अध्यक्ष ने मंदिर के तीनों पुजारी का सम्मान किया। हनुमान जयंती पर उन्होंने कहा की हनुमान जी राम भगवान के सच्चे भक्त थे, और महान सेनापति थे। हनुमान जयंती चैत्र मास की पूर्णिमा तिथि के दिन पूजा अर्चना करने से सभी भक्तों का मनोकामना पूर्ण होता है। आज पूरे भारत में हनुमान जी की मंदिर सबसे ज्यादा है। हनुमान जयंती के दिन सभी भक्तों को हनुमान जी का का आशीर्वाद मिलता है। समिति के सदस्यों में सोनू गुप्ता शेखर गुप्ता अमित पांडे निशिकांत सिंह सभी लोगों उपस्थित थे।

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, नई दिल्ली के स्पेशल टीम ने संप्रेक्षण गृह हजारीबाग का किया निरीक्षण

हजारीबाग। मंगलवार 23 अप्रैल.2024 को सुचित्रा सिन्हा राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, नई दिल्ली का झारखण्ड परिभ्रमण कार्यकम के दौरान संप्रेक्षण गृह, हजारीबाग में आगमन हुआ। संप्रेक्षण गृह में बच्चों ने उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट कर गीत के माध्यम से स्वागत किया। कुछ बच्चों ने अतिथि के सम्मान में कविता एवं समूह गान प्रस्तुत किया। कुछ बच्चों ने संप्रेक्षण गृह में आवासन के दौरान के अनुभवों को साझा किया। उल्लेखनीय है कि गृह में आवासित एक किशोर ने मैट्रिक परीक्षा में 81 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम श्रेणी से उतीर्ण होने पर डिक्शनरी देकर उत्साहवर्धन किया गया। गृह में संचालित पुस्तकालय हेतु 15 प्रेरणादायक पुस्तकें उपलब्ध करायी गई।

राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान का स्थापना दिवस मनाया गया

हजारीबाग। केन्द्रीय वर्षाश्रित उपराऊँ भूमि चावल अनुसंधान केन्द्र ,हजारीबाग के सभागार में मंगलवार 23 अप्रैल 2024 को राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान,कटक,उडीसा का 79 वाँ स्थापना दिवस सह धान दिवस समारोह का आयोजन किया गया ढ्ढ इस समारोह में एआईएसईसीटी यूनिवर्सिटी के विद्यार्थी एवं शिक्षक शामिल हुए ढ्ढ समारोह का उद्घाटन उपस्थित अतिथिओं और केन्द्र के वैज्ञानिकों के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन करके किया गया ढ्ढ केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ प्रियमेधा ने संस्थान के स्थापना और देश को मुख्य भोजन चावल के उत्पादन सहित भुखमरी की समस्या से निजात दिलाने में इसकी अहम भूमिका के बारे में विस्तृत रूप से बताया ढ्ढ केन्द्र के प्रभारी (कार्यकारी) डॉ शिव मंगल प्रसाद ने राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान,कटक, उडीसा जिसका पूर्ववर्ती नाम केन्द्रीय चावल अनुसंधान संस्थान,कटक था और जिसकी स्थापना 23 अप्रैल 1946 को कटक में की गयी थी के बारे में प्रकाश डाला तथा चावल के अनुसंधान में संस्थान के महत्व को बताया ढ्ढ पूरे भारतवर्ष में लगाये जाने के अनुकूल धान की उन्नत प्रजातियाँ यहाँ से विकसित की जाती है और विश्वविद्यालयों ,संस्थानों,केन्द्रों ,सरकारी संस्थाओं ,किसानों को यहाँ से उनके माँग के अनुरूप विभिन्न श्रेणियों के बीज उपलब्ध कराये जाते हैं ढ्ढ वैज्ञानिक सौम्य साहा ने झारखण्ड के उपराऊँ भूमियों के लिए उपयुक्त धान की प्रजातियों की जानकारी दी ढ्ढ इस मौके पर संस्थान के द्वारा विकसित उन्नत कृषि तकनीकों के विडिओ का परिचालन डॉ जितेन्द्र कुमार के द्वारा किया गया ।

रामनवमी जुलूस विवाद को लेकर दो अलग-अलग मामले दर्ज

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

बड़कागांव। महुदी गांव में 16 अप्रैल को रामनवमी जुलूस विवाद को लेकर दो मामला दर्ज किया गया है। बड़कागांव अंचलाधिकारी बालेश्वर राम ने पहली प्राथमिकी बड़कागांव थाना में 25 लोगों को नामजद आरोपी बनाया है। इसमें सीताराम राणा, रविकांत कुमार महतो, राजकुमार राणा, छत्रधारी राणा, रविकुमार ठाकुर, आनंद महतो, चांद महतो, सुधिर राणा, ललिता देवी, रेखा देवी, भोला महतो, सिकंदर महतो, प्रकाश महतो, खिरोधर महतो, देव राणा, लोकनाथ महतो, सुनीता देवी, बचनदेव कुमार, टुकेश्वर महतो, दामोदर महतो, खेमलाल महतो, शिवलाल महतो, अजय कुमार सिंह, अमन कुमार, विशाल बाल्मीकि शामिल हैं। प्राथमिकी में कहा गया कि 16 अप्रैल को 1.30 बजे महुदी राणा टोला व आसपास के गांव और बाहर से कुछ लोग गैर लाइसेंसी जुलूस लेकर महुदी आंगनबाड़ी केंद्र तक पहुंच गये। उस जगह से गांव लौटने का अनुरोध किया गया। लेकिन अर्द्धनिर्मित बैरिकेडिंग से अंदर प्रवेश कर गये। विवाद बढ़ा और घटना घटी। इस घटना की तैयारी 15 अप्रैल को विवादित स्थल से जुलूस पार कराने के लिए की गयी थी।

अंचलाधिकारी ने थाना में दूसरा मामला कांड संख्या 106-24 के तहत 31 लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया है। इसमें सीताराम राणा, रविकांत कुमार महतो, राजकुमार राणा, छत्रधारी राणा, रविकुमार ठाकुर, आनंद महतो, चांद महतो, सुधिर राणा, ललिता देवी, रेखा देवी, भोला महतो, सिकंदर महतो, प्रकाश महतो, खिरोधर महतो, देव राणा, लोकनाथ महतो, सुनीता देवी, बचनदेव कुमार, टुकेश्वर महतो, दामोदर महतो, खेमलाल महतो, शिवलाल महतो, अजय कुमार सिंह, अमन कुमार, विशाल बाल्मीकि, पु0अ0नि0बिन्देश्वर महतो, चौपारण थाना, पु0अ0नि0 दिव्य प्रकाश, चौपारण थाना, चौपारण थाना सशस्त्र बल शामिल थे।का टीम के द्वारा मंगलवार की अहले सुबह लक्ष्मण सिंह पिता महावीर सिंह के घर में छापामारी किया गया। छापामारी के क्रम में जंगल एवं पुलिस बल को गंभीर चोटें आयी थी। भीड़ को तितर बितर करने के लिए हल्का लाठी चार्ज किया गया। पुआल के ढेर में आग लगा दी।

अग्निवीर खत्म कर कांग्रेस करेगी ग्रामीण युवाओं के साथ न्याय : जेपी भाई पटेल

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

हजारीबाग। लोकसभा क्षेत्र से गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल चुनाव को लेकर जनसंपर्क में लगे हैं साथ ही सामाजिक कार्यक्रमों में भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं। मंगलवार को उन्होंने हजारीबाग सर्किट हाउस के सामने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक बाबू वीर कुंवर सिंह के विजयोत्सव पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

जनसंपर्क अभियान के लिए विष्णुगढ़ प्रखण्ड पहुंच कई पंचायतों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने लोगों से कांग्रेस के पक्ष में वोट करने की अपील की। उन्होंने जनसभाओं को संबोधित करते हुए देश के विभिन्न मुद्दों पर बात की। उन्होंने मुख्य रूप से ग्रामीण इलाकों की हालत पर रौशनी डालते हुए कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार ने अग्निवीर योजना लाकर ग्रामीण युवाओं के सपनों के साथ खिलवाड़ किया है। कांग्रेस अग्निविर को खत्म कर युवाओं के साथ न्याय करने का काम करेगी। वे विष्णुगढ़ प्रखण्ड के गैडी पंचायत में आयोजित महायज्ञ में शामिल हुए जहां उन्होंने क्षेत्र की हरियाली और खुशहाली के लिए प्रार्थना किया। जनसंपर्क के दौरान सुखदेव प्रसाद यादव,बालेश्वर महतो, आरीफ अंसारी, जलेश्वर कुमार, भुनेश्वर कुमार, आलोक कुमार, अनिल पटेल, सैलेश कुमार, संतोष कुमार, सुरेश कुमार सहित सैंकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

चाय पर चर्चा

जय प्रकाश भाई पटेल शाम को रामगढ़ पहुंचे। यहां उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों के साथ चाय पर चर्चा की। इस दौरान पार्टी की गतिविधियों और चुनावी तैयारियों पर सार्थक चर्चा हुई। चर्चा में जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान, पूर्व जिला अध्यक्ष अनिता कुमारी, सीपी संतन, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष जोया प्रवीन, सुखदेव प्रसाद यादव, वार्ड पूर्व नगर अध्यक्ष संजय साव, नगर अध्यक्ष बलराम शाहू, सुजीत पटेल, बलजीत सिंह बेदी, अजीत करमाली, सागर महतो, नगर उपाध्यक्ष मोहम्मद अब्बास, अल्पसंख्क महा सचिव अब्दुल रज्जाक, वाहिद अली, मोहम्मद रहमान, मोहम्मद आशिक, सब्बीर अंसारी, मीना देव,। पार्टी पदाधिकारियों के साथ

चौपारण पुलिस ने घर से 9.4 किलो गांजा किया जब्त, मकान मालिक फरार

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

चौपारण। सोमवार की रात्रि सूचना मिली कि ग्राम-अहरी निवासी लक्ष्मण सिंह पिता-महावीर सिंह के द्वारा अपने घर में भारी मात्रा में गांजा तस्करी करने हेतु रखा है। इस सूचना से वरीय पदाधिकारियों को अवगत कराने के उपरांत आदेशानुसार एक छापामारी दल थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित किया गया। जिसमें पु0अ0नि0बिन्देश्वर महतो, चौपारण थाना, पु0अ0नि0 दिव्य प्रकाश, चौपारण थाना, चौपारण थाना सशस्त्र बल शामिल थे।का टीम के द्वारा मंगलवार की अहले सुबह लक्ष्मण सिंह पिता महावीर सिंह के घर में छापामारी किया गया। छापामारी के क्रम में जंगल एवं अंधेरा का लाभ उठाकर अपने घर से भागने में सफल हो गया, तदोपरांत छापामारी दल के द्वारा लक्ष्मण सिंह पिता महावीर सिंह के घर का विधिवत् रूप से तलाशी लिया गया। तलाशी के क्रम में लक्ष्मण सिंह के घर का कमरा में लगा चौकी के नीचे छीपाकर रखा 03 प्लास्टिक का बोरा बरामद हुआ, जिसे खोलकर देखने पर उसमें गांजा भरा हुआ बरामद हुआ जिसे जप्त किया गया। छापामारी के दौरान पता चला कि उक्त व्यक्ति आस-पास के क्षेत्रों से गांजा खरीदकर अपने घर में लाकर जमा करता है और बाद में उसे बाहर ले जाकर बिकी करता है।

पंचतत्व में विलीन हुए ओल्ड जेवेरियन हॉक्सा के अध्यक्ष रीको वर्मा

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

हजारीबाग। मंगलवार 23 अप्रैल 2024 की शाम को नम आंखो से स्वर्गीय रिको वर्मा को अंतिम विदाई दी गई। उनका अंतिम संस्कार जबरा मुक्तिधाम में संपन्न हुआ। बताते चले की स्वर्गीय रिको वर्मा का निधन सोमवार 22 अप्रैल 2024 को अपने हजारीबाग आवास में हो गया था। स्वर्गीय वर्मा शहर के गण्यमान व्यक्तियों में गिने जाते थे एवं संत जेवियर स्कूल हजारीबाग के हौक्सा परिवार के लिए उनका योगदान अतुलनीय रहा है। उनके अंतिम संस्कार में शहर के विभिन्न जातियों के लोग उपस्थित रहे। वो अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए। हॉक्सा परिवार के सचिव राहुल जैन ने कहा की स्वर्गीय रिको वर्मा एक खूसमीजाज व्यक्तित्व वाले इंसान थे और उन्होंने कभी बड़े छोटे में अंतर नहीं किया और सभी को एक समान देखते थे। उन्होंने कहा की आज उनके अंतिम संस्कार में आने वाले व्यक्ति सभी जाति धर्म से थे जिससे धर्मनिरपेक्षता का एक उद्धारण समाज में पेश हुआ है। मीडिया प्रभारी विजय जैन ने कहा की अब यादें ही शेष है। उन्होंने कहा की स्वर्गीय रिको वर्मा का संसार से जाना हजारीबाग के लोगो के लिए कभी ना पूरा होने वाला क्षति है। स्वर्गीय रिको वर्मा के अंतिम संस्कार में संपूर्ण होक्सा परिवार, हॉक्सा गवर्निंग काउंसिल संत जेवियर स्कूल के प्राचार्य फादर रोशनर, पूर्व प्राचार्य फादर जेम्स, शिक्षक श्री देवरथ मित्रा, पूर्व शिक्षक श्री शाहजी फिलिप्स, श्री नाग एवं अन्य शिक्षक गण, शहर के गणमान्य श्री मंजीत कालरा,।

राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन ने दानवीर भामाशाह जयंती मनाया

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

बड़कागांव। राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के बैनर तले बड़कागांव स्थित हजारीबाग पथ के माता रुक्मणी भवन में दानवीर भामाशाह की जयंती समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता हजारीबाग जिला महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा समाजसेवी कौलेश्वर साव तथा संचालन बड़कागांव प्रखंड अध्यक्ष डूभन साव ने की। समारोह की शुरुआत दानवीर भामाशाह के तस्वीर के समक्ष मुख्य अतिथि राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन प्रदेश मंत्री कुंजबिहारी साव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह हजारीबाग प्रभारी राम विलास साव, जिला महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा भावी विधायक कौलेश्वर साव, जिला अध्यक्ष अशोक साव, जिला उपाध्यक्ष अर्जुन साव, सहित अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात उपस्थित सभी लोगों द्वारा बारी-बारी से भामाशाह के तस्वीर पर पुष्प अर्पित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कुंज बिहारी साहू ने कहा कि राजा महाराणा प्रताप के विपरीत स्थिति में भामाशाह अपनी संपत्ति दान देकर राजपाट बचाने का काम किया था। आज भी हमारा समाज दानवीर है। दान देकर दूसरे को राजा बनाने का काम कर रही है। हमारी इतनी बड़ी संख्या रहते हुए दूसरे को ही राजा बनाते रहेंगे और वे लोग हम पर ही शासन करते रहेंगे। इसलिए लोकतंत्र की व्यवस्था में स्वयं राजा बनना होगा। विशिष्ट अतिथि रामविलास साहू ने कहा कि हमारा समाज अब दान देने के लिए नहीं दान लेने का काम करेगी। इसके लिए राष्ट्रीय स्तर से तैयारी हो चुकी है। कड़ी बाई कड़ी समाज को जोड़ने का कार्य जारी है। समारोह में केरेडारी प्रखंड के बरियातू निवासी योगेंद्र साव उर्फ छोटू की हत्या पर 2 मिनट का मौन धारण करते हुए उनके आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। साथ ही साथ अति शीघ्र हत्यारों को गिरफ्तार करने की मांग भी की गई। मौके पर जिला मीडिया प्रभारी आशीष कुमार साव, नरेश कुमार (पत्रकार), प्रखण्ड अध्यक्ष डूभन साव, प्रखण्ड उपसचिव पदुम साव, मुखिया प्रतिनिधि राजकूमार साव, अरविंद कुमार (कौशल विकास), समाजसेवी उमेश्वर साव, लोकन साव, राजकुमार साव, प्रदीप साव, शिवा साव, तुलेश्वर साव, गोपाल साव, शिक्षक धनेश्वर प्रसाद, चंद्रिका कुमार, चंदर साव सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल थे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने जयनगर प्रखंड का किया दौरा

कोडरमा

सेक्टर पदाधिकारी और सेक्टर पुलिस पदाधिकारी के साथ की बैठक, दिये आवश्यक दिशानिर्देश

क्लस्टर प्वाइंट एवं मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं का मुकम्मल व्यवस्था रखें: उपायुक्त मेघा भारद्वाज

मतदान प्रक्रिया के सफल संचालन के लिए प्रशिक्षण अतिमहत्वपूर्ण: उपायुक्त

लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा जयनगर प्रखंड का दौरा किया गया। इस दौरान उन्होंने प्रखंड सभागार में सेक्टर पदाधिकारी व सेक्टर पुलिस पदाधिकारी के साथ बैठक की। उपायुक्त ने सभी सेक्टर पदाधिकारी और सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को उनके कार्य व दायित्व की जानकारी दी। उन्होंने सभी सेक्टर पदाधिकारी और सेक्टर पुलिस पदाधिकारी से मतदान केंद्रों के रूट चार्ट और नजरी नक्शा की जानकारी ली। मतदान प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करें। जहां शौचालय निर्माण करना है या चापाकल मरम्मती करना है तो वहां यथाशीघ्र कार्य को पूरा करना सुनिश्चित करेंगे। दिव्यांग मतदाताओं और? 80 वर्ष से

अधिक आयु वाले मतदाताओं को होम वोटिंग करने से संबंधित आकलन की जानकारी ली। साथ ही दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हील चेयर की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। मतदान केंद्रों पर सारी मूलभूत सुविधाओं? की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। जिन मतदान केंद्रों या क्लस्टर प्वाइंट पर जल स्तर नीचे है वहां पानी की वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं सुदृढ़ रखें। बूथ अवेयरनेस ग्रुप के माध्यम से मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के लिए प्रेरित करें। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी मतदाताओं से अपील की 20 मई 2024 मतदान दिवस के दिन मताधिकार का प्रयोग कर अवश्य मतदान करें। उपायुक्त ने कहा कि मतदान प्रक्रिया के सफल संचालन के लिए मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण अतिआवश्यक है। सभी मतदान कर्मियों को बेहतर तरीके से प्रशिक्षण देने का निर्देश प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिया।

पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने कहा कि चुनाव के दौरान विधि व्यवस्था संधारण को लेकर सेक्टर पदाधिकारी और सेक्टर पुलिस पदाधिकारी आपस में समन्वय स्थापित कर कार्य करेंगे।

क्लस्टर,इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम व मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्रीमती मेघा भारद्वाज द्वारा जयनगर प्रखंड अंतर्गत विभिन्न क्लस्टर और इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम व विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गय। उन्होंने कहा कि क्लस्टर की साफ-सफाई सुनिश्चित करें और मूलभूत सुविधाएं यथा पानी बिजली शौचालय सुनिश्चित रखें।

मौके पर पुलिस अधीक्षक श्री अनुदीप सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी श्री विजय कुमार सोनी, उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री प्रिंस कुजुर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्री रवि कुमार, पुलिस उपाधीक्षक , प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी जयनगर , सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार समेत सेक्टर पदाधिकारी, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी, बीएलओ व सुपरवाइजर समेत अन्य मौजूद रहे?।

संक्षिप्त खबरें

बीएड के संशोधित सिलेबस पर सत्र 2022-24 के लिए एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन

कोडरमा :- रमेश प्रसाद यादव शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में दिनांक 23.04.2024 दिन मंगलवार को विश्वविद्यालय द्वारा जारी बीएड के संशोधित पाठ्यक्रम 2023 पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में सत्र 2022-24 के प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। इस मौके पर मुख्य रूप से महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. लक्ष्मी सरकार मौजूद रहीं। इस दौरान सहायक प्राध्यापक राजेश पाण्डेय ने बीएड के संशोधित पाठ्यक्रम को लेकर विस्तृत चर्चा किये। उन्होंने प्रशिक्षुओं को परीक्षा सम्बंधित नियम-परिनियम को विस्तारपूर्वक बताया। मौके पर सहायक प्राध्यापक डॉ. संजीव कुमार,मो. सेराज, रविभूषण सिंह,सैयद खुर्शीद अली, अनिल कुमार,डॉ. मनोज विश्वकर्मा, शिक्षकेत्तर कर्मचारी मिथलेश कुमार, शाहिद खान,सेंटु कुमार,राजकुमार यादव,कुंदन कुमार सहित प्रशिक्षुगण मौजूद रहे।

पृथ्वी दिवस के अवसर पर बच्चों के द्वारा विद्यालय परिसर में किया गया पौधारोपण

झुमरीतिलैया :- सेक्रेड हार्ट स्कूल में पृथ्वी दिवस के अवसर पर बच्चों के द्वारा विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया। इस मौके पर प्राचार्य प्रमोद कुमार शर्मा ने बच्चों को पृथ्वी को बचाने में पेड़ पौधा के महत्व को बताया। और कहा कि धरती तब तक सुरक्षित रहेगी जब तक पृथ्वी पर पेड़ पौधे और हरियाली रहेंगे। उन्होंने समाज के हर वर्ग के लोगों से प्लांटेशन करने की अपील की। इस अवसर पर बच्चों के बीच पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विशाल कुमार,तृषा राही,विराट कुमार,प्रिंसी कुमारी,अवनि सिंह,अद्रिजा विश्वास, अस्प्रित राज,अर्णव आनंद,आरोही दारुका और नैंसी राज को अपने वर्ग में क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान मिला। इस मौके पर शिक्षिकाओं में कामिनी सहाय,स्वाति सिंह,प्रियंका कुमारी गुप्ता,स्वीटी सिन्हा,लवली कुमारी,रूबी कुमारी वर्मा,रेखा राणा,पूजा सलूजा,लता सिन्हा,सपना शर्मा,रंजीता कुमारी,जयप्रकाश सिंह,पायल सिंह समिति अन्य शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मी मौजूद थे।

वीर कुँवर सिंह की जंयती मनाई गयी

झुमरीतिलैया :- कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर में वीर कुंवर सिंह की जयंती सह विजयोत्सव मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य शर्मेंद्र कुमार साहू तथा मुख्य वक्ता रामानुज पांडे ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया इस मौके पर मुख्य वक्ता के रूप में रामानुज पांडेय ने कहा कि इस प्रकार की जयंतियों से भारत मां के प्रति श्रद्धा भाव जगता है। वीर कुंवर सिंह प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के महानायक थे जिन्होंने अपने जीवन का बलिदान भारत माता के चरणों में समर्पित कर दिया । 80 वर्षों के हड्डी में जागा जोश पुराना था सब कहते हैं वीर कुंवर सिंह भी बड़ा वीर मदार्ना था। इस कविता को चरितार्थ करते हुए विद्यालय के भैया बहन ने भी अपने विचार रखे । अतिथि परिचय आचार्य प्रदीप कुमार ने करवाया तथा मंच संचालन बहन आल्या एवं दिव्यांशी ने करवाया । जबकि धन्यवाद ज्ञापन प्रभात सौरव ने किया। आशीर्वचन के रूप में विद्यालय के प्राचार्य शर्मेंद्र कुमार साहू ने कहा कि हमें वीर कुंवर सिंह के बताए रास्ते पर चलने का प्रयास करना चाहिए इस अवसर पर विद्यालय के आचार्य मनोज कुमार सिंह,नीरज कुमार, विजय मिश्रा, डॉ धीरेन्द्र कुमार, उमा शंकर कुमार ,वीरेंद्र प्रसाद, मुरलीधर कुमार, प्रणव प्रभास, चंद्रशेखर कुमार, संजय महतो, संजय सिंह, मुन्ना सिंह, पवन कुमार शर्मा, धीरज कुमार पांडे, विक्रम कुमार, विजय कुमार तिवारी, रानी प्रसाद ,सोनी कुमारी, चंद्रकावेरी निहाल, अनीता ठाकुर, रिमझिम कुमारी, मोनिका कुमारी, सोनिया आदि मौजूद थे।

सक्सेस जोन कोचिंग सेंटर के बच्चों ने दसवीं बोर्ड की परीक्षा में लहराया परचम

जयनगरः प्रखंड अंतर्गत जयनगर झंडा चौक के समीप संचालित सक्सेस जोन कोचिंग सेंटर के बच्चों ने जैक बोर्ड में बेहतर प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया है। इसी कोचिंग सेंटर का एक छात्र आर्यन कुमार 484 (96.8%)अंक प्राप्त कर कोडरमा जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया है वहीं राज्य भर में 11वां स्थान मिला है। इस दौरान कोचिंग में एक कार्यक्रम आयोजित कर कोचिंग के बच्चों को मिठाई खिलाकर एवम् पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कोचिंग के संचालक श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि लगातार 8 वर्षों से उनके कोचिंग संस्थान से बच्चे दसवीं की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर जिले में बेहतर स्थान प्राप्त कर प्रखंड का एवं अपने माता-पिता का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि आर्यन के साथ-साथ और भी बच्चों ने बेहतर अंक प्राप्त कर अपने परिवार जनों का नाम रोशन किया है। उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि अपने बच्चों को एक बेहतर शिक्षा देकर उन्हें ऊंचे मौकाम पर पहुंचाएं। मौके पर कोचिंग के शिक्षक विवेक मुस्कान, अमित कुमार आदि मौजूद थे।

पुलिस ने अवैध महुआ शराब के खिलाफ चलाया छापेमारी अभियान

सतगावां।थाना प्रभारी विजय गुप्ता के नेतृत्व में मगंलवार को प्रखंड के कोठीयार पंचायत के नावाडीह जंगल में नदी के पास अवैध देशी महुआ शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान जंगल में शराब माफियाओं के द्वारा अवैध रूप से संचालित शराब भट्ठियों को पुलिस ने ध्वस्त किया।साथ ही मौके पर 1100 लीटर जावा महुआ को विनिष्ट किया।वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि अवैध महुआ शराब के विरुद्ध लोकसभा चुनाव को लेकर अभियान लगातार जारी रहेगी।छापेमारी अभियान में थाना प्रभारी विजय गुप्ता, हवलदार चार्लिस किस्कु, सिपाही पावन कुमार, भूषण सिंह, चौकीदार बुधन राय आदि शामिल थे।

झूठों की जमात को कोडरमा में मिलेगा करारा जवाब : रमेश सिंह

कोडरमा :- भाजपा के वरिष्ठ नेता और झारखण्ड प्रदेश भाजपा कार्यसमिति के सदस्य श्री रमेश सिंह ने कहा कि कोडरमा में इन दिनों झूठ बोलनेवालों की जमात सक्रिय हो गयी है जो तथ्यहीन बातों के आधार पर कीचड़ उछालने में व्यस्त है लेकिन इन अराजकतावादियों को याद रखना चाहिए कि कीचड़ में ही कमल खिलता है और इस बार कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के घर घर में, एक एक ईवीएम में कमल खिलने से कोई रोक नहीं सकतोरमेश सिंह ने कहा कि घमंडीया गठबंधन और अराजक भाकपा माले के लोग आईना देखने के आदी नहीं, वरना उन्हें खुद अपना कलुषित चेहरा देखकर शर्म आ जाती।बिहार झ झारखण्ड के जेल में बंद सबसे बड़े घोषित बालू चोर के घर में बैठकर वे जनता को बालू की हो रही किल्लत पर बेशर्मी से बयान जारी करते हैं सत्ता के संरक्षण में ढिबरा का काला कारोबार करनेवाली और ढिबरा चुन झ बीछकर दो वक्त की रोटी का जुगाड़ करनेवालों के पेट पर लात मारनेवाली हेमंत झ चंपाई सरकार की चरणवंदना करनेवाले लोग ढिबरा के मसले पर जबरदस्ती सांसद और केंद्र सरकार को कठघरे में खड़ा करने की नाकाम कोशिश कर रहे हैं

पृथ्वी दिवस पर जागरूकता शिविर का आयोजन

कोडरमा

सभी के प्रयास से ही धरती को सुरक्षित रखा जा सकता है- गौतम

धरती बचाओ -जीवन बचाओ

जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के निदेर्शानुसार, जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वधान में सोमवार को परियोजना बालिका उच्च विद्यालय में पृथ्वी दिवस के अवसर पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्रिंसिपल ओम प्रकाश सिन्हा ने किया। जबकि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार उपस्थित थे। इस अवसर पर बोलते हुए कहा कि जागरूक होकर ही धरती को बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि

बेतकीब विकास और प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन से पृथ्वी का संकट गहरा रहा है। यही कारण है कि आए दिन किसी न किसी हिस्से में प्राकृतिक तबाही होती रहती है। आखिर ऐसा क्यों हो रहा है हमे सोचने की जरूरत है । इन सब घटनाओं के मूल में जलवायु परिवर्तन है। मानव द्वारा प्रकृति विरुद्ध की जा रही गतिविधि गतिविधियां धरती का तापमान लगातार बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि सभी के योगदान से धरती को सुरक्षित रखा जा सकता है। वहीं डिप्टी चीफ एलईडीसीएस किरण कुमारी ने कहा कि मानव के लगातार दोहन से नदियां सूख रही है। धरती का जलस्तर नीचे जा रहा है। बढ़ती आबादी के चलते प्रकृति के संसाधनों का अधिक दोहन हो रहा है । इसे रोकने की आवश्यकता है। वही एलईडीसीएस राजेंद्र मंडल ने कहा कि कल - कारखानों एवं गाड़ियों के लगातार प्रयोग से वायु प्रदूषण बढ़ रहा है। इस पर लगाम लगाने की जरूरत है। वही एलईडीसीएस अरुण कुमार ओझा ने कहा कि ₹धरती बचाओ जीवन बचाओ₹

₹धरा नहीं तो सब धरा रह जाएगा₹

इस बार पृथ्वी दिवस का थीम है 'धरती बनाम प्लास्टिक'

उन्होंने कहा कि प्लास्टिक कचरे से पृथ्वी की जैव विविधता बुरी तरह प्रभावित होती है। उन्होंने कहा कि इससे छुटकारा पाने के लिए ठोस कदम उठाने ही होंगे। पेड़ों की अंधाधुंध कटाई रोकनी होगी। साथ ही सबों को आगे जाकर नए पेड़ -पौधे लगाने के साथ-साथ उसकी देखभाल भी करनी होगी।

क्योंकि धरती से ही हमें जीने के लिए ऑक्सीजन, पानी व भोजन प्राप्त होता है । कार्यक्रम का संचालन अरुण कुमार ओझा ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन स्कूल के प्रिंसिपल ओम प्रकाश सिन्हा ने किया। मौके पर न्यायालय कर्मी रंजीत कुमार सिंह, संतोष कुमार सिंह पीएलबी आदि उपस्थित थे।

मॉडल बनाओ प्रतियोगिता में ग्रिजली विद्यालय ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

कोडरमा :- लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर जिला प्रशासन द्वारा आयोजित स्वीप कार्यक्रम के तहत प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल कोडरमा में आयोजित मॉडल बनाओ प्रतियोगिता में ग्रिजली विद्यालय के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया है। इस मॉडल बनाओ प्रतियोगिता में जिले के 21 हाई स्कूल के 86 छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

ग्रिजली विद्यालय के छात्र अमन वर्मा, रीत भदानी, अनुष्का भदानी, आयुष कुमार अपने शिक्षक दीपक पांडेय के साथ इस प्रतियोगिता में शामिल हुए और प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज शामिल हुई । इस कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं के द्वारा मतदाता जागरुकता संबंधी मॉडल बनाया गया। मुख्य अतिथि उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। इसके अतिरिक्त स्वीप कार्यक्रम के तहत विद्यालय में छात्रों के द्वारा विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों को आगामी लोकसभा चुनाव में वोट देने के लिए भी निमंत्रण पत्र दिया गया और वोट करने की अपील की गयी। ग्रिजली विद्यालय के छात्रों की इस शानदार सफलता पर विद्यालय के निदेशक द्वय मनीष कपसिमे, अविनाश सेठ, सीईओ प्रकाश गुप्ता, सीओओ तनिष्क सेठ, प्राचार्या अंजना कुमारी, प्रशासक अशरफ खान, संयोजक विजय सिंह, जीतेन्द्र चौधरी, बुद्ध देब नस्कर, अनुराग सिंह, तुषार रॉय चौधरी, प्रीति जगनानी, स्टूडेंट सर्विस सेल के संयोजक सुधांशु कुमार, सीसीए संयोजक पंकज उपाध्याय, स्पोर्ट्स संयोजक सुनील कुमार साव सहित पुरे विद्यालय परिवार ने सफल छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

डीएवी पब्लिक स्कूल में मनाया गया विलियम शेक्सपियर का जन्म दिवस

झुमरीतिलैया :- पीवीएसएस डीएवी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में विलियम शेक्सपियर के 460 वें जन्मदिवस के अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय अंग्रेजी भाषा दिवस धूमधाम से मनाया गया। पूरे जोश और उत्साह के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गई । सर्वप्रथम विद्यालय के प्राचार्य और सभी शिक्षकों ने विलियम शेक्सपियर को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उसके पश्चात कुमारी साक्षी मौर्य ने विलियम शेक्सपियर के जीवन वृत्त से परिचित कराया। उनकी प्रसिद्ध उक्तियों को वंश कपूर,शांभवी सिंह,आकांक्षा, प्रियांशु दास गुप्ता और सृष्टि ने सभी के समक्ष प्रस्तुत किया। सोनाक्षी आर्य ने विलियम शेक्सपियर द्वारा लिखे दुखांत नाटक 'किंग लियर'का संक्षिप्त वर्णन किया।विद्यालय की छात्रा कृतिका देबनाथ ने विलियम शेक्सपियर द्वारा रचित स्वगत भाषण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विलियम शेक्सपियर द्वारा रचित कविता 'द क्वालिटी ऑफ मर्सी ' को उपेंद्र सोनू, नेक

आनंद,आफान खान, समृद्धि कुमारी ,आकांक्षा कुमारी, कृपाली कुमारी और आर्यन राज ने समूह गान के रूप में प्रस्तुत किया। उनके लिखे नाटक 'द मर्चेंट ऑफ वेनिस'का मंचन उजेशा मंडल, आशुतोष कुमार,रूद्र सिंह, विजेता वर्णवाल, रिया और कनक ने किया। मंच संचालन निहारिका के द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने कहा विलियम शेक्सपियर विशिष्ट प्रतिभा के धनी व्यक्ति थे।उनमें अत्यंत उच्च कोटि की सृजनात्मक प्रतिभा थी और साथ ही उन्हें कला के नियमों का सहज ज्ञान भी था।वे अंग्रेजी नाटककार ,कवि और अभिनेता थे। उन्हें अंग्रेजी भाषा का सबसे महान लेखक और दुनिया का प्रमुख नाटककार माना जाता है। वे अंग्रेजी साहित्य के सदाबहार साहित्यकार माने जाते हैं। उनकी लिखी कविता और नाटक अत्यंत प्राचीन होने के बाद भी वर्तमान परिप्रेक्ष्य में मानव जीवन और समाज पर खरे उतरते हैं। वह आज भी लोगों को प्रेरित कर रहे हैं। हजारों स्कूलों-कॉलेजों में उनकी रचनाओं को पढ़कर लोग अंग्रेजी लिखने और पढ़ने के साथ ही काव्य रचना करना और नाटक लिखना भी सीख रहे हैं। ऐसी प्रतिभा संसार में विरले ही जन्म लेती है। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कुमार सतीश सिंह,प्रमोद बल्लारी खड़ंगा,ज्योति और अपूर्वा सरकार को धन्यवाद कहा। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन अंग्रेजी विभागाध्यक्ष कुमार सतीश सिंह द्वारा किया गया।

बाबू वीर कुंवर सिंह के आदर्शों को अपनाना युवाओं का परम कर्तव्य

झुमरीतिलैया

प्रेम,भाईचारगी और एकता का प्रतिक है क्षत्रिय धर्म - कामाख्या नारायण सिंह

उत्तरी छोटानागपुर क्षत्रिय महासंघ द्वारा मंगलवार 23 अप्रैल को प्रातः 9 बजे बाबू वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव समारोह क्षत्रिय धर्मशाला कोडरमा और झुमरी तिलैया स्थित तिलैया बस्ती के बगीचा मैदान में भव्य रूप से मनाया गया। समारोह की अध्यक्षता उत्तरी छोटा नागपुर क्षत्रिय महासंघ के अध्यक्ष कामाख्या नारायण सिंह और संचालन महासचिव राम लखन सिंह ने किया। समारोह में उपस्थित क्षत्रिय बंधुओं को संबोधित करते हुए कामाख्या नारायण सिंह ने कहा कि बाबू वीर कुंवर सिंह समस्त समाज के लिए प्रेरणा स्रोत थे। उन्होंने अपने वीरता से न केवल अपने क्षेत्र,अपना समाज बल्कि पूरे भारतवर्ष के लिए इतिहास गढ़ा। आपसी प्रेम,भाईचारगी और एकता आज क्षत्रिय धर्म का प्रतिक बन गया है । हमें बाबू वीर कुंवर सिंह की जीवनी से सीख लेनी चाहिए । राम लखन सिंह,रामचंद्र सिंह और राजेंद्र सिंह ने इस अवसर पर कहा कि समस्त समाज के प्रेरणा स्रोत बाबू वीर कुंवर सिंह आज न केवल क्षत्रिय बल्कि समस्त समाज के आदर्श हैं ।उनके सिद्धांतों पर चलकर युवा देश और समाज के कल्याण हेतु आगे बढ़े । उन्होंने कहा कि हमारी चट्टानी एकता ही हमें मजबूती प्रदान करेगी । महापुरुषों की याद में ऐसे समारोह के आयोजन से हमें हमेशा अच्छे मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है। समारोह स्थल पर उपस्थित क्षत्रिय बंधुओं द्वारा बाबू वीर कुंवर सिंह की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया। एवं आज के इस ऐतिहासिक दिन में सबों ने संकल्प लिया कि अच्छे मार्ग, अच्छे सिद्धांत और अच्छी सोच के साथ ही आगे बढ़ना है। और समाज में व्याप्त कुरीतियों को मिटाना है। धन्यवाद ज्ञापन उत्तरी छोटा नागपुर क्षत्रिय महासंघ तिलैया जोन के अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह ने किया। समारोह में संघ के अध्यक्ष कामाख्या नारायण सिंह,महासचिव राम लखन सिंह,संरक्षक रामचंद्र सिंह,नारायण सिंह,राजेंद्र सिंह,विजय सिंह,शिव बालक सिंह,दिनेश सिंह,हरदेव सिंह,सत्यनारायण सिंह,महेश सिंह, दिनेश सिंह,रामदेव सिंह,अर्जुन सिंह, कैलाश सिंह,मनोज सिंह,अमित सिंह, राजेंद्र सिंह,रंजीत सिंह,नरेश सिंह, लोहा सिंह,कारू सिंह,अर्जुन सिंह,दामोदर सिंह,सुरेंद्र सिंह,मनु सिंह,राजेश सिंह,संजय सिंह,अजय सिंह,गणेश सिंह,सोनू सिंह,अंकित सिंह,विनय सिंह,सतीश सिंह सहित सैकड़ो क्षत्रिय बंधु उपस्थित थे।

शिक्षित होकर ही हम समाज और राष्ट्र का विकास संभव है:-सिद्धान्त सिंह

झुमरीतिलैया

क्षत्रिय समाज ने बाबू वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव धूमधाम से मनाया।

बाबू वीर कुंवर सिंह का 166 वां विजयोत्सव बाबू वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव समिति झुमरीतिलैया के तत्वावधान में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कोडरमा जिले के राजपूत समाज के अलावे अन्य समाज के लोग भी शामिल हुए। वहीं कार्यक्रम स्थल पहुंच कर लोगों ने सर्वप्रथम बाबू वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा को विधि विधान के पूजा अर्चना कर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर समाज के लोगों ने बाबू वीर कुंवर सिंह की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके साहस व वीरता की गौरवमयी जीवनी के बारे में लोगों को बताया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में यूपीएससी के एग्जाम में 114 वां स्थान हासिल किए सिद्धांत सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान नप के पूर्व अध्यक्ष उमेश सिंह, देवसिंगार सिंह व संजय सिंह ने सिद्धान सिंह को पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र देकर समानित किया। युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बने सिद्धांत सिंह ने कहा कि शिक्षा अमूल धरोहर है। शिक्षा के बलबूते ही समाज और राष्ट्र का विकास संभव है। शिक्षित होकर ही हम समाज को सही दिशा दे सकते हैं। उन्होंने उपस्थित युवाओं को शिक्षित होने की सलाह दी।

वहीं अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि बाबू वीर कुंवर सिंह 1857 क्रांति के महानायक थे। हमलोग आजाद भारत में चैन की सांस ले रहे हैं तो इसकी वजह बाबू वीर कुंवर सिंह है ऐसे नायकों को पूरे देश से सम्मान मिलना जरूरी है। देश दुनिया के लोग भी जानें। हमारे कार्यक्रम का उद्देश्य यही है कि देश-विदेश में बाबू वीर कुंवर सिंह जी की प्रसिद्धि फैले। महासचिव राहुल सिंह ने कहा कि बाबू वीर कुंवर सिंह जी ने 80 वर्ष की उम्र में मरते दम तक अंग्रेजों से लड़ाई लड़ते रहे। 1857 में उन्होंने आजादी की लड़ाई का शंखनाद किया और पूरे बिहार, उत्तर प्रदेश में अंग्रेजों को परास्त किया।

वह गरीबों और किसानों के मसीहा थे अंतिम समय तक भी उन्होंने अंग्रेजों का डटकर सामना किया। बाबू वीर कुंवर सिंह के न्यायपूर्ण नीतियों को लागू करना ही उनके प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। वही कार्यक्रम में मंच संचालन शिशिर सिंह ने किया। कार्यक्रम में रमेश सिंह, उमेश सिंह, राजेश सिंह, विशाल सिंह सिंह नीलू, देवसिंगार सिंह, अरुण सिंह, कौशल सिंह, कृष्णा सिंह, प्रभु सिंह, राम प्रताप सिंह, शिशिर सिंह, महेश सिंह, बबलू सिंह, बोदी सिंह, लखन सिंह, नीरज सिंह, महेश सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

24 अप्रैल को शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। 24 अप्रैल को मेदिनीनगर शहर में भारी वाहनों का प्रवेश बर्जित रहेगा। सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि कल पलामू लोकसभा चुनाव में भाग लेने वाले प्रत्याशियों द्वारा समाहरणालय भवन में नामांकन किया जाना है। नामांकन के क्रम में मेदिनीनगर शहर में काफी भीड-भाड होने की संभावना है। यातायत परिचालन की सुगमता हेतु सभी छोटे-बड मालवाहक वाहनों को मेदिनीनगर शहर में 24 अप्रैल को 11 बजे दिन से 4 बजे शाम तक अस्थायी रूप से शहर में प्रवेश वर्जित है। मालवाहक वाहनों को शहपुर-गढवा रोड में चैनपुर थाना के मगरदाह घाटी के पास, डालटलगंज-औरंगाबाद रोड में बिसफुट्टा चैक के पास, डालटनगंज-रांची रोड में चियांकी चेकनाका बाईपास के पास और डालटनगंज-पांकी रोड में पोखराहा में मेडिकल कॉलेज पोखराहा के पास रोका जायेगा।

230 ग्राम अफीम के साथ दो गिरफ्तार

आशिष कुमार रंजन एवं अविनाश कुमार यादव के नाम शामिल

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। लेस्लीगंज के भकासी गांव से पुलिस ने 230 ग्राम अफीम के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया हैं। गिरफ्तार लोगों में आशिष कुमार रंजन एवं अविनाश कुमार यादव के नाम शामिल हैं। दोनों लेस्लीगंज थाना के डबरा गांव के मुडाथान टोला के रहने वाले हैं। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि भकासी मध्य विद्यालय के आस-पास सुनसान जगह पर दो व्यक्ति अफीम बेचने हेतू खडा हैं। इसी सूचना के आधार पर लेस्लगंज के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मनोज कुमार झा के नेतृत्व में भकासी मध्य विद्यालय के आस-पास छापामारीकी गयी। छापामारी में आशीष कुमार रंजन के पास से काला पोलोथिन में 120 ग्राम अफीम एवं अविनाश कुमार यादव के पास से काला पोलोथिन में 110 ग्राम अफीम के साथ स्पेलेंडर प्लस मोटर साईकिल बरामद किया गया।

बरामद समान को जप्त करते हुए दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। छामारी दल में लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजु कुमार गुप्ता पुअनि मनेश पासवान, अजय कुमार, आरक्षी विनोद उरांव, शक्ति कुमार सिंह, सिन्टू लाल यादव, प्रेम कुमार सोनी, गृह रक्षक हयूम खान शामिल थे।

एक-नजर

पानी पिलाएं, पानी बहाएं नहीं: अविनाश वर्मा

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड की पहल पर पनशाला खोलने का सिलसिला लगातार जारी है। इस क्रम में चैनपुर स्थित गुरुकुल विद्या निकेतन विद्यालय द्वारा पनशाला खोला गया। इसका उद्घाटन संयुक्त रूप से प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड के संरक्षक अविनाश वर्मा, अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, सचिव दिव्येन्दु गुप्ता, कोषाध्यक्ष आनंद कुमार एवं विद्यालय के निदेशक सिकंदर आजम द्वारा राहगीरों को पानी पिलाकर तथा अल्पाहार देकर किया गया। मौके पर प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड के संरक्षक अविनाश वर्मा ने कहा कि अंधेरा लाख हो पुण्य का दीपक अवश्य जलाएं। इस गर्मी में पनशाला का खुलना एक ब?ी बात है। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि पानी पिलाएं मगर पानी बहाए नहीं। संस्थान के पास पनशाला व घर के पास उजाला अवश्य होनी चाहिए। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने कहा कि आज सभी लोग पानी के एक-एक बूंद की कीमत समझने लगे हैं। पानी के लिए हर तरफ हाहाकार मचा हुआ है। ऐसी स्थिति में पनशाला खोलना सबसे ब?ा पुण्य का कार्य है। मौके पर मौजूद एसोसिएशन के सचिव-सह शांतिकूलम आवासीय विद्यालय के एकेडमिक को-ऑर्डिनेटर दिव्येन्दु गुप्ता ने कहा कि गर्मी के दिनों में सबसे ज्यादा पानी की आवश्यकता होती है। इस बात का ख्याल रखते हुए गुरुकुल स्कूल द्वारा पनशाला खोलना राहगीरों के लिए राहत की बात होगी। उन्होंने कहा कि पनशाला खोलने की यह परंपरा लगातार जारी रहेगी। मौके पर एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी सह कार्यालय सचिव सतीश अग्रवाल, विद्यालय के प्रिंसिपल अब्दुल हक, शिक्षक शिक्षिकाएं जयंती सहाय, शोभा कुमारी, नीलम कुमारी, सतीश गुप्ता, अमरेश कुमार, आरिफ आलम, तबसुम, शाहिस्ता सहित कई लोग मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन स्कूल की शिक्षिका शशि मिंज ने किया।..

चादरपोशी के साथ सालाना उर्स शुरू

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। शाहपुर स्थित हाशिम शाह दाता का सालाना उर्स आज से शुरू हो गया है। मजार कमिटी के सदर जनाब इतेखार अंसारी की सदारत में आज अहले सुबह गुसुलखानी चादरपोशी कर फातेहा पडी गयी। कमिटी के सरपरस्त भाई रुस्तम अल्तमश ने बताया कि हाशिम शाह के दरबार में कोई भी सवाली खाली नहीं जाता। बाबा सबकी मुरादें पुरी करते हैं। यहां सभी जाति और धर्म के लोग अकीदत के साथ आते हैं। यहां दो दिनों का उर्स लगता है, जिसमें पलामू के अलावा अन्य जिलों और राज्यों के भी लोग शामिल होते हैं। इस दौरान दो दिनों तक कव्वाली का आयोजन किया जाता है। इसबार कर्नाटक के मशहूर कव्वाल आसिफ मुराद रजा और मुंबई के जानेमाने कव्वाल सलीम रजा तशरीफ ला रहे हैं।

वीर कुंवर सिंह तानाशाही के खिलाफ लडने को हमेशा प्रेरित करते हैं: अभिषेक सिंह

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। पलामू में झामुमो नेता अभिषेक सिंह के नेतृत्व में विजय दिवस मनाते हुए सन 1857 में हुए प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक बाबू वीर कुंवर सिंह को श्रद्धांजलि दी गयी। कार्यक्रम का संचालन झामुमो युवा मोर्चा के सचिव और वीर कुंवर सिंह के वंशज आशुतोष विनायक ने किया। बाबू वीर कुंवर सिंह ने अंग्रेजो के खिलाफ 15 साल तक तलवार उठायी थी। उन्होंने बेहतरीन युद्ध कौशल का प्रदर्शन किया और लगभग एक साल तक ब्रिटिश सेना को परेशान किया तथा अंत तक अजेय रहे। वह गुरिल्ला युद्ध कला के विशेषज्ञ थे। राजपूत समाज के हर घर में उनकी कहानियां और वीर रस की गाथा को आज भी जोशीले अंदाज से गाया जाता है। श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अभिषेक सिंह ने कहा कि आज ही के दिन अस्सी साल की उम्र में उन्होंने अंग्रेजों को हराया था। महानायक वीर कुंवर सिंह हम सबों को कभी नहीं झुकने और अत्याचारियों के खिलाफ अंतिम सांस तक लडते रहने की प्रेरणा देते हैं। आज भी समाज में तानाशाही बहुत तेजी से बढा है। फिर से दिल्ली पर अंग्रेजों को आदर्श मानने वाला तानशाह बैठा है। आज फिर से जरूरत है बाबू वीर कुंवर सिंह से प्रेरणा लेकर तानाशाह के खिलाफ लडने की। आशुतोष विनायक ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उज्जैन वंशी होने के नाते मुझे उन पर गर्व है और उनसे आज भी ताकत मिलती है। जिस तरीके से 80 की उम्र में महायोद्धा ने अंग्रेजों से लडाई लडी ये सभी लोगों को युगों-युगों तक प्रेरित करता रहेगा। वीर कुंवर सिंह शिवपुर घाट से गंगा पार कर रहे थे कि डगलस की सेना ने उन्हें घेर लिया। बीच गंगा में उनकी बांह में गोली लगी थी। गोली का जहर पूरे शरीर में फैल सकता था। इसे देखते हुए वीर कुंवर सिंह ने अपनी तलवार उठाई और अपना एक हाथ काटकर गंगा नदी में फेंक दिया। अंतिम लडाई में भी उनकी जीत हुई। श्रद्धांजलि देने वालों में सूरज प्रताप सिंह, बिशु सिंह, रोहित सिंह, विकास सिंह, प्रशांत सिंह, ललित सिंह साथ ही दर्जनों राजपूत समाज के लोग थे।..

वीर कुंवर सिंह की जयंती मनायी गयी

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के जिला कार्यालय में स्वतंत्रता सेनानी वीर कुंवर सिंह की जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने की। वीर कुंवर सिंह की तस्वीर पर फूलमाला चढ़ाकर कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। मौके पर मोर्चा अध्यक्ष ने कहा कि वीर कुंवर सिंह सिपाही विद्रोह के क्रांति दूध था। वे एक महान योद्धा होने के साथ-साथ पराक्रमी और लौह पुरुष थे। 80 साल की उम्र में भी उन्होंने तलवार उठाई और अंग्रेजों के दांत खट्टे कर दिए। वीर कुंवर सिंह में देश भक्ति की भावना कूट-कूट कर भरी हुई थी। उनका नाम सुनते ही अंग्रेज कांप जाते थे। आज देश में आतंकवाद और उग्रवाद हावी है। देश कई समस्याओं से जूझ रहा है। ऐसी स्थिति में वीर कुंवर सिंह की प्रासंगिकता बढ गयी है। राधा मोहन सिंह ने वीर कुंवर सिंह के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह वीरता और आदर्श के प्रेरणा स्रोत हैं। इस अवसर पर प्रज्ञा सिंह, संजय कुमार सिंह, प्रदुमन तिवारी, प्रमोद राम, रमेश राम, शिवशंकर राम, प्रवीण कुमार, अनिल राम, प्रेम कुमार, जीतू राम, धनंजय कुमार, विकास कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

भाजपा प्रत्याशी बी राम ने किया शहर भ्रमण

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। पलामू लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी बी राम ने शहर भ्रमण करते हुए मुख्य बाजार में सभी दुकानदारों एवं व्यवसाईयों को नामांकन में आने का आमंत्रण दिया है। भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने बताया कि नामांकन आमसभा रैली में शामिल होने के लिए केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह बीजेपी झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी एवं अन्य नेता मेदिनीनगर में हेलीकॉप्टर से पहुंच रहे हैं शिवाजी मैदान में आम सभा आमसभा का कार्यक्रम 11 बजे से शुरू हो जाएगा ।

स्वर्ण पदक विजेताओं को मिला प्रशस्ति पत्र एवं चेक

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। एमकेडीएवी. पब्लिक स्कूल में स्वर्ण पदक विजेता चार छात्रों को स्वर्ण पदक प्रशस्ति पत्र एवं 5100-5100 रुपए के चेक दिये गये। विद्यालय परिसर में आयोजितम कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य सह डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डॉ. जीएन खान ने शिक्षकों और उनके अभिभावकों की उपस्थिति में छात्रों को प्रशस्ति पत्र व चेक प्रदान किया। इस विद्यालय की बारहवीं कक्षा की छात्रा रिया कुमारी, प्रिया कुमारी, छात्र आर्यन कुमार एवं आदर्श कुमार ने एमकेडीएवी नेशनल स्पोर्ट्स-2023 में भारोतोलन में स्वर्ण पदक प्राप्त किया था। इन छात्रों को महात्मा हंसराज जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में 20 अप्रैल को डीएवी. थर्मल कॉलोनी पानीपत हरियाणा में यह सम्मान प्राप्त हुआ था। इनके साथ विद्यालय के शारीरिक शिक्षक राजीव कुमार मिश्रा भी हरियाणा गए थे। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. जीएन खान ने कहा कि पलामू जैसे क्षेत्र से राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीतना बहुत ब?ी बात है। हमारे छात्रों ने बता दिया कि कोशिश करने से ब? से ब? लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस विद्यालय के छात्र राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। खेलकूद में भी सम्मानित स्थान प्राप्त करते हैं। हम विषयों के अध्ययन के साथ-साथ खेलकूद पर भी उचित ध्यान देते हैं, जिसके कारण ऐसे परिणाम आते हैं। खेलकूद हेतु अतिरिक्त समय, विशेष सुविधा एवं अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित यह विद्यालय अपने श्रेष्ठ शिक्षकों की निगरानी में छात्रों को उचित प्रशिक्षण प्रदान करता है। प्राचार्य ने कहा कि डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स एसजीएफआई द्वारा मान्यता प्राप्त है, जिससे छात्रों को बेहतर भविष्य निर्माण में उचित भारांक की प्राप्ति होगी। उन्होंने सभी छात्रों, उनके माता-पिता को बधाई देते हुए शुभकामना प्रदान की तथा विद्यालय के खेल शिक्षकों को भी धन्यवाद दिया। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक आलोक कुमार, सीएस. पांडे, नीरज कुमार श्रीवास्तव, एके.पांडे, अंजनी कुमार भारद्वाज, विक्रम रॉय एवं कन्हैया राय उपस्थित थे।.

एन डी ए का बैठक सम्पन्न

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय में सांसद प्रत्याशी बी डी राम के अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुआ। बैठक में आजसू पार्टी के नेतृत्वकारी साथियो व जदयु के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार दुबे मौजूद थे। आजसू पार्टी के लोकसभा प्रभारी सतीश कुमार ने कहा कि हम सब मिलकर एन डी ए प्रत्याशी बी डी राम को कीर्तिमान मतों से जिताने मे कोई कसर नहीं छोडेंगे। कल 24 अप्रैल को नामांकन में पलामू गढवा जिला से काफी संख्या में हमारे कार्यकर्ता शिवाजी मैदान मेदिनीनगर में शामिल होंगे। आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव बिकेश शुक्ला बबलू गुप्ता बिजय मेहता तुलसी शुक्ला व भाजपा के जिलाध्यक्ष अमित तिवारी आशिष सिन्हा धर्मदेव यादव व जदयु के जिलाध्यक्ष मनोज दुबे मौजूद थे। सासंद प्रत्याशी बिष्णु दयाल राम ने कहा कि हम मिलजुल कर चुनाव लड कर राष्ट्र के निर्माण में अपना भुमिका दर्ज करायेगें।.

सडक जाम करने वालों पर आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज

धुरकी (उज्ज्वल दुनिया)। घघरी डीहवार बाबा स्थान में हुई दुर्घटना के बाद सडक जाम करने के मामले में पुलिस ने 12 नामजद और करीब 150 अज्ञात लोगों के विरुद्ध आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज किया है। इन लोगो पर धारा 144 का उलंघन करने, नाजायज मजमा लगाकर आम नागरिकों का आवागमन बाधित करते हुए सरकारी कार्य में बाधा डालने, भीड को भडकाने एवं अभद्र व्यवहार करने के का आरोप लगाया गया है। नामजद आरोपियों में सगमा गांव के दिलीप यादव, चैनपुर निवासी दिनेश ठाकुर, अमरेश यादव, मकरी गांव निवासी धर्मजीत यादव, बब्लू बैठा, बिनेश विश्वकर्मा, घघरी गांव निवासी कामेश्वर राम, पुतुर गांव निवासी बुलू यादव, घघरी निवासी हीराचंद यादव, महेंद्र बैठा, कटहर कला गांव निवासी सुनील ठाकुर, दूसैया गांव निवासी अभय चैबे के

नाम शामिल हैं।

मालूम हो कि धुरकी थाना क्षेत्र के सगमा प्रखंड के पुतुर गांव निवासी चन्द्रिका यादव के 30वर्षीय पुत्र राकेश कुमार यादव का सोमवार की सुबह धुरकी-बिलासपुर मुख्य पथ पर घघरी डीहवार बाबा स्थान के पास हुए ट्रैक्टर और मोटरसाइकिल दुर्घटना में मौत हो गयी। घटना को लेकर परिजनों एव ग्रामीणों ने करीब सात घंटे तक शव के साथ स?क को जाम कर रखा था। साथ ही घटनास्थल पर पहुंचे इंस्पेक्टर और थाना प्रभारी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की थी।..

प्रफुल निर्विरोध जीते बिस्कोमान का चुनाव

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। बिस्कोमान (बिहार-झारखंड) की विशेष आम सभा का निदेशक पार्षद के प्रतिनिधि निर्वाचन के लिए सोमवार को नामांकन पर्चा दाखिल किया गया। डालटनगंज सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक परिसर स्थित बिस्कोमान भवन में बिस्कोमान के जिला मतदान पदाधिकारी सह निर्वाचन प्रभारी विवेक कुमार सिंह के समझ प्रफुल कुमार सिंह ने नामांकन पर्चा दाखिल किया। प्रफुल के खिलाफ किसी ने नामांकन नहीं भरा इसलिए उन्हें निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। प्रफुल हुसैनाबाद के पिपरा प्रखंड के मूल निवासी हैं। वर्तमान में प्रफुल भूमि विकास बैंक (बिहार-झारखंड), बिहार स्टेट हाउसिंग को-ऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड (बिहार-झारखंड) में निदेशक पद पर कार्यरत हैं। वे बिस्कोमान के साथ साथ झारखंड स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक में भी पलामू का प्रतिनिधित्व

कर रहे हैं।

चुनाव जीतने के बाद प्रफुल ने झारखंड सरकार से मांग की कि यूरिया, दलहन, तिलहन आदि की खरीद के लिए बिस्कोमान को आधिकारिक रूप से स्टेट नोडल एजेंसी घोषित किया जाए ताकि किसानों को यूरिया की कमी का सामना न करना पडे। साथ ही लाभकारी मूल्य पर उन्हें खाद मिल सके। उन्होंने आश्वासन दिया कि किसानों के लिए यूरिया की कोई कमी नहीं होगी। किसानों से यूरिया के लिए एक रुपया भी अतिरिक्त नहीं लिया जायेगा। यूरिया बिक्री का रजिस्टर में पूरा विवरण दर्ज करना होगा। यूरिया बिक्री केंद्र पर पर्यवेक्षक द्वारा लगातार निरीक्षण कराया जायेगा। स्टॉक रजिस्टर, बिक्री रजिस्टर, प्वाइंट ऑफ सेल (पीओएस) मशीन होनी चाहिए। बिस्कोमान केंद्र स्टॉक बोर्ड पर रेट अंकित होना चाहिए।

प्रफुल ने बताया कि यूरिया का रेट 265 रुपये प्रति बैग है। इससे अधिक पर नहीं बेचा जायेगा। आधार कार्ड लेकर बिक्री केंद्र पर पहुंचने वाले किसान को पीओएस मशीन पर बायोमेट्रिक करानी होगी। बायोमेट्रिक यूडीआइ से वेरीफाई होगा। प्रफुल अविभाजित बिहार के सहकारी नेता और पूर्व मंत्री स्वर्गीय अवधेश कुमार सिंह के बेटे हैं। अवधेश कुमार सिंह एक प्रमुख सहकारी नेता थे, जिन्होंने अपने कॉलेज के दिनों से ही अविभाजित बिहार के पलामू जिले के दूरदराज के इलाकों में सहकारी आंदोलन का नेतृत्व किया था। अपनी साधारण साइकिल पर ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा करते समय वह हमेशा किसानों को सहकारी समितियों में संगठित होने के लिए प्रोत्साहित करते थे और उनके जीवन को बदलने में सहकारी मॉडल की श्रेष्ठता पर जोर देते थे। वे 1970 में जिला सहकारिता बैंक के सचिव बने। बाद में 1972 में विधायक और सहकारी बैंक के निदेशक बने। 1977 से 1989 तक सहकारी बैंक, बिस्कोमान, भूमि विकास बैंक और हाउसिंग बोर्ड के निदेशक थे। वह 1995-2000 तक बिहार के सहकारिता मंत्री थे।.

पलामू सीट पर जीत के लिए इंडिया गठबंधन पूरी तरह तैयार

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। पक्ष और विपक्ष सभी पूर्ण रूप से कमर कसकर जनता को अपने पक्ष में गोलबंद करने में व्यस्त हो गये है। निश्चित रूप से यह एक बडा चुनाव है। गांव से लेकर शहर और देश स्तर तक की प्रमुख समस्याओं के निदान हेतू चुने हुए सांसद संसद भवन में प्रत्यनशील रहते हैं। भले ही झारखंड की राजधानी रांची हो, परंतु राजनीतिक राजधानी पलामू को कहना कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। ऐसे में चुनाव में पलामू का राजनीतिक तापमान भी बढ चुका है। भाजपा ने एक ओर जहां बीते 10 वर्षों से सांसद रहे विष्णु दयाल राम को तीसरी बार टिकट दिया है, वहीं इंडिया गठबंधन ने राजद की ममता भुइयां को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। चुनाव मैदान में पक्ष और विपक्ष दोनों में राजनीतिक सरगरमी तेज हो चुकी है। जहां भाजपा बडे-बडे वायदे करके लोगों के विश्वास पर खरी नहीं उतरी। वही ठीक इसके विपरीत अपनी पार्टी के सिद्धांत, जनमानस के बेहतर कायाकल्प के लिए इंडिया गठबंधन की तैयारी इस लोकसभा के लिए शानदार है। इंडिया गठबंधन के मजबूत और दमदार सहयोगी झामुमो के पलामू जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा' ने मजबूत तैयारी के साथ विपक्ष पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सांसद का पद एक गरिमा पूर्ण और विभिन्न उत्तरदायित्व को बेहतर रूप से निभाने का पद है, परंतु बीते दो कार्यकाल में अर्थात 10 साल सांसद रहने के बावजूद बीडी राम जी कार्यकाल आम

जनमानस की सोच के बिल्कुल विपरीत रहा है। दूसरे शब्दों में हम यह कहें कि जनता की उम्मीद, उनके बेहतरी, बडी समस्याओं को सुलझाने के दायित्व से परे इनकी उपलब्धि जीरो है। गंभीर समस्याओं से पलामू को निजात दिलाना, जिले में शैक्षणिक गतिविधियों को बेहतर बनाना, कल कारखाना की स्थापना सहित पलामू के विकास के लिए इन्होंने कोई पहल की ही नहीं। वही ठीक इसके विपरीत अपनी पार्टी के सिद्धांत, जनमानस के बेहतर कायाकल्प के लिए इंडिया गठबंधन की तैयारी इस लोकसभा के लिए शानदार है। इंडिया गठबंधन के मजबूत और दमदार सहयोगी झामुमो के पलामू जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा' ने मजबूत तैयारी के साथ विपक्ष पर हमला बोला है। इंडिया गठबंधन के एक और मजबूत सहयोगी कांग्रेस के पलामू जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक' ने भी आगामी लोकसभा चुनाव में ममता भुईयां के पक्ष में लोगों को गोलबंद करने का फैसला कर लिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा जिस प्रकार देश में सांप्रदायिकता, धर्म, जाति के आधार पर लोगों में द्वेष फैला रही है इसका जवाब पलामू की जनता आगामी चुनाव में ममता भुईयां को जिताकर देगी। निश्चित रूप से कांग्रेस और घटक दलों के सभी सहयोगी नेता और एक-एक कार्यकर्ता ममता भुईयां के प्रचार-प्रसार में पूरी तरह कमर कस कर तैयार हैं। हमें पूरा विश्वास है कि जनता के बेहतर कायाकल्प के लिए लोगों ने आत्मविश्वास के साथ बदलाव का मन बना लिया है। इसका परिणाम निश्चित रूप से देश, जिला सहित हम सभी के लिए हितकर सिद्ध होगा। सांसद बीडी राम अपने सांसदी के कार्यकाल में पलामू की आवा को दमदार तरीके से कभी संसद में उठाया ही नहीं। इस चुनाव में हम सभी इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी ममता भुईयां को जिताने का कार्य करेगें और इसके लिए कांग्रेस का एक एक कार्यकर्ता पूरी तन्मयता के साथ तत्पर है।

संपादकीय

सम्पादकीयः चुनाव में युवाओं की भागीदारीः एक समाजिक और राजनीतिक जिम्मेदारी

लोकसभा 2024 के चुनाव का आगाज हो चुका है और पहले चरण की वोटिंग के बाद, देश ने एक बार फिर से लोकतंत्र के महापर्व की ओर कदम बढ़ाया है। इस चरण में कुछ सीटों पर कम वोटिंग की रिपोर्टिंग हुई है, जो राजनीतिक दलों को चिंतित कर रही है। हालांकि, इस अध्याय की वास्तविकता यह है कि युवाओं का दिलचस्पी और सक्रिय भागीदारी लोकतंत्र के आधार में कम हो रही है।

चुनावी ऊर्जा की तुलना में युवाओं की वोटिंग की कमी ने कई सवालों को उठाया है। जो लोग सोशल मीडिया पर सक्रिय हैं, वे अक्सर राजनीतिक विवादों में भाग लेते हैं, लेकिन असल जीवन में उनकी भागीदारी कम होती है। यह स्पष्ट रूप से दिखाता है कि युवा चुनावों को मानते हैं, लेकिन उन्हें उनके महत्व का अभिप्राय नहीं होता।

युवाओं को चुनाव में अपनी भागीदारी की महत्वता को समझना चाहिए

युवाओं को चुनाव में अपनी भागीदारी की महत्वता को समझना चाहिए। उनका वोट एक महत्वपूर्ण सामाजिक और राजनीतिक जिम्मेदारी है। यह समय है जब वे अपनी आवाज को सुनाने का अधिकार अपनाएं और देश के भविष्य के लिए अच्छे नेतृत्व का समर्थन करें।

युवा नागरिकों को समझना होगा कि वोट डालने से वे न केवल अपने अधिकारों का प्रयोग कर रहे हैं, बल्कि उनका वोट एक नेता या दल को विजयी बनाकर उनकी भविष्यवाणियों को प्रभावित भी करता है। युवा आदमी और महिलाएं निरंतरता, विश्वास और सकारात्मकता के साथ समाज में अधिकतम अद्यतन और उत्साह पैदा कर सकते हैं।

इसलिए, हम सभी को युवाओं को जागरूक करने का काम करना चाहिए। हमें युवाओं को लोकतंत्र की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में शिक्षित करना चाहिए और उन्हें वोटिंग के महत्व को समझाना चाहिए। यह हमारी सामाजिक और राजनीतिक जिम्मेदारी है जो हमें सभी को साझा करनी चाहिए।

यहाँ तक कि हमारे बड़े-बुजुर्ग भाई-बहनों को भी युवाओं को वोट डालने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। उन्हें समझाया जाना चाहिए कि युवा वोट देकर ही अपने अधिकारों का प्रयोग कर रहे हैं, और इससे उनके विचार और मत की अहमियत बढ़ती है।

यह समय है कि हम सभी मिलकर युवाओं को राजनीतिक और सामाजिक जिम्मेदारी की ओर आगे बढ़ाएं। उन्हें इस देश के भविष्य के लिए उत्साहित करें और उन्हें समझाएं कि उनका वोट एक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह हमारी और उनकी संवैधानिक जिम्मेदारी है और हमें इसे गंभीरता से लेना चाहिए।

ये पब्लिक है सब जानती है ,भ्रष्टाचार पर घिरी भाजपा :डेमेज कंट्रोल के लिए रामजी का ही सहारा

किसान आंदोलन, मंहगाई और बेरोजगारी जैसे मुददों के बाद अब इलेक्टोरल बांड और भ्रष्टाचार का मसला भारतीय जनता पार्टी पर भारी पड़ता नजर आ रहा है। चुनाव से पहले दिगर दलों के कई ऐसे नेताओं ने भाजपा का दामन थाम लिया है जिन पर भ्रष्टाचार के आरोप हैं। ऐसे में पार्टी नेताओं को जनता के सामने जवाब देना मुश्किल हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भ्रष्टाचार को हथियार बनाकर विपक्ष को आड़े हाथों लिया था अब भाजपा में ही भ्रष्टाचारियों की फौज खड़ी हो गई है लिहाजा ये मुददा उलटा पड़ता दिख रहा है। इसी तरह गैरभाजपाई नेताओं के यहां ईडी के छापे पर छापे पड़ रह थे लेकिन भाजपा में शामिल होने के बाद ईडी भी सुस्त पड़ जाती है। भ्रष्टाचार के खिलाफ सीना ठोकने वाली भाजपा के अतीत में तो तत्कालीन अध्यक्ष बंगारू लक्ष्मण का मामला ताजा हो जाता है। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व अध्यक्ष बंगारू लक्ष्मण को सन 2001 तहलका स्टिंग मामले में भ्रष्टाचार रोकथाम अधिनियम के तहत दोषी पाया गया था। यह मामला कथित हथियार सौदे से संबंधित था। उन्हें चार साल की जेल की सजा सुनाई गई थी। इसके अलावा जिन राज्यों में भाजपा की सरकार थी या है वहां हजारों करोड़ के घोटाले मय सबूत सामने आ चुके हैं लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। कुल मिलाकर, भाजपा के पास रामजी के नाम के अलावा कुछ ऐसा नहीं दिख रहा जो 400 पार के नारे को हकीकत में बदल सके।

आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह भी आरोप लगा चुके हैं कि चुनावी बॉन्ड के नाम पर घोटाला किया गया है। घाटे वाली कंपनियों ने बीजेपी को सबसे ज्यादा चुनावी चंदा दिया है। इलेक्टोरल बांड के जरिए भाजपा ने 60 अरब से ज्यादा इनकैश किए हैं। संजय सिंह ने कहा था कि 33 कंपनियों को एक लाख करोड़ का घाटा हुआ है लेकिन 450 करोड़ रुपये का चंदा बीजेपी को दिया है। वहीं, एक कंपनी अपने मुनाफे का 93 गुना चंदा दिया। 6 कंपनियों ने बीजेपी को 600 करोड़ का चंदा दिया। 17 कंपनियों ने 0 टैक्स दिया है। 6 कंपनियों ने 600 करोड़ दिए। 1 कंपनी ने अपने मुनाफे से तीन गुना ज्यादा चंदा दिया। 3 कंपनियों ने जीरो टैक्स भरा और करोड़ों का चुनावी दिया। एयरटेल ने 200 करोड़ का चंदा दिया। उसे 77 करोड़ का घाटा हुआ और 8000 करोड़ की टैक्स में छूट मिली। वहीं, 130 करोड़ के घाटे वाली कंपनी को 20 करोड़ की टैक्स में छूट मिली और उसने 25 करोड़ का चंदा बीजेपी को दिया। उन्होंने कहा कि एक कंपनी है धारीवाल, इसने 115 करोड़ का बॉन्ड खरीदा। भाजपा को 25 करोड़ दिए. कंपनी को 299 करोड़ का घाटा हुआ। एक कंपनी ने जीरो टैक्स दिया। 20 करोड़ का बॉन्ड खरीदा, 10 करोड़ बीजेपी को दिए इस कंपनी को 1550 करोड़ का घाटा हुआ था। इसे 4.7 करोड़ टैक्स में छूट मिली। वहीं, शरद रेड्डी की कंपनी ने 15 करोड़ का बॉन्ड खरीदा और बीजेपी को करोड़ों दिए, इस कंपनी को 7 सालों में 28 करोड़ का घाटा हुआ और 7 करोड़ 20 लाख टैक्स छूट मिली।

आम आदमी पार्टी के अलावा विपक्षी पार्टियों का आरोप है कि पिछले 9 साल में ईडी और सीबीआई ने बीजेपी के नेताओं के यहां कोई कार्रवाई नहीं की जबकि कई नेताओं पर पहले केस दर्ज हैं। कुछेक नेताओं पर पहले सीबीआई और ईडी का एक्शन हुआ, लेकिन जैसे ही नेता बीजेपी में शामिल हुए उन पर कार्रवाई रोक दी गई। विपक्ष का आरोप है कि जिन राज्यों में बीजेपी कमजोर है, वहां पर ईडी-सीबीआई और आईटी को एक्टिव किया जाता है। फिर कई नेताओं को डराया जाता है. डर से जो बीजेपी में जाने को तैयार हो जाते हैं, उन पर कार्रवाई नहीं होती है।

बतौर उदाहरण, कांग्रेस की तरुण गोगोई सरकार में मंत्री रहे हिमंत बिस्वा शर्मा पर शारदा चिटफंड घोटाले में सीबीआई ने आरोपी बनाया था। सरमा पर आरोप था कि शारदा ग्रुप के डायरेक्टर सुदीप्त सेन से 20 लाख रुपए हर महीने लिए, जिससे ग्रुप का कामकाज बेहतर तरीके से चल सके। सरमा से अंतिम बार सीबीआई ने 27 नवंबर 2014 को पूछताछ की थी। अगस्त 2015 में हिमंत भाजपा में शामिल हो गए। इसके बाद सीबीआई ने हिमंत की फाइल बंद कर दी, हिमंत अभी असम के मुख्यमंत्री हैं। पश्चिम बंगाल की ममता सरकार में मंत्री रहे शुभेंदु अधिकारी से सीबीआई ने शारदा घोटाले में पूछताछ शुरू की थी। उन पर आरोप था कि शारदा ग्रुप के डायरेक्टर सुदीप्त सेन से फेवर लिया था। शुभेंदु पर बाद में नारदा स्टिंग ऑपरेशन में भी पैसा लेने का आरोप लगा, जिसकी जांच ईडी ने शुरू की। तृणमूल कांग्रेस का आरोप है कि शुभेंदु जब टीएमसी में थे, तब जांच एजेंसी उन्हें परेशान कर रही थी, लेकिन जैसे ही बीजेपी में गए तो सारे मामले में उन्हें क्लिन चिट मिलने लगी। 2022 में बंगाल पुलिस ने शुभेंदु के खिलाफ शारदा घोटाले में जांच शुरू की। शुभेंदु वर्तमान में बंगाल विधानसभा में बीजेपी विधायक दल के नेता हैं। पश्चिम बंगाल- आसनसोल के नेता जितेंद्र तिवारी ने वर्ष 2021 में तृणमूल छोड़ बीजेपी का दामन थाम लिया था।

उस वक्त मोदी सरकार में मंत्री रहे बाबुल सुप्रीयो ने इसका खुलकर विरोध किया था। कोयला तस्करी के आरोप में घिरे तिवारी के भाजपा में जाने के बाद सीबीआई ने कोई कार्रवाई नहीं की। महाराष्ट्र में शिवसेना उद्धव गुट का आरोप है कि नारायण राणे को भी बीजेपी ने वाशिंग मशीन में डालकर पाक-साफ कर दिया है। राणे अभी मोदी कैबिनेट में मंत्री हैं। बीजेपी नेता किरीट सोमैया ने उन पर आदर्श सोसायटी मामले में हेरफेर का आरोप लगाया था। साल 2012 में सोमैया ने सीबीआई को 1300 पन्नों का एक दस्तावेज भी सौंपा था। साल 2017 में किरीट सोमैया ने ईडी को पत्र लिखकर नारायण राणे की संपत्ति जांच करने की मांग की थी। सन 2019 में नारायण राणे बीजेपी में शामिल हो गए और उन्हें केंद्र में मंत्री बनाया गया। शिवसेना उद्धव गुट का आरोप है कि राणे को लेकर सीबीआई और ईडी ने जांच रोक दी है।

राजनीति जब-जब लड़खड़ाती है, साहित्य उसे ताकत देता है

नीरज कृष्ण

1908 में जन्मे मृदुभाषी इंसान और विद्रोही कवि को क्यों याद करना चाहिए? वैसे भी जिन्हें विद्रोही होना था वे तो कब के मौन हो चुके हैं

देखने में देवता सदृश्य लगता है, बंद कमरे में बैठ कर गलत हुक्म लिखता है, जिस पापी को गुण नहीं गोत्र प्यारा हो, समझो उसी ने हमें मारा है @दिनकर

आज राष्ट्रकवि दिनकर जी की 50 वीं पुण्यतिथि है। प्रश्न उठता है कि आज हम राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर जी को क्यों याद करें? उनके जिन्दगीनामे से हमारा क्या लेना-देना? 2024 वाली आक्रामक और चापलूसी पसंद पीढ़ी को 1908 में जन्मे मृदुभाषी इंसान और विद्रोही कवि को क्यों याद करना चाहिए? वैसे भी जिन्हें विद्रोही होना था वे तो कब के मौन हो चुके हैं। और जिनके मौन रहने में ही देश का भला था, उनके हाथ में सोशल मीडिया नाम की डराने वाली तलवार है। मुद्दों का खून हो जाने और वाहियात बातों के मुद्दा बन जाने के इस दौर में दिनकर का भला क्या काम?

दिनकर जिसने अपने मौजूदा दौर पर इतना कुछ लिख दिया उन पर क्या लिखना? 23 सितंबर, 1908 को बिहार की मिट्टी से निकल एक सूरज, जो पूरे हिन्दी साहित्य में अपनी क्रांतिकारी और श्रेष्ठ वीर रस की कविताओं के लिए जाना जाता है, जिसकी अद्भुत शैली में लिखे गए काव्य-ग्रंथ हिन्दी साहित्य के लिए वह अमूल्य ऋण है, जिससे वह कभी उऋण नहीं होना चाहेगा। लाल किले पर कवि सम्मेलन हो रहा था, तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित नेहरू मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे थे और भारत के राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर भी कविता पाठ के लिए आए हुए थे। मंच पूरी तरह तैयार था, पंडित नेहरू और दिनकर मंच की सीढ़ीयों पर चढ़ रहे थे। इतने में एकाएक पीएम नेहरू का पांव डगमगा गया और दिनकर ने उनका हांथ पकड़कर उन्हें संभाल लिया।

इसके बाद उन्होंने दिनकर से कहा झ धन्यवाद दिनकर जी आपने मुझे संभाल लिया...इसके जवाब में दिनकर ने जो कहा, वो एक इतिहास बन गया। रामधारी सिंह दिनकर ने कहा कि इसमें धन्यवाद की कोई बात नहीं है नेहरू जी...राजनीति जब-जब लड़खड़ाती है, साहित्य उसे ताकत देता है। साहित्य का धर्म है कि वह समाज को सही दिशा में ले जाए। यह पंक्ति हमेशा याद दिलाती है कि साहित्य समाज का हृदय है और साहित्य के बिना हम किसी सभी राष्ट्र या समाज की कल्पना नहीं कर सकते हैं।

लोकदेव नेहरू में दिनकर लिखते हैं- राजनीति की परिभाषा आसान नहीं है। राजनीति युद्ध भी है और शान्ति भी, हिंसा भी है और अहिंसा भी, सिधाई भी है और छल-प्रपंच भी। युद्ध राजनीति की उस अवस्था को कहते हैं, जब वह लोहू से लाल हो उठती है।

दिनकर आगे लिखते हैं- प्रजातंत्र और तानाशाही के बीच एक विभाजक रेखा जरूर है। मगर उस रेखा पर पाँव रखने की विवशता या लोभ सभी राजनीतिज्ञों को होता है। तानाशाह इस रेखा को इसलिए लाँघता है कि जिस आदमी की वह गरदन पकड़े हुए है, उसके हृदय को भी वह जरा गुदगुदाना चाहता है। और प्रजातंत्री नेता इस रेखा पर इसलिए पाँव धरता है कि जिनके वोटों के बल पर वह राजा बना है, उन्हें अपनी इच्छित दिशा की ओर थोड़ा मोड़ सके।

राजनीति जहाँ कोमल होती है, वहाँ उसे प्रजातंत्र कहते हैं। जहाँ वह कठोर होती है, वहाँ वह तानाशाही समझी जाती है। मगर ऐसा नहीं है कि जहाँ प्रजातंत्र है, वहाँ तानाशाही की कोई भी प्रवृत्ति नहीं चलती



हो। राजनीतिक नेताओं की यह आदत होती है कि सभा के मंचों से वे चाणक्य और मैकियावेली की निंदा करते हैं, मगर जब वे दफ्तर की मेज पर होते हैं, चाणक्य और मैकियावेली का थोड़ा अभ्यास किए बिना उनका काम नहीं चलता। पंडित जी इस नियम के अपवाद थे।

साहित्य हमेशा राजनीति से घनिष्ठ रूप से जुड़ा रहा है, जो सामाजिक वास्तविकताओं के प्रतिबिंब और परिवर्तन के उत्प्रेरक दोनों के रूप में कार्य करता है। होमर के प्राचीन महाकाव्यों से लेकर ऑरवेल के डायस्टोपियन दर्शन तक, लेखकों ने अपनी कलम को तलवार की तरह इस्तेमाल किया है, यथास्थिति को चुनौती दी है और वैकल्पिक भविष्य की कल्पना की है। कहानी कहने की शक्ति के माध्यम से, साहित्य में सीमाओं को पार करने की क्षमता होती है, जो सार्वभौमिक सत्य से बात करता है जो हमें एक प्रजाति के रूप में एक साथ बांधता है।

सबसे शक्तिशाली तरीकों में से एक, जिसमें साहित्य राजनीति को प्रभावित करता है, वह है सहानुभूति और समझ को बढ़ावा देने की क्षमता। उपन्यास, कविताएँ और नाटक पाठकों को विविध पृष्ठभूमि के पात्रों के जीवन में आमंत्रित करते हैं, जिससे उन्हें दूसरे के स्थान पर चलने और दुनिया को विभिन्न लेंसों से देखने की अनुमति मिलती है। ऐसा करने में, साहित्य हमारी सहानुभूति की क्षमता का विस्तार करता है, पूर्वाग्रह की बाधाओं को तोड़ता है और संवाद और मेल-मिलाप का द्वार खोलता है।

साहित्य राजनीति के गंदे पानी में एक नैतिक दिशासूचक के रूप में भी कार्य करता है,जो हमें उन सिद्धांतों और मूल्यों की याद दिलाता है जो हमारे कार्यों का मार्गदर्शन करना चाहिए। चाहे रूपक, व्यंग्य या रूपक के माध्यम से, लेखक समाज को एक दर्पण दिखाते हैं, हमें असुविधाजनक सच्चाइयों का सामना करने और हमारी पसंद के परिणामों पर विचार करने के लिए मजबूर करते हैं। उदाहरण के लिए, जॉर्ज ऑरवेल के ह्लएनिमल फार्मह्व में, खेत के जानवरों द्वारा अपने मानव उत्पीड़कों को उखाड़ फेंकने की प्रतीकात्मक कहानी सत्ता के भ्रष्ट प्रभाव के बारे में एक सतर्क कहानी के रूप में कार्य करती है। कल्पना के लेंस के माध्यम से, ऑरवेल पाखंड और अत्याचार को उजागर करता है जो भटकी हुई क्रांतियों से उत्पन्न हो सकता है, और पाठकों से स्वतंत्रता और लोकतंत्र की रक्षा में सतर्क रहने का आग्रह करता है।

साहित्य, अपने असंख्य रूपों में - कविता और गद्य से लेकर नाटक और निबंध तक - इस आदान-प्रदान के लिए एक माध्यम के रूप में कार्य करता है, अक्सर हाशिए पर या खामोश कर दी गई आवाजों के लिए एक मंच प्रदान करता है। साहित्य के माध्यम से, व्यक्ति सत्ता को चुनौती दे सकते हैं, सामाजिक मानदंडों पर सवाल उठा सकते हैं और बदलाव की वकालत कर सकते हैं, जिससे लोकतांत्रिक चर्चा को बल मिलता है।

साहित्य एक दर्पण के रूप में कार्य करता है जो समाज की बहुमुखी वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करता है, जिसमें उसकी जीत, संघर्ष और विरोधाभास भी शामिल हैं। नैतिक दुविधाओं, सामाजिक अन्याय और अस्तित्व संबंधी संकटों से जूझ रहे पात्रों को प्रस्तुत करके, साहित्य पाठकों को असुविधाजनक सच्चाइयों का सामना करने और वैकल्पिक संभावनाओं पर विचार करने के लिए मजबूर करता है। ऐसा करने से, यह सहानुभूति और समझ को बढ़ावा देता है, जो एक संपन्न लोकतंत्र के आवश्यक घटक हैं।

साहित्य सांस्कृतिक विरासत के भंडार के रूप में कार्य करता है, सामूहिक यादों और आख्यानों को संरक्षित करता है जो किसी राष्ट्र की पहचान को रेखांकित करते हैं। विविधता का जश्न मनाने और समावेशिता को बढ़ावा देकर, साहित्य नागरिकों के बीच अपनेपन और एकजुटता की भावना पैदा करता है, जो एक लोकतांत्रिक समाज की एकजुटता के लिए आवश्यक है। साहित्यिक कार्यों के माध्यम से, व्यक्ति अपनी साझा विरासत से जुड़ सकते हैं, मतभेदों के बीच बंधन बना सकते हैं और आपसी सम्मान और समझ पर आधारित सामूहिक भविष्य की कल्पना कर सकते हैं।

साहित्य में यथास्थिति को चुनौती देने और नेताओं को जवाबदेह ठहराने की शक्ति है। चाहे वह पत्रकारिता के माध्यम से हो जो भ्रष्टाचार को उजागर करती है, साहित्य के माध्यम से जो सामाजिक मानदंडों की आलोचना करता है, या राजनीतिक प्रवचन के माध्यम से जो बदलाव की मांग करता है, शब्दों में स्थापित व्यवस्था को बाधित करने और सत्ता में बैठे लोगों की वैधता पर सवाल उठाने की क्षमता होती है।

इसके अलावा, साहित्य में परिवर्तन के लिए अलग-अलग आवाजों को एकजुट कर एक एकजुट शक्ति बनाने की क्षमता होती है। बयानबाजी और अनुनय के कलात्मक उपयोग के माध्यम से, नेता और कार्यकर्ता समान रूप से अपने उद्देश्य के लिए समर्थन जुटा सकते हैं, आम नागरिकों को सत्ता को चुनौती देने और न्याय की मांग करने के लिए संगठित कर सकते हैं। एकजुटता बनाने और सामूहिक कार्रवाई को बढ़ावा देने की यह क्षमता उन शासकों के लिए सीधा खतरा पैदा करती है जो नियंत्रण बनाए रखने के लिए विभाजन और कलह पर भरोसा करते हैं।

साहित्य का प्रभाव पीढ़ियों तक बना रह सकता है, समाज की चेतना को आकार दे सकता है और इतिहास की दिशा को प्रभावित कर सकता है। स्वतंत्रता की घोषणा से लेकर मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा तक, लिखित साहित्य दुनिया भर में स्वतंत्रता और न्याय के मुद्दे को आगे बढ़ाने में सहायक रहा है।

प्राचीन तानाशाहों से लेकर आधुनिक तानाशाहों तक, दिमागों को प्रभावित करने, जनता को संगठित करने और सत्ता को चुनौती देने की भाषा की शक्ति सत्ता में बैठे लोगों के लिए बेचैनी का एक निरंतर स्रोत रही है। साहित्य में एक अद्वितीय क्षमता होती है जिसे कम कर-के नहीं आंका जा सकता। उनमें क्रांतियों को प्रेरित करने, शासन को उखाड़ फेंकने और सामाजिक परिवर्तन को प्रज्वलित करने की क्षमता है। पूरे इतिहास में, जिन नेताओं ने इस शक्ति को पहचाना, उन्होंने इसे नियंत्रित करने की कोशिश की है और सत्ता पर अपनी पकड़ बनाए रखने के लिए अक्सर सेंसरशिप, प्रचार और दमन का सहारा लिया है।

साहित्य से उत्पन्न कथित खतरे के जवाब में, शासकों ने अक्सर असहमति को दबाने और स्वतंत्र अभिव्यक्ति को दबाने के लिए चरम उपायों का सहारा लिया है। किताबों को जलाने और साहित्यकारों तथा पत्रकारों को कैद करने से लेकर राजनीतिक असंतुष्टों की हत्या तक, इतिहास ऐसे उदाहरणों से भरा पड़ा है कि सत्तावादी शासन ने विरोध को दबाने और नियंत्रण बनाए रखने के प्रयास में हिंसा और जबरदस्ती का सहारा लिया।

जैसा कि इतिहास ने बार-बार दिखाया है, मानवीय भावना अदम्य है, और स्वतंत्रता की तलाश को केवल बल से समाप्त नहीं किया जा सकता है। असहमति को दबाने के शासकों के सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद, शब्दों की शक्ति कायम है, सेंसरशिप से बचने और दुनिया भर के दर्शकों तक पहुंचने के लिए नए और अभिनव तरीके खोज रही है।

साहित्य का डर सत्ता को चुनौती देने, असहमति को संगठित करने और परिवर्तन को प्रेरित करने की उनकी अद्वितीय क्षमता की मान्यता से उत्पन्न होता है। ऐसी दुनिया में जहां विचार प्रगति की मुद्रा और स्वतंत्रता की युद्धभूमि हैं, शासक अपने जोखिम पर शब्दों की शक्ति को नजर-अंदाज करते हैं। जब तक मानवता स्वतंत्र अभिव्यक्ति के मूल्य को संजोती रहेगी, कलम तलवार से अधिक शक्तिशाली रहेगी और उत्पीड़ितों की आवाज दूर-दूर तक गूंजती रहेगी।

समाज में, साहित्य उस धागे की तरह खड़ा है जो अतीत, वर्तमान और भविष्य को एक साथ बांधता है। इसका महत्व महज मनोरंजन से कहीं अधिक है; यह लोकतंत्र की आधारशिला के रूप में कार्य करता है, आलोचनात्मक सोच, सहानुभूति और सामाजिक एकजुटता को बढ़ावा देता है। जैसे-जैसे हम साहित्य और लोकतंत्र के बीच जटिल संबंधों में गहराई से उतरते हैं, हम लोकतांत्रिक आदर्शों को आकार देने और बनाए रखने में साहित्य के गहरे प्रभाव को उजागर करते हैं।

ऐसे समय में, जब देश के अधिसंख्य लेखक राजनीतिक विचारों के आधार पर बुरी तरह विभाजित हैं, जब लेखन और भाषण भी अपने-अपने राजनीतिक खेमों की सुविधा को ध्यान में रखकर किए जा रहे हैं, जनता से जुड़े मुद्दों को उठाने में भी राजनीतिक दलों के नफे-नुकसान का गणित लगाया जा रहा है, यहां तक कि लोगों की जानों को भी जाति और धर्म के चश्मे से देखकर प्रतिक्रियाएं व्यक्त की जाने लगी हैं, राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर को याद करना न सिर्फ. समाज और राजनीति को नई दिशा देने के लिहाज से महत्वपूर्ण हो सकता है, बल्कि लेखकों को भी उनके दायित्व बोध का अहसास कराने में अहम साबित हो सकता है।

साहित्य लोकतंत्र की रीढ़ की हड्डी के रूप में कार्य करता है, सार्वजनिक चर्चा को समृद्ध करता है, नागरिक गुणों का पोषण करता है और एक स्वतंत्र और खुले समाज की नींव को मजबूत करता है। जैसे-जैसे हम 21वीं सदी की चुनौतियों से निपट रहे हैं, आइए हम अधिक न्यायपूर्ण, समावेशी और लोकतांत्रिक दुनिया को आकार देने में साहित्य की परिवर्तनकारी शक्ति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करें।

नमन : आधुनिक युग का श्रेष्ठ वीर रस कवि थे रामधारी सिंह दिनकर

अजय निराला

राष्ट्रकवि के नाम से जाने जाने वाले कवि रामधारी सिंह दिनकर जो हिंदी भाषा के एक प्रमुख लेखक, निबंधकार एवं कवि थे। जो भारत में महान कवियों की श्रेणी में आते है। आधुनिक युग का श्रेष्ठ वीर रास कवि के रूप में स्थापित किया गया है। रामधारी सिंह दिनकर का जन्म 23 सितम्बर 1908 को बिहार के बेगूसराय जिले के सिमरिया गांव में हुआ था इनके पिता का नाम रवि सिंह तथा माता का नाम मनरूप देवी थी। जब ये दो साल के थे तो इनके पिता इस दुनिया से गुजर गए थे ' संस्कृत के एक पंडित के पास अपनी प्रारंभिक शिक्षा प्रारंभ करते हुए दिनकर ने गांव के प्राथमिक विद्यालय से प्राथमिक शिक्षा प्राप्त की एवं निकटवर्ती बारो नामक ग्राम में राष्ट्रीय मिडिल स्कूल में प्रवेश प्राप्त किया। जो सरकारी शिक्षा व्यवस्था के विरोध में खोला गया था। हाई स्कूल की शिक्षा मोकामा घाट के एक स्थानीय विद्यालय जाने के लिए पैदल चल गंगा घाट जाना होता था, फिर गंगा के पार उतर कर पैदल चलना पड़ता था। इसी बीच इनका विवाह बिहार के समस्तीपुर जिले के टभका गांव में हुई थी तथा ये एक पुत्र के पिता भी बन चुके थे।एक छात्र के रूप में दिनकर को दिन-प्रतिदिन के मुद्दों से जूझना पड़ता था, जिनमें से कुछ उनके परिवार की आर्थिक परिस्थितियों से संबंधित थे। जब वह मोकामा हाई स्कूल के छात्र थे, तो उनके लिए शाम चार बजे स्कूल बंद होने तक रुकना संभव नहीं था। क्योंकि लंच ब्रेक के बाद उन्हें घर वापस स्टीमर पकड़ने के लिए क्लास छोड़नी पड़ती थी। जिस छात्र के पैरों में जूते नहीं हों, वह छात्रावास की फीस कैसे भरेगा? बाद में उनकी शायरी पर गरीबी का असर दिखा। यही वह माहौल था जिसमें दिनकर बड़े हुए और उग्र विचारों वाले राष्ट्रवादी कवि बने।एक लंबा आदमी, ऊंचाई 5 फीट 11 इंच , चमकदार सफेद रंग, लंबी ऊंची नाक, बड़े कान और चौड़े माथे के साथ, उनकी शक्ल ध्यान देने योग्य थी। 1928 में मैट्रिक के बाद दिनकर ने पटना विश्वविद्यालय से 1932 में इतिहास में बी. ए. ऑनर्स किया।उनके पसंदीदा विषय इतिहास, राजनीति और दर्शनशास्त्र थे। स्कूल में और बाद में कॉलेज में, उन्होंने हिंदी, संस्कृत , मैथिली , बंगाली , उर्दू और अंग्रेजी साहित्य का अध्ययन किया। दिनकर रवीन्द्रनाथ टैगोर , कीट्स और मिल्टन से बहुत प्रभावित थे और उन्होंने रवीन्द्रनाथ टैगोर की रचनाओं का बांग्ला से हिंदी में अनुवाद किया। बिहार सरकार में सब-रजिस्टार की नौकरी की। अंग्रेज सरकार के युद्ध-प्रचार विभाग में रहे और उनके खिलाफ ही कविताएं लिखते रहे। आजादी के बाद मुजफ़्फरपुर लंगट सिंह कॉलेज में हिंदी के विभागाध्यक्ष बनकर गए। 1952 में उन्हें राज्यसभा के लिए चुन लिया गया जहां दो कार्यकालों तक उन्होंने संसद सदस्य के रूप में योगदान किया।भागलपुर विश्वविद्यालय के उपकुलपति के पद पर कार्य किया और उसके बाद भारत सरकार के हिन्दी सलाहकार बने।

दिनकर ने स्वतंत्रता-पूर्व में अपनी राष्ट्रवादी कविता के माध्यम से लोकप्रियता हासिल की। दिनकर ने शुरू में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान क्रांतिकारी आंदोलन का समर्थन किया। वह युवाओं में आक्रोश और बदले की भावना का समर्थन करते थे।

कुरूक्षेत्र में उन्होंने स्वीकार किया कि युद्ध विनाशकारी है लेकिन तर्क दिया कि स्वतंत्रता की रक्षा के लिए यह आवश्यक है। वह उस समय के प्रमुख राष्ट्रवादियों जैसे राजेंद्र प्रसाद , अनुग्रह नारायण सिन्हा, श्री कृष्ण सिन्हा , रामबृक्ष बेनीपुरी और ब्रज किशोर प्रसाद के करीबी थे।आपातकाल के दौरान , जयप्रकाश नारायण ने रामलीला मैदान में एक लाख लोगों की भीड़ को आकर्षित किया था और दिनकर की प्रसिद्ध कविता सिंहासन खाली करो के जनता आती है का पाठ किया था। जब बात देश के हित-अहित की आती थी, तो वह बेबाक टिप्पणी करने से कतराते नहीं थे। रामधारी सिंह दिनकर ने ये तीन पंक्तियां पंडित जवाहरलाल नेहरू के विरुद्ध संसद में सुनायी थी, जिससे देश में भूचाल मच गया था। दिलचस्प बात यह है कि राज्यसभा सदस्य के तौर पर दिनकर का चुनाव नेहरु ने ही किया था, इसके बावजूद नेहरू की नीतियों का विरोध करने से वे नहीं चूके।

देखने में देवता सदृश्य लगता है,

बंद कमरे में बैठकर गलत हुक्म लिखता है।

जिस पापी को गुण नहीं गोत्र प्यारा हो,

समझो उसी ने हमें मारा है॥

1962 में चीन से हार के बाद संसद में दिनकर ने इस कविता का पाठ किया जिससे तत्कालीन प्रधानमंत्री नेहरू का सिर झुक गया था ' यह घटना आज भी भारतीय राजनीति के इतिहास की चुनिंदा क्रांतिकारी घटनाओं में से एक है ' रे रोक युद्धिष्ठिर को न यहां जाने दे उनको स्वर्गधीर '

फिरा दे हमें गांडीव गदा लौटा दे अर्जुन भीम वीर॥

रामधारी सिंह दिनकर ने भरी राज्यसभा में नेहरू की ओर इशारा करते हए कहा-ह्लक्या आपने हिंदी को राष्ट्रभाषा इसलिए बनाया है, ताकि सोलह करोड़ हिंदीभाषियों को रोज अपशब्द सुनाए जा सकें?ह्व यह सुनकर नेहरू सहित सभा में बैठे सभी लोगसन्न रह गए थे। किस्सा 20 जून 1962 का है। उस दिन दिनकर राज्यसभा में खड़े हुए और हिंदी के अपमान को लेकर बहुत सख्त स्वर में बोले। उन्होंने कहा-देश में जब भी हिन्दी को लेकर कोई बात होती है, तो देश के नेतागण ही नहीं बल्कि कथित बुद्धिजीवी भी हिन्दी वालों को अपशब्द कहे बिना आगे नहीं बढ़ते। पता नहीं इस परिपाटी का आरम्भ किसने किया है, लेकिन मेरा ख्याल है कि इस परिपाटी को प्रेरणा प्रधानमंत्री से मिली है। पता नहीं, तेरह भाषाओं की क्या किस्मत है कि प्रधानमंत्री ने उनके बारे में कभी कुछ नहीं कहा, किन्तु हिन्दी के बारे में उन्होंने आज तक कोई अच्छी बात नहीं कही। मैं और मेरा देश पूछना चाहते हैं कि क्या आपने हिंदी को राष्ट्रभाषा इसलिए बनाया था ताकि सोलह करोड़ हिन्दीभाषियों को रोज अपशब्द सुनाएँ? क्या आपको पता भी है कि इसका दुष्परिणाम कितना भयावह होगा ?यह सुनकर पूरी सभा सन्न रह गई। ठसाठस भरी सभा में भी गहरा सन्नाटा छा गया। यह मुर्दा-चुप्पी तोड़ते हुए दिनकर ने फिर कहा- मैं इस सभा और खासकर प्रधानमन्त्री नेहरू से कहना चाहता हूँ कि हिन्दी की निन्दा करना बन्द किया जाए। हिन्दी की निन्दा से इस देश की आत्मा को गहरी चोट पहुँचती है।

रामधारी सिंह दिनकर को संस्कृति के चार अध्याय पुस्तक के लिए साहित्य अकादेमी पुरस्कार से और काव्य-कृति उर्वशी के लिए ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया। भारत सरकार ने उन्हें पद्म भूषण से सम्मानित किया । उनकी स्मृति में भारत सरकार द्वारा डाक टिकट भी जारी किया गया।

दिनकर की 24 अप्रैल 1974 को दिल का दौरा पड़ने से मद्रास में मृत्यु हो गई। उनके पार्थिव शरीर को 25 अप्रैल को पटना लाया गया और गंगा नदी के तट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया।

एकनजर

जदयू का प्रतिनिधिमंडल एनडीए प्रत्याशी ढुल्लू महतो से मिला,किया स्वागत

धनबादःमंगलवार को धनबाद जिला जनता दल यू के जिलाध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह के नेतृत्व में पार्टी की ओर से एक प्रतिनिधिमंडल धनबाद लोकसभा सीट के एनडीए प्रत्याशी ढुल्लू महतो से उनके आवास पर मिला और गुलदस्ता देकर स्वागत किया। प्रतिनिधि मंडल ने श्री महतो को जदयू पार्टी की ओर से हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। उक्त प्रतिनिधि मंडल में जदयू पार्टी के धनबाद जिलाध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह, ओबीसी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रामस्वरूप यादव, नगर अध्यक्ष धनलाल दुबे, युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष रूपेश पासवान, युवा प्रकोष्ठ के महासचिव आदित्य पासवान, जिला सचिव महेश सिंह शामिल थे।

छःह साइबर अपराधियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

चास : चीरा चास थाना क्षेत्र अंतर्गत एक मकान में छापेमारी कर पुलिस ने 6 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए चास एसडीपीओ प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस तकनीकी शाखा बोकारो को कुछ साइबर क्राईम से संबंधित संदिग्ध मोबाइल नंबर की जानकारी प्राप्त हुई थी। इसको लेकर एसपी के निर्देश पर विशेष टीम का गठन किया गया। मोबाइल नंबर के लोकेशन के आधार पर चीरा चास थाना अंतर्गत सोलगिडीह स्थित एक मकान में छापेमारी कर 6 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए अपराधियों में मो. राजा अंसारी(33), रहमान अंसारी(25), मो. जियाउल अंसारी(21), सबीर अंसारी(34), इसराईल अंसारी(30) एवं समशाद अंसारी(27) शामिल है। सभी अपराधी देवघर जिले के रहने वाले है। मौके पर चास थाना प्रभारी खुर्शीद आलम सहित कई पुलिसकर्मी मौजूद थे। छापेमारी दल में चीरा चास थाना प्रभारी चंदन कुमार दुबे, तकनीकी शाखा पंकज कुमार जायसवाल, मनोज कुमार, कामेश्वर महतो, नागेन हांसदा, इरसाद अंसारी, वीर बहादुर सिंह, पिंटू कुमार शाही, जाकिर हुसैन शामिल थे.

कांग्रेस नेत्री दुर्गा दास के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने पंचित,कुमारधुबी एवं मैथन में चलाया जनसंपर्क अभियान

एग्यारकुंड। कांग्रेस नेत्री दुर्गा दास के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने पंचित, कुमारधुबी एवं मैथन में चलाया जनसंपर्क अभियान। बता दे की इंडिया गठबंधन सह कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के लिए प्रचार मुहिम में पंचेत बांदा पश्चिम और कुमारधुबी बाघाकुडी एवं मैथन में सभा कर किया गया। मौके पर कांग्रेस नेत्री एवं पूर्व जिला परिषद सदस्या,प्रदेश सचिव सह पीसीसी डेलिकेट सह चंदनकयारी विधान सभा प्रभारी दुर्गा दास,श्यामल सरकार,अंजनी त्रिपाठी,सदन सिंह, राकोमयू कार्यकारी अध्यक्ष इसीएल रीजनल कमेटी शशि तिवारी,सुभम कुमार सिंह,प्रदीप गोप,अमन रजक, विशाल,अमित, मोहित,आशिष सिंह, राहुल हाडी,समीर केवड़ा, विशाल हांडी,कुन्नु बानों,तकलीन तहसीन, सहित अन्य उपस्थित थे।

उपायुक्त के निर्देश पर बेजरा घाट बालू के अवैध कारोबार पर जिला खनन विभाग व पुलिस की टीम ने की छापेमारी

- बालू माफिया व उसके गुर्गों ने उल्टा खनन विभाग व पुलिस टीम पर किया पथराव, बार-बार बच्चे अधिकारी

उज्जवल दुनिया

निरसा/एग्यारकुंड। बालू के अवैध कारोबार को लेकर रविवार रात्रि 9 बजे बेनागोड़ीया के ग्रामीणों ने उपायुक्त माधवी मिश्रा से शिकायत किया था . उपायुक्त के निर्देश पर सोमवार की रात करीब साढ़े आठ बजे बेजरा घाट पर जिला खनन विभाग व पुलिस की टीम ने यहां छापेमारी की थी लेकिन बालू माफिया व उसके गुर्गों ने उल्टा खनन विभाग व पुलिस टीम पर हमला कर दिया था। फिलहाल बालू माफिया बेजरा घाट से कारोबार समेट कर भूमिगत हो चुके है। इससे बेजरा घाट पर पूरी तरह से सन्नाटा पसर गया है।

एक भी नाविक नाव पर बालू ढोते नजर नहीं आया। इधर पता चला है कि बेजरा घाट में अवैध बालू खनन के कार्य में जुटे बालू माफिया का नेटवर्क काफी मजबूत है। जब भी छापेमारी होती है, ना तो गाड़ी पकड़ी जाती है, ना ही अवैध बालू निकालते नाव ही मिलते हैं। सब कुछ सामान्य सा दिखने लगता है। सूत्रों की मानें तो धनबाद से लेकर बालू घाट तक हर चौराहे पर 24 घंटे तैनात खबरी लाल प्रशासनिक अधिकारियों की गतिविधियों की सूचना बालू माफिया तक पहुंचाते हैं। यही कारण है कि जब प्रशासनिक अधिकारियों की टीम बालू घाट तक पहुंचती है, बालू माफिया बालू घाट का मैदान साफ कर चुके होते हैं। बालू माफिया इस अवैध बालू कारोबार के लिए स्थानीय लोगों को हमेशा आगे रखते हैं। खुद पीछे रहकर डंके की चोट पर यह कारोबार कर रहे हैं।

पहले भी कई बार हो चुके है जिला प्रशासन पर हमले

पिछले दो बार अवैध बालू कारोबार पर कार्रवाई के लिए पहुंचे मोराडीह में 23 अक्टूबर 2019 को एसडीएम राज महेश्वरम व 4 जून 2022 को एसडीएम प्रेम कुमार तिवारी को पोलकेरा गांव में बंधक तक बना लिया गया था । जामताड़ा जिले के एक अधिकारी पर भी पथराव किया गया था। इससे प्रशासनिक अधिकारियों का एक तरफ मनोबल गिरा है तो दूसरी ओर बालू माफियाओं का मनोबल बढ़ा हुआ है और यही कारण है की सोमवार की रात खनन विभाग और पुलिस टीम को एक बार फिर बालू माफिया ने निशाना बनाया और पुलिस टीम पत्थर बाजी के साथ साथ पुलिस के गाड़ी को क्षतिग्रस्त कर दिया ।

बेजरा घाट में सन्नाटा तो सीजुआ घाट में बालू माफिया का चांदी ही चांदी

बालू माफिया का मनोबल सातवे आसमान पर है,जी हां हम इसलिए यह कह रहे की जहां बेजरा घाट में सन्नाटा पसरा हुआ है वही बराकर नदी सिजुआ घाट से अवैध रूप से बालू का उठाव धड़ल्ले से किया जा रहा है। प्रतिदिन करीब 100 से ज्यादा ट्रैक्टरों और हाइवा में बालू का उठाव कर जोगीतोपा पगलामोड़ से बरवा होते हुए धनबाद के कई जगह में खपाया जाता है। पीला सोना का यह अवैध धंधा रात के अंधेरे से लेकर दिन के उजाले तक यह सिलसिला जारी रहता है। बालू ट्रैक्टरों व हाइवा के धक्के के कारण अब तक कई घटना हो चुकी है लेकिन किसी को खबर होने से पहले ही बालू माफिया पैसे देकर मामला को सलटा देते है बताते चले की जिस रास्ते पर अवेध बालू के ट्रेक्टर व हाइवा चलते उस रास्ते पर कई स्कूल और कॉलेज है कई बच्चे बच्चियां कई बार इन गाड़ियों के चपेट में आकर घायल हो चुके है।

सबकी मिली भगत से होती है पीला सोना का ये अवेध कारोबार समय समय पर पुलिस को दी जाती है विटामिन एम की खुराक

सूत्रों की माने तो पूर्वी टुंडी पुलिस 2,000 रु प्रति हाइवा व 300 रु प्रति ट्रेक्टर से वसूलते है वसूली के लिए पोखरिया से शंकरडीह पेट्रोल पंप तक ये अपने कुछ लोगो को रखे हुए है जो वसूली करते है यही हाल गोविंदपुर पुलिस का भी है जो बरवा में वसूली करते है सेटिंग भी इतना बढ़िया है की किसी को पता तक नही चलता है बालू माफिया पहले से ही ड्राइवर को पुलिस के पैसे अलग से दे देते है और ड्राइवर चुपचाप पुलिस को पैसे देकर निकल जाते है।

डीडीसी ने विभिन्न मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

लोकसभा : डीडीडी ने आम निर्वाचन 2024 को लेकर गीरिडीह लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत गोमिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण, चल रहें निर्माण कार्यों का भी लिया जायजा

- लोकसभा आम निर्वाचन के सफल आयोजन को लेकर उपलब्ध कराएं जा रहें केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के ठहराव स्थल/विद्यालय भवन का भी डीडीसी समेत अन्य पदाधिकारियों ने लिया जाएगा और,ससमय निर्माण कार्य को पूरा करने का दिया निर्देश
- ज़िले के सुदूरवर्ती क्षेत्र गोमिया के तिस्कोपी,चतरोचट्टी,कुर्कनालो,तुलबुल,झुमड़ा,रहावन एवं पंचमो आदि क्षेत्रों का निर्वाचन कोषांग के वरीय नोडल पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त संदीप कुमार,एसडीओ बेरमो अशोक कुमार,एसडीपीओ बेरमो वी एन सिंह समेत अन्य पदाधिकारियों के साथ किया दौरा

उज्जवल दुनिया

बोकारो : लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त (डीसी) विजया जाधव के निर्देश पर मंगलवार को निर्वाचन कोषांग के वरीय नोडल पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त संदीप कुमार ने गिरीडीह लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत गोमिया विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न सुदूरवर्ती मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया।

मौके पर सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीओ बेरमो अशोक कुमार, एसडीपीओ बेरमो वी एन सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा,संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी, महादेव महतो, अंचलाधिकारी प्रदीप कुमार महतो समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। डीडीसी ने क्रमवार विभिन्न मतदान केंद्रों के साथ निर्वाचन के सफल आयोजन को लेकर उपलब्ध कराएं जाने वाले केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के ठहराव स्थल/बिल्डिंग का भी जायजा लिया। इस दौरान पूर्व में दिए निदेर्शों के अनुरूप चाहरदिवारी, शौचालय आदि के निर्माण कार्य को देखा और जरूरी दिशा झ निर्देश दिया।

इस क्रम में डीडीसी ने सीएपीएफ ठहराव स्थल हरिजन आदिवासी विकास उ.वि. तिसकोपी गोमिया, सीएपीएफ ठहराव स्थल/मतदान केंद्र सं. 09/10 म.वि. चतरोचट्टी गोमिया, सीएपीएफ ठहराव स्थल/मतदान केंद्र सं. 33/34 उ.म.वि कुर्कनालो गोमिया,उत्क्रमित उच्च विद्यालय तुलबुल एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय तुलबुल,सीएपीएफ ठहराव स्थल आश्रम आवासीय विद्यालय तुलबुल, झुमड़ा,रहावन एवं पंचमों के विभिन्न मतदान केंद्रों आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान सीएपीएफ ठहराव स्थल/मतदान केंद्रों पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। केंद्र परिसर की साफ झ सफाई,बिजली आपूर्ति, मूलभूत सुविधाओं को अविलंब दुरूस्त करने का निर्देश दिया। सीएपीएफ ठहराव स्थल वाले विद्यालय भवनों में आवश्यकता अनुरूप निमार्णाधीन अतिरिक्त शौचालय निर्माण, चाहरदिवारी निर्माण आदि को देखा। संबंधित कार्य एजेंसी को निर्माण कार्य में तेजी लाते हुए ससमय निर्माण कार्य पूरा करने का निर्देश दिया।

प्रजापति कुम्हार महासंघ ने मैट्रिक परीक्षा में प्रखंड टॉपर रहे सोहनाद निवासी छात्र कृष्णा कुम्हार समेत गाँव के अन्य सफल छात्रों को सम्मानित किया

उज्जवल दुनिया

प्रजापति कुम्हार महासंघ ने मैट्रिक परीक्षा में प्रखंड टॉपर रहे सोहनाद निवासी छात्र कृष्णा कुम्हार समेत गाँव के अन्य सफल छात्रों को सम्मानित किया।

झारखंड कुम्हार(प्रजापति) महासंघ के बैनर तले सबों को किया सम्मानित।। टुंडी : पूर्वी टुंडी के सोहनाद गांव में कुम्हार समाज के बैनर तले मैट्रिक परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया । कृष्णा कुम्भकार पिता बादल कुंभकार एवं मोहित कुंभकार पिता गोपाल कुंभकार जो प्रखंड स्तर पर मैट्रिक झारखंड बोर्ड से प्रथम स्थान कृष्णा को प्राप्त हुआ इस अवसर पर प्रजापति कुम्हार महासंघ के पदाधिकारी द्वारा उनके आवास में जाकर इन बच्चों एवं बच्चियों की भी उपस्थिति रही । सभी को उज्जवल भविष्य की कामना के साथ सम्मानित करते हुए बधाइयां दी गई जिसमें मुख्य रूप से लटानी से ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष महादेव कुम्भकार बासुदेव कुंभकार बेजड़ा से अवध किशोर कुम्भकार पूर्वी टुंडी प्रखंड अध्यक्ष झारखंड कुंभकार महासंघ सुशील कुंभकार, महामंत्री मानिक कुमार ,कोषाध्यक्ष संतलाल बाबा ,मीडिया प्रभारी जयदेव कुमार जिला से पदाधिकारी जिलाध्यक्ष सोहन कुंभकार, प्रकाश कुमार जिला महामंत्री अर्जुन कुंभकार एवं समाज के वरिष्ठ रामबल्लभ कुंभकार के उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ ।

वरीय पुलिस अधीक्षक ने किया नक्सल प्रभावित मनियाडीह थाना क्षेत्र स्थित मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया

उज्जवल दुनिया

टुंडी : आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को भयमुक्त व शांतिपूर्ण संपन्न कराने हेतु धनबाद पुलिस निरंतर अपनी सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने में जुटी है ' इसी अभियान के तहत आज वरीय पुलिस अधीक्षक श्री ह्रदीप पी जनार्दनन ने नक्सल प्रभावित पश्चिमी टुंडी प्रखण्ड क्षेत्र के मनियाडीह थाना क्षेत्र का दौरा किया और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया ' भौतिक निरीक्षण के दौरान एसएसपी हरदीप पी जनार्दन ने डंडाटांड और मनियाडीह पहुंचे जहाँ उन्होने हेलीपेड स्थल का निरीक्षण किया ' चुनाव के दौरान केंद्रीय सुरक्षा बलों के आवासन के मद्देनजर इस दौरान उन्होंने डंडाटांड और मनियाडीह स्थित विद्यालय भवनों का भी जायजा लिया और सुरक्षा बलों के ठहराव को लेकर सारी मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली ' दल बल के साथ एसएसपी महोदय ने मनियाडीह थाना अंतर्गत पड़ने वाले कई मतदान केंद्रों का भी निरीक्षण किया ' निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात की और चुनाव में भय मुक्त होकर मतदान करने की अपील करते हुए मतदान प्रतिशत बढ़ाने की बात कही ' निरीक्षण के दौरान मौके पर मुख्य रूप से पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय-2) संदीप कुमार गुप्ता, अंचल निरीक्षक (टुंडी) साजिद हुसैन एवं मनियाडीह थाना के तत्काल प्रभारी अजय कुमार सिंह समेत सीआरपीएफ सशस्त्र बल के जवान भी उपस्थित थे '

गिरीडीह सांसद प्रत्याशी चन्द्र प्रकाश चौधरी व धनबाद सांसद प्रत्याशी ढुलू महतो विवाह समारोह में नवदंपती को पुष्पगुच्छ देकर उनके जीवन की मंगल कामना की

उज्जवल दुनिया

टुंडी : टुंडी प्रखण्ड क्षेत्र के महाराजगंज में भूतपूर्व मुखिया स्व0 काशीनाथ प्रसाद साव का पोता एवं पूर्व मुखिया सुभाष प्रसाद साव व वर्त्तमान मुखिया सबिता देवी का एकमात्र सुपुत्र एवं प्रदेश कार्य समिति सदस्य भाजपा किसान मोर्चा सह बाघमारा विधायक प्रतिनिधि मनीष कुमार साव के अपने शादी का प्रीतिभोज कार्यक्रम में भारी जमावड़ा व आलीशान इंतजाम कर अपनी पंचायत स्तरीय सियासी ताकत का एहसास करा दिया इस दौरान बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ रहा मौके पर गिरीडीह लोकसभा सांसद प्रत्याशी चन्द्र प्रकाश चौधरी व धनबाद लोकसभा सांसद प्रत्याशी ढुलू महतो शिरकत की ओर नवदंपती से मुलाकात कर पुष्पगुच्छ देकर वैवाहिक सुखमय जीवन की मंगल कामना दी इस अवसर पर परिवार जनों से मुलाकात कर उनके हर सुख दुख में साथी होने का भरोसा दिलाया । एक अनुमान के मुताबिक पाँच हजार लोगों ने प्रीतिभोज में हिस्सा लिया था । शाम 7 बाजे के बाद भीड़ का रेला इस कदर बढ़ा कि हर ओर सिर्फ बधाई देने वाले हो दिखाई दिए, यहाँ तक की गोविन्दपुर-टुंडी-गिरिडीह रोड के दोनों साइड में लंबी पार्किंग वाहनों से भर गई ।

देर रात्रि तक पार्टी में भीड़भाड़ रही खाने के पंडाल में देशी व्यंजनों के साथ मंशाहारी ओर शाकाहारी के लिए अलग अलग व्यवस्था की गई थी, इसके अलावे ठंडा, गुपचुप, चाट, फ्रूट, इस्क्रीम आदि के अलग अलग स्टॉल लगाए गए थे इस दौरान वेटरों ने अतिथियों की सेवा में लगे रहे बधाई देने में टुंडी विधानसभा आजसू नेता भास्कर प्रसाद ओझा, सांसद प्रतिनिधि दिनेश राय, गिरधारी महतो, संतोष महतो, समीर साव, विपिन दाँ, राजेश सिंह, शहजाद अंसारी, जग्गू साव समेत कई गणमान्य लोग थे ।

वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव मनाया गया

बोकारो : वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव समारोह समिति ,बोकारो के द्वारा सेक्टर 04 ,वीर कुंवर सिंह प्रतिमा स्थल पर मनाया गया । आगंतुक का स्वागत उदय प्रताप सिंह ने किया । जबकि अध्यक्षता समारोह समिति क अध्यक्ष राश नारायण सिंह एवं संचालन राजेश्वर सिंह व अतुल सिंह ने किया । मुख्य अथिति के रूप में उपस्थित धनबाद सांसद पशुपति नाथ सिंह ने इस अवसर पर कहा की देश की स्वतंत्रता आंदोलन में लाखों लोगों के कुबार्नी दी ।अंग्रेजों को चुनौती देना कोई सपने में भी नहीं सोच सकता था ,जिसके साम्राज्य में सुरज कभी अस्त नहीं होता था ,उस समय 80 वर्ष की उम्र में बाबू साहब ने अंग्रेजों को चुनौती दी । आज हम सभी लोग सुरक्षित हैं तो बाबू कुंवर सिंह जैसे लोगों के कारण ही हैं । रानी लक्ष्मी बाई , मेदनी राय ,मंगल पांडे ,सिद्धू कंदू जैसे लोगों ने बाबू वीर कुंवर सिंह के साथ राष्ट्रीयता से प्रेरित होकर अंग्रेजों के विरुद्ध आंदोलन किया। जिससे मिलें प्रेरणा से आने वाली पीढ़ी ने देश को आजादी दिलाने का काम किया।

बाबूलाल मरांडी के समक्ष प्रबुद्ध सम्मेलन में हुई धनबाद जन चेतना मंच की घोषणा

- केदारनाथ मित्तल अध्यक्ष व अमरेश सिंह बने महासचिव

उज्जवल दुनिया

धनबादः नवगठित धनबाद जन चेतना मंच की घोषणा मुख्य अतिथि बाबूलाल मरांडी पूर्व मुख्यमंत्री सह प्रदेश अध्यक्ष भाजपा झारखंड के समक्ष प्रबुद्ध सम्मेलन में की गई। मंच के महासचिव एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता अमरेश सिंह ने बताया कि नवगठित जन चेतना मंच अपने नवीनतम एजेंडा व प्रयासों से धनबाद का कायाकल्प करेगी। पूर्व मुख्यमंत्री सह प्रदेश अध्यक्ष बीजेपी झारखंड बाबूलाल मरांडी ने धनबाद चेतना मंच के झारखंड के बहुत ही महत्वपूर्ण शहर धनबाद के विकास के मद्देनजर हर महत्वपूर्ण एजेंडा को हर संभव समर्थन देने का आश्वासन दिया है। मंच के प्रमुख एजेंडा के लिए शहर के प्रबुद्धजनों से, धनबाद के सभी विधानसभा के जनता से, छात्र-छात्राओं से धनबाद का नए रूप से सर्वांगीण विकास साथ ही धनबाद वासियों के विभिन्न सुविधाओं जैसे एयरपोर्ट, फ्लाईओवर,ट्रेन, चिकित्सा, शिक्षा, प्रदूषण के समाधान के लिए मंच द्वारा बनाए गए लॉन्ग टर्म प्रोग्राम एवं शॉर्ट टर्म प्रोग्राम की विस्तृत एवं विशेष रूप से सामूहिक चर्चा कर सभी से राय मशविरा, विचार विमर्श लेकर त्वरित प्रयासों से बने एजेंडा के माध्यम से, हर संभव प्रयास कर धनबाद का विकसित रंग रूप धनबाद की जनता,राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार की मदद से त्वरित गति से बदला जाएगा। यह एक अभूतपूर्व जंग चेतना द्वारा सरकार का ध्यान आकर्षित कर विकसित एवं सुनहरा धनबाद की दिशा में कार्यान्वन किया जाएगा। जन चेतना मंच के अध्यक्ष केदारनाथ मित्तल, महासचिव अमरेश सिंह, सचिव संजीव बीयोत्रा, तथा वाइस प्रेसिडेंट नंदलाल अग्रवाल, गोपाल कटेसरिया, सुरेंद्र अरोड़ा और सोमनाथ प्रुथि है। मंच के कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं मंच के कार्यकारिणी सदस्यों की घोषणा शीघ्र की जाएगी।

बंगारो में आयोजित श्री श्री 108 श्री मारुति नंदन महायज्ञ सह वार्षिक उत्सव के पूणार्हुति में शामिल हुए दीप नारायण सिंह

टुंडी प्रखंड अंतर्गत बंगारो में आयोजित पांच दिवसीय श्री श्री 108 श्री मारुति नंदन महायज्ञ सह वार्षिक उत्सव का पूणार्हुति के साथ संपन्न हो गया। पूणार्हुति में जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह शामिल हुए। बताते चलें कि दिनांक -19/04/2024 को जलयात्रा के साथ यज्ञ प्रारंभ हुआ था जो आज पूणार्हुति के साथ संपन्न हो गया। इस दौरान काफी संख्या में श्रद्धालु पूणार्हुति में शामिल हुए। पूणार्हुति के बाद भंडारा का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर दीप नारायण सिंह ने यज्ञ समिति के सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि गांव में यज्ञ का आयोजन से लोगों के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि आती है। यज्ञ का आचार्य पुरुषोत्तम शास्त्री, अभिमन्यु पांडेय और गोतम शास्त्री के नेतृत्व में यज्ञ संपन्न हुआ। इस अवसर पर काली महतो, जदयू नेता हीरालाल तुरी, तारकेश्वर महतो, प्रेम चन्द्र महतो, ठाकुर महतो, सुधीर तुरी, पंकज सिंह,सुभाष सिंह, आदि सैकड़ों लोगों उपस्थित हुए।

पुरानी रंजिश को लेकर युवक पर जानलेवा हमला

लोयाबाद- केन्दुआडीह थाना क्षेत्र मे लोयाबाद थाना क्षेत्र के रहने वाले युवक को पुरानी रंजिश को लेकर एकड़ा 14 नंबर बासुदेवपुर जाने वाले रास्ते मे दर्जनों लोगो ने पकड़ कर उनके साथ ईटे,पत्थर, लाठी आदि से मार पीट की। यही नहीं पीड़ित के साथ इंसानियत की सारी हदे पर करते हुए ईट और पत्थर से पैर के साथ हाथ को कुचल दिया गया । जिसके बाद आनन-फानन में स्थानीय लोगो के द्वारा पीड़ित के परिजन को खबर किया गया. जहां परिजन ने आनन-फानन मे ईलाज के लिए एसएनएमएमसीएच लाया गया जहा डॉक्टरों के द्वारा उसका इलाज किया जा रहा है। घटना से संबंधित बताया जाता है की पीड़ित सुजीत केवट अपने किसी निजी काम से केन्दुआडीह थाना क्षेत्र के करकेंद मोड़ के समीप गए थे जहां एक गुट के 20 -25 लडके आ कर पीड़ित सुजीत केवट को पकड़ लिया और एकड़ा बासुदेवपुर 14 नंबर बस्ती में ले जाकर उसके साथ बेरहमी से मार- पीट किया गया. वही आरोपियों के द्वारा पीड़ित के पॉकेट में पिस्टल डाल कर उसे फेंक दिया गया। बाद में इसकी सूचना पीड़िता के परिजन और पुलिस को मिली जिनके द्वारा पीड़ित की अस्पताल में भर्ती कराया गया। वही इस पूरे मामले में केन्दुआडीह थाना प्रभारी आर एन ठाकुर ने बताया की घटन के बाद पीड़ित का इलाज किया जा रहा है, और पुलिस जाँच में जुट गई है. बासुदेवपुर कोलियरी डंप एवं माइंस से कोयला चोरी मे वर्चस्व कायम को लेकर बराबर दोनो गुट आमने-सामने होते रहते है. इसके पूर्व बीती वर्ष 23 नवंबर माह मे लोयाबाद थाना क्षेत्र के एकड़ा मे जमकर मारपीट की गई थी.

चुनाव को लेकर निरसा प्रखंड सभागार में एडीएम ने की निरसा केलियासोल और एग्यारकुंड के बीडीओ के साथ की बैठक

- विकलांग मतदाताओं को उसके घर से आने जाने की व्यवस्था विकलांग दिव्यांग एवं वरिष्ठ महिला पुरुष के लिए अलग लाइन की व्यवस्था मतदान केंद्र में:एडीएम

एग्यारकुंड/निरसा। मंगलवार को एडीएम आपूर्ति सप्लाई जियाउल अंसारी की अध्यक्षता में चुनाव को लेकर एक बैठक निरसा प्रखंड सभागार में की गई बैठक। बैठक में मुख्य रूप से निरसा केलियासोल और एग्यारकुंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी दो विकलांग मतदाता जीपीएस अर्चना कुमारी सीडीपीओ सहित प्रखंड के कर्मी मौजूद थे बैठक में श्री अंसारी सभी को निर्देश दिया कि सुबह 7 से लेकर 11 बजे तक सभी विकलांग दिव्यांग वरिष्ठ महिला पुरुष का मतदान अवश्य कराय विकलांग मतदाताओं से मतदान में होने वाली कठिनाइयों के बारे में पूछा गया इसके बाद श्री अंसारी ने कहा कि विकलांग मतदाताओं को उसके घर से आने जाने की व्यवस्था विकलांग दिव्यांग एवं वरिष्ठ महिला पुरुष के लिए अलग लाइन की व्यवस्था मतदान केंद्र में रैंप और व्हीलचेयर की व्यवस्था एवं मतदान वॉलिंटियर केंद्र में तैनात रहेंगे जो मतदाताओं को अपने की व्यवस्था उपलब्ध कराएंगे ।

हनुमान जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाई गई

जनवृत 5 स्थित चिन्मय मिशन बोकारो में गुंजा जय हनुमान ज्ञान गुण सागर

उज्जवल दुनिया

बोकारो : यहाँ के जनवृत 5 स्थित चिन्मय मिशन में बड़े धूमधाम से हनुमान जयंती मनाई गई। इस शुभ अवसर पर मिशन की आवासीय आचार्या परमपूज्या स्वामिनी संयुक्तानंदा सरस्वती ने पवनपुत्र हनुमान लला की पूजा अर्चना की।

तत्पश्चात स्वामिनी जी के मार्गदर्शन में भक्तों की भारी भीड़ ने सुरमय संगीत के साथ सम्वत स्वर में 11 बार हनुमान चालीसा का पाठ किया , साथ ही श्री हनुमानजी के 108 नामों का उच्चारण किया गया।

और उनसे प्रार्थना की कि पूरे विश्व का कल्याण हो। इसके बाद स्वामिनी संयुक्तानंदा जी ने हनुमान जी के विभिन्न रूपों तथा गुणों का वर्णन किया। उन्होंने हनुमान चालीसा पाठ के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला। हनुमानजी की साधना-आराधना का अर्थ है प्रभु श्रीराम की आराधना। वे प्रभु श्रीराम के दुलारे , प्रिय एवम परमभक्त है। अष्ट सिद्धि और नवनिधि के दाता है, श्रद्धापूर्वक नित्य हनुमानजी की आराधना से, हनुमान चालीसा पाठ करने से बल, बुद्धि, विनम्रता एवम दिव्य शक्ति की प्राप्ति होती है।

इसलिए इस घोर कलिकाल में हनुमान चालीसा पाठ, उनकी पूजा अर्चना, साधना अमोघ है, अमृत के समान है। हनुमानजी सभी कष्टों को हरने वाले हैं। हनुमान चालीसा या हनुमान मंत्र का जाप करने से मानसिक शांति और सांत्वना मिल सकती है। वे आपके मन को स्थिर और प्रसन्न करते हैं। ৮ बलः हनुमान जी की पूजा से भक्त को शक्ति और उत्साह मिलता है।

प्रातः चिन्मय विद्यालय में भी हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया था। पूरी श्रद्धा एवम भक्तिभाव से पूजा अर्चना एवम पुष्पांजलि के बाद सभी भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया।

इस शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमती देबजानी मिश्रा एवं ए श्री सी आर मिश्रा(सी जी एम, मेटेरियल, बोकारो स्टील प्लांट, सेल) चिन्मय मिशन अध्यक्ष बिश्वरूप मुखोपाध्याय, विद्यालय कोषाध्यक्ष आर एन मल्लिक, प्राचार्य सूरज शर्मा, चिन्मय मिशन बोकारो के सचिव हरिहर राऊत, उप प्राचार्य नरमेंद्र कुमार , रेनबो पब्लिक स्कूल के प्राचार्य विपुल सिंह, पूर्व प्राचार्य डॉ अशोक सिंह, चिन्मय विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं एवम सदस्यों , के साथ साथ चास बोकारो के सैकड़ों श्रद्धालु एवम मिशन के सदस्य उपस्थित थे। संगीत विभाग के सिबेन चक्रबर्ती, जय किशन राठौड़, पद्मावती घड़ई, रूपक झा, दिनेश कुमार, पंकज कुमार मिश्रा ने संगीत से पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया.

एकनजर

बेंगाबाद थाना क्षेत्र के बघरा मे टेंपो में ले जा रहे प्रतिबंधित मांस को किया जब्त

गिरिडीह। बेंगाबाद थाना क्षेत्र के बघरा में सोमवार रात दो युवक टेंपो में प्रतिबंधित मांस लेकर जा रहा था। जिसे ग्रामीणों द्वारा पकड़ा गया। इस दौरान ग्रामीणों ने खूब हंगामा किया। मामले की सूचना पुलिस प्रशासन को दी गई पुलिस मौके पर पहुंच कर लोगों को समझा-बूझकर शांत करवाया। बाद में पुलिस दोनों को अपने साथ ले गई। इस दौरान ग्रामीणों का कहा कि यहां से आए दिन गाय की चोरी हो रही थी। घर में बंधा हुआ गाय को रस्सी काटकर चोरी कर लिया जा रहा है। जिसकी शिकायत कई बार प्रशासन से भी किया गया है; लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है। मौके पर एसडीपीओ बिनोद रवानी ने मोर्चा संभाला और मामले को शांत करवाया।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी की अध्यक्षता में बैंक, सी.सी.एल. एवं अन्य सेंट्रल कार्यालयों के साथ बैठक संपन्न

गिरिडीह । लोकसभा आम निर्वाचन व 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव के निमित्त आज समाहरणालय सभागार कक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी, श्री नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में बैंक/सी.सी.एल./अन्य सेंट्रल कार्यालयों के साथ बैठक आयोजित किया गया। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने लोकसभा आम चुनाव 2024 एवं 31 गाण्डेय विधानसभा उप चुनाव 2024 के चुनाव कार्य सम्पन्न कराने के निमित्त मतदान दल एवं अन्य कार्यों में प्रतिनियुक्ति अधिकारियों/कर्मियों की जानकारी प्राप्त की और उन्हें उनके दायित्व की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र में लोगों को मतदान के प्रति उदासीनता को दूर करने को लेकर जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न गतिविधिया आयोजित की जा रही है। उन्होंने कहा कि मतदान सबका अधिकार है हम सबको बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए। आपके स्तर से भी चुनाव को लेकर व्यापक जन जागरूकता होनी चाहिए ताकि अधिकाधिक संख्या में लोग इस बार मतदान में भाग लें और अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। बैठक में सदर अनुमंडल पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, संबंधित बैंक, सी.सी.एल./अन्य सेंट्रल के अधिकारी तथा निर्वाचन शाखा के अधिकारी उपस्थित थे।

चुनाव के निमित्त उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में सामग्री कोषांग, पोस्टल बैलेट पेपर कोषांग, ईवीएम वीवीपैट कोषांग की बैठक संपन्न

गिरिडीह। लोकसभा आम निर्वाचन व 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव के निमित्त आज समाहरणालय सभागार कक्ष में उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में सामग्री कोषांग, पोस्टल बैलेट पेपर कोषांग, ईवीएम वीवीपैट कोषांग, अटऋ कोषांग, नॉमिनेशन कोषांग समेत अन्य कोषांग की बैठक आयोजित किया गया। बैठक में उक्त कोषांग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस उप विकास आयुक्त ने बारी बारी से सभी कोषांगो की समीक्षा की तथा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिशा निदेर्शों के उचित अनुपालन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान उन्होंने कहा कि शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराना हमारी जिम्मेवारी है। सभी को आपसी सहयोग और समन्वय के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। ताकि निर्वाचन से संबंधित गतिविधियां सुचारू रूप से संचालित किया जा सकें। बैठक में उप नगर आयुक्त, उप निर्वाचन पदाधिकारी, सभी संबंधित कोषांग के नोडल पदाधिकारी/प्रभारी पदाधिकारी/सहयोगी पदाधिकारी तथा निर्वाचन शाखा के अधिकारी उपस्थित थे।

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरगंडा में महान स्वतंत्रता सेनानी बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती मनाई गई

गिरिडीह। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरगंडा में मंगलवार को महान स्वतंत्रता सेनानी बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती मनाई गई। प्रधानाचार्य आनंद कमल ने दीप जलाकर उनके चित्र के समक्ष श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मौके पर रुचिता कुमारी, शगुन कुमारी, अंकिता कुमारी एवं दिवेश मिश्रा ने उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला।

प्रधानाचार्य ने कहा कि देश में कुछ ऐसे विलक्षण व्यक्तित्व के होते हैं जो नियति से दो-दो हाथ करते हुए अपने जीवन को पल्लवित पुष्पित करते हैं। सन 1857 ईड्डके स्वतंत्रता संग्राम के महानायक बाबू कुंवर सिंह ऐसे ही व्यक्तित्व के थे,जिन्होंने परंपरागत बेड़ियों में जकड़ी राजसत्ता को एक नया आयाम दिया। छापामार युद्ध शैली से उन्होंने अंग्रेजों के नाको में दम कर दिया था।उन्होंने अपने प्राण निछावर कर दिए पर अंग्रेजों के सामने घुटने नहीं टेके। आज के युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेने की जरूरत है। कार्यक्रम को सफल बनाने में दिनेश सिंह, लक्ष्मी नारायण सिंह, राजेंद्र लाल बरनवाल, रामकिशोर प्रसाद ,मनोज कुमार चौधरी,अरविंद त्रिवेदी एवं समस्त आचार्य दीदी का योगदान रहा।

बच्चों ने मैट्रिक परीक्षा में शत-प्रतिशत परीक्षाफल लाकर स्कूल का बढाया मान

मधुबन(गिरिडीह)श्री बिजय भक्ति प्रेमशुरी श्वेताम्बर जैन उच्च विधालय के बच्चों ने मैट्रिक परीक्षा 24 मे सत-प्रतिशत परीक्षाफल लाकर स्कूल का मान बढाने का कार्य किया है।विधालय के सचिव कमल सिंह सुराणा ने मंगलवार को प्रेसवार्ता करते हुए बताया की मैट्रिक परीक्षा 24 मे कुल 80 बच्चों ने भाग लिया था।जिसमे 63 बच्चों ने प्रथम श्रेणी एवम बाकी बचे 17 बच्चों ने द्वितीय श्रेणी से सफलता प्राप्त किया है।श्री सुराणा ने बताया की 18 बच्चों ने अपने प्रतिफल मे 80 प्रतिशत से ज्यादा मार्क लेकर आया है।विधालय के प्रधानाचार्य परमेश्वर झा ने बताया की प्रतिफल मे रोहित कुमार तुरी विधालय मे 89:6 अंक लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है।वही शिवम भंडारी को 89:2 अंक लाकर द्वितीय स्थान एवम आलोक चौरसिया ने 87:6 प्रतिशत लाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया है।विधालय के सचिव कमल सिंह सुराणा व संयुक्त सचिव ताराबेन जैन तथा विधालय के प्रधानाचार्य परमेश्वर झा ने बच्चों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य का कामना किया है।

ग्रामीणों व समिति द्वारा हनुमान जन्मोत्सव का पूजन व विधान कार्यक्रम किया गया

मधुबन(गिरिडीह)पौराणिक हनुमान मंदिर के प्रागंण मे मंगलवार को ग्रामीणों व समिति की ओर से पीछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूरे हर्षोल्लास व उत्साह व श्रद्वा के साथ हनुमान जन्मोत्सव का पूजन व विधान कार्यक्रम किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष जयप्रकाश नारायण लाल ने किया।वही कार्यक्रम का संचालन समिति का सचिव नंदकिशोर सिंह ने किया।कार्यक्रम का अध्यक्ष श्री लाल ने बताया की मंगलवार 23 अप्रैल को पौराणिक मान्यता प्राप्त हनुमानजी मंदिर के प्रागंण मे पूरे हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ श्री प्राचीन हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोउत्सव का आयोजन धूम धाम से मनाया गया।

जिसमे तमाम महोत्सव प्रेमियों को सादर आमंत्रित किया गया था।श्री लाल ने बताया की प्रातःकाल 7 बजे विशेष पूजा आरती किया गया।वही शाम 6 बजे से हनुमान मंदिर से पूरे नगर में झांकी भर्मण करवाते हुए नगर भ्रमण किया गया।एवं रात 8:30 से मंदिर परिसर में कोलकाता निवासी स्व० हनुमान मल बांढीया के सुपुत्र पवन कुमार जैन(बांठिया)परिवार की ओर से विशाल भंडारा का आयोजन किया गया था।जिसमे सैकड़ों धर्मप्रेमियों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

समिति के सचिव नंदकिशोर सिंह ने हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम में आने वाले सभी धर्मप्रेमियों के लिए ढंडा पेयजल व सर्वत की व्यवस्था तिवारी टेडर्स की ओर से किया गया था।गौरतलब हो की हनुमान जन्मोत्सव पर निकाली गई झांकी व वरधोडा का सम्पूर्ण नैतृत्व कैलाश प्रसाद अग्रवाल के जिम्मे किया गया।

मनरेगा में बगैर डोभा निर्माण के लगभग 70 प्रतिशत राशि की हुई निकासी

- इसे अधिकारी का संरक्षण कहे या संलिप्तता, मामला तिसरी प्रखंड के मनसाडीह पंचायत का

उज्जवल दुनिया

निर्माण कार्य के नाम पर 128520 रुपए के भारी भरकम राशि की निकासी आखिर कैसे हुई?

गिरिडीह । वैसे तो मनरेगा योजनाओं में लूट और गड़बड़झाले की बात किसी से भी छुपी हुई नहीं है। आलम यह है कि मनरेगा के तहत होने वाले विभिन्न कार्यों में भारी गड़बड़झाला तो कई कार्य धरातल से ही गायब हैं बावजूद इसके सरकारी राशि की निकासी और बंदरबाँट बदस्तूर जारी है।इसे अधिकारी का संरक्षण कहे या संलिप्तता।

ऐसा ही एक मामला तिसरी प्रखंड के मनसाडीह पंचायत से प्रकाश में आया है। जहाँ बगैर निर्माण के लगभग 70 प्रतिशत राशि की निकासी कर ली गई है। मनरेगा योजना वर्ष 2022-23 के तहत मनसाडीह पंचायत के टिकुलिया गांव में सीताराम सोरेन पिता कान्हू सोरेन की जमीन पर डोभा निर्माण किया जाना था लेकिन अब तक उक्त स्थान पर डोभा का निर्माण नहीं करवाया गया है। यहां तक कि सौ मीटर के दायरे में कहीं भी निर्माण कार्य नहीं करवाया गया है।

बावजूद इसके 128520 रुपए की निकासी कर ली गई है। इतना ही नहीं उक्त स्थल पर लगे योजना बोर्ड को भी तोड़ दिया गया है ताकि कोई उसपर ध्यान न दे।

अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब निर्माण कार्य हुआ ही नहीं तो मजदूरों के नाम पर 128520 रुपए के भारी भरकम राशि की निकासी आखिर कैसे हुई? यदि निकासी हुई भी तो वो राशि कहां गई?

बगैर विभागीय कर्मियों की संलिप्तता के ऐसा होना सम्भव नहीं है।

यह सब देखकर ऐसा ही प्रतीत होता है कि मजदूरों के नाम पर बिचौलिये व सरकारी कर्मी ही मनरेगा की मलाई खा रहें हैं और सरकार को चुना लगा रहें हैं। गंभीरता से जांच हुई तो कई हैरतगेज कारनामें सामने आयेंगे।

बोर्ड तोड़ योजना: ज्यादातर स्थल पर योजना का बोर्ड टुटा हुआ ही मिलता है

मनरेगा में जिस प्रकार से कार्य किया जाता है यह बात किसी से भी छुपी हुई नहीं है। गौर करने वाली बात यह है कि कार्यस्थल पर लगाए गए ज्यादातर बोर्ड टूटे हुए पाए जाते हैं। वैसे तो मनरेगाकर्मियों के पास इसका एक अच्छा बहाना तैयार है कि मवेशियों द्वारा बोर्ड तोड़ दिया जाता है लेकिन इसमें भी गड़बडझाले की बू आती है। जानकारों का कहना है कि निर्माण कार्य के स्थान पर लगाए गए योजना बोर्ड से कहीं भांडा न फुट जाए इसलिए योजना बोर्ड को तोड़ दिया जाता है।अब भला इसमें कितनी सच्चाई है यह तो जांच का विषय है।

बरहाल पदाधिकारीयों के उदासीन रवैये से मजदूरों के लिए चलाई जा रही मनरेगा योजना में लूट और भ्रष्टाचार बदस्तूर जारी है। लिहाजा विभाग को भी इसपर ध्यान देने की दरकार है।

इस संबंध में मनरेगा बीपीओ और मुखिया प्रतिनिधि से फोन पर सम्पर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। इस संबंध में गिरिडीह उप विकास आयुक्त ने कहा कि मनरेगा योजनाओं में गड़बड़ी हुई तो निश्चित कार्यवाई की जाएगी।

दूसरे समुदाय की नाबालिग को बहला-फुसला कर भगाने के आरोपी और उसके सहयोगी को पुलिस ने भेजा जेल

- नाबालिग की सकुशल बरामदगी के साथ अफताब और एजाज अंसारी गिरफ्तार

उज्जवल दुनिया

तिसरी प्रतिनिधि।दूसरे समुदाय की नाबालिग लड़की को भागने के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी और उसके सहयोगी को गिरफ्तार किया है साथ ही नाबालिग को सकुशल बरामद भी किया है।

गिरफ्तार आरोपियों को तिसरी पुलिस ने मंगलवार को कोविड व मेडिकल जांच के बाद गिरिडीह जेल भेज दिया है। वहीं पुलिस द्वारा नाबालिग का 164 का बयान करवाया गया है।

गिरिडीह पुलिस ने मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इसकी जानकारी दी। बीते दिनों तिसरी थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग लड़की को गांवा थाना क्षेत्र के दूसरे समुदाय के एक युवक द्वारा बहला - फुसला कर भगाने का मामला प्रकाश में आया था। नाबालिग के पिता के आवेदन पर गांवा के कोभरवा निवासी अफताब अंसारी और उसके सहयोगी तिसरी के पपीलो गांव निवासी एजाज अंसारी, निसार अंसारी व अन्य के खिलाफ उनकी नाबालिग पुत्री को बहला फुसला कर भगाने के आरोप में कांड संख्या 23/24 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। जिसके बाद गिरिडीह पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर छापेमारी दल का गठन कर तकनीकी शाखा के सहयोग से अपहृता को पश्चिम बंगाल के कोलकाता से सकुशल बरामद कर लिया। साथ ही अभियुक्त अफताब अंसारी को गिरफ्तार कर ट्रांजिड रिमांड पर कोलकाता से गिरिडीह लाया गया। अफताब के निशानदेही पर निसार अंसारी को पपीलो से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में गिरिडीह जेल भेज दिया गया। वहीं तीसरा प्राथमिक अभियुक्त आरोपी एजाज अंसारी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

कसमार में ज़िला भू-अर्जन कार्यालय ने लगाया कैंप कोर्ट

बोकारो (कसमार) : वाराणसी से कोलकाता सिक्सलेन एक्सप्रेसवे निर्माण एवं बरलंगा से कसमार राजमार्ग निर्माण कार्य में भूमि अधिग्रहित मौजा के हितबद्ध रैयतों के भूमि संबंधी विवादों को निपटारा हेतु प्रखंड सह अंचल कार्यालय स्थित सभागार में जिला भू-अर्जन कार्यालय द्वारा कैंप कोर्ट का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से ज़िला भू अर्जन के कसमार अंचल अधिकारी सु-रेश कुमार सिन्हा मौजूद थे। कैंप कोर्ट में रांगामाटी, कुरको, बगदा, बगियारी, जामकुदर आदि गांवों के रैयत शामिल हुए। जिसमें संबंधित भूमि के दस्तावेजों का जांच किया गया और कई मामलों निपटारा भी किया गया। बोकारो जिला से वरीय पदाधिकारी ने बताया कि जो भी विवादित भूमि है उसका खतियान, रजिस्ट्री डीड, पर्चा के साथ अद्यतन आनलाईन रसीद जमा करें। और जमीन का मुआवजा भुगतान प्राप्त कर सकते हैं। सिक्सलेन एक्सप्रेसवे निर्माण में प्रगति लाने का निर्देश आया है।

यूपीएससी में चयनित नाजिया प्रवीण ने छात्राओं से कहा की यूपीएससी भारत की सबसे प्रतिष्ठित प्रतिस्पर्धा है, माध्यम कोई मायने नहीं रखता

- आप अपने दिल और दिमाग में एक बात लेकर काम करें कि मुझे टॉप आना है

उज्जवल दुनिया

गिरिडीह । सर जे सी बोस मुख्यमंत्री बालिका उत्कृष्ट विद्यालय में छात्राओं के लिए एक करियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया।इस दौरान बतौर मुख्य वक्ता यूपीएससी में चयनित गिरिडीह के भंडारीडीह निवासी नाजिया प्रवीण शामिल हुई।

ज्ञात हो कि नाजिया प्रवीण ने इसी महीने यूपीएससी के परीक्षा क्वालीफाई की है और इन्हें आईपीएस का रैंक मिला हुआ है। इस कार्यक्रम में सभागार में प्राचार्य मुन्ना प्रसाद कुशवाहा के द्वारा बुके और गीता कुमारी सिन्हा द्वारा शॉल देकर अतिथि का सम्मानित किया गया। तत्पश्चात प्राचार्य श्री कुशवाहा ने छात्राओं को नाजिया प्रवीण की मेहनत और इनकी उपलब्धि जिससे पूरा गिरिडीह गौरवान्वित हुआ सलाम करते हुए कहा मेरे स्कूल की भी बेटियां एक दिन इसी तरह मंच पर आए और उनका भी सम्मान हमें शॉल और बुके के द्वारा करने का सौभाग्य प्राप्त हो ,हम उस दिन की कल्पना कर रहे हैं। करियर काउंसलिंग का संचालन करते हुए शिक्षक राकेश कुमार सिंह ने मंच पर नाजिया मैडम को आमंत्रित करते हुए उनके विचारों और उनके मोटिवेशन की बातें उनके यूपीएससी क्रैक करने तक के सफर को छात्राओं से साझा करने का आग्रह किया । मौके पर नाजिया ने छात्राओं से कहा की यूपीएससी भारत की सबसे प्रतिष्ठित प्रतिस्पर्धा है जिसमें परीक्षा का माध्यम कोई मायने नहीं रखता। आपको इसकी तैयारी करने के लिए इसके सिलेबस के डिटेल्स को भी जानना पड़ता है। कॉन्फिडेंस को बढ़ाने के लिए अपने मस्तिष्क को नॉलेज से भरिए और जब आपके पास नॉलेज होगा तो आपका कॉन्फिडेंस लेवल भी ऊपर होगा। अंदर से डेडीकेशन और पैशन को जिंदा करना होगा

विद्यार्थियों के एक सवाल के जवाब में कि आपने यूपीएससी क्यों चुना कहा कि आज देश में पॉलिसी मेकिंग में महिलाओं की संख्या बहुत कम है और इसलिए महिलाओं के मुद्दे महिलाओं की बातें जब नीति निर्धारण होता है तो उनकी उपस्थिति कम होने से होने वह स्थान नहीं मिल पा रहा इसलिए हम जैसी बेटियों जब नियम कानून को बनाने के लिए सशक्त हो पाएंगे तो महिलाओं की बातें और अधिक होगी उन्हें और स्थान मिलेगा ।

धन्यवाद ज्ञापन करते हुए वरीय शिक्षक मोहम्मद अख्तर अंसारी ने बेटी घर में बेटी की महत्ता और आज एक बेटी को इस मुकाम को देखते हुए बड़े प्रसन्नता व्यक्त की साथ ही साथ विद्यालय के लिए समय निकालने के लिए बच्चों के साथ अपने अनुभव साझा करने के लिए इनका बहुत आभार व्यक्त किया

लक्ष्मीपुर में कलश यात्रा के साथ ही 11 दिवसीय श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ सह नंदी बाबा प्राण प्रतिष्ठा प्रारंभ

तिसरी प्रतिनिधि। तिसरी प्रखंड के लक्ष्मीपुर में मंगलवार को कलश यात्रा के साथ ही 11 दिवसीय श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ सह नंदी बाबा प्राण प्रतिष्ठा की शुरूआत हो चुकी है। इसी को लेकर 651 महिला व युवतियों के साथ कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें गाजे - बाजे के साथ महिला व युवतियों ने मंदिर से माथे पर कलश लेकर सकरी नदी के तट पर पहुंची जहां पंडितों द्वारा विधिवत पूजा - अर्चना के पश्चात कलशों में जल भरा गया।

जिसके बाद यह यात्रा लक्ष्मीपुर से पूणार्डीह, मंझलाडीह होते हुए वापस मंदिर प्रांगण पहुंचकर समाप्त हुई।इस दौरान यज्ञ कमिटी के अध्यक्ष मंटू शर्मा ने बताया कि श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ सह नंदी बाबा प्राण प्रतिष्ठा को लेकर 11 दिवसीय पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। जिसमें लक्ष्मीपुर, पूणार्डीह और मंझलाडीह गांव के लोग इस महायज्ञ को संपन्न कराने में लगे हुए हैं। यज्ञाचार्य श्री विजय पांडे जी द्वारा प्रतिदिन दैनिक पूजन व वृन्दावन की कथावाचिका कृष्णेहा दामोदर द्वारा रात्रि में कथा के साथ झांकी कार्यक्रम का आयोजन भी किया जायेगा।वहीं अंतिम दिन पूणार्हुति व भंडारे के साथ यज्ञ का समापन हो जायेगा। अर्जुन मोदी, हरिहर प्रसाद यादव, कृष्ण कुमार पंडित, विजय राम, नंदकिशोर प्रजापति,भूषण यादव समेत सैकड़ों भक्त मौजूद थे।

श्री श्री 108 शिव शक्ति महायज्ञ को लेकर मंगलवार को जल यात्रा निकाली गयी

डुमरी:रोशनाटुंडा पंचायत के चपरखो में आयोजित 5 दिवसीय श्री श्री 108 शिव शक्ति महायज्ञ को लेकर मंगलवार को जल यात्रा निकाली गयी।108 कन्याओं एवं महिलाओं ने अपने सिर पर कलश रख शिव मंदिर चपरखो से लक्ष्मणटुंडा के हंडुवासूखा उतरवाहिनी नदी गयी जहां जहां यज्ञ आचार्य लखन पांडेय ने सभी कलशों में अभिमंत्रित जल भरवाया जहां से चकरबरई होते हुए पुनः शिव मंदिर यज्ञ मंडप पहुंचे।इस दौरान कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं द्वारा की जा रहे जयकारे के उद्घोष से पूरा क्षेत्र शिवमय हो गया था।5 दिवसीय महायज्ञ अनुष्ठान को लेकर आकर्षक पंडाल, प्रकाश,साउंड एवं यज्ञ मंडप का निर्माण किया गया है।यज्ञ को लेकर प्रति संध्या भक्तिमय कथा प्रवचन का आयोजन किया गया है।23 अप्रैल को कलश यात्रा एवं मंडप प्रवेश सह वेदी पूजन यज्ञ प्रारंभ एवं प्रवचन वहीं अन्य दिनों में ऐसे से कार्यक्रम निर्धारित हैं जबकि 27 अप्रैल को यज्ञ अभिषेक,पूजन,आरती,पुणार्हुति, हवन एवं भंडारा का कार्यक्रम सुनिश्चित किया गया है।कलश यात्रा में क्षेत्र के जिप सदस्या सुनीता कुमारी आजसु विधानसभा प्रभारी यशोदा देवी भाजपा नेता सुरेन्द्र कुमार पंचायत के उप मुखिया तेजलाल महतो, नागो सिंह,चेतलाल सिंह,किशुन ठाकुर,यशवंत गुप्ता, अनिल सिंह,संजय सिंह,कुंजलाल सिंह,बसंत सिंह,घनश्याम सिंह हिन्द मजदूर किसान यूनियन के अनुमंडल अध्यक्ष गंगाधर महतो, मोहन कुमार सहित सैकड़ो श्रद्धालु शामिल थे।

श्री हनुमान जन्मोत्सव सह क्रीड़ा भारती स्थापना दिवस पर जिला स्तरीय बेंच प्रेस प्रतियोगिता हुई आयोजित

उज्जवल दुनिया उज्जवल दुनिया

श्री हनुमान जन्मोत्सव सह क्रीड़ा भारती स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में क्रीड़ा भारती द्वारा जिला स्तरीय बेंच प्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मंगलवार को श्री हनुमान जन्मोत्सव सह क्रीड़ा भारती स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में क्रीड़ा भारती द्वारा गोल्ड फिटनेस जिम मे जिला स्तरीय बेंच प्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिले के अलग अलग जिम से 60 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।

इस कार्यक्रम की सुरवात भगवान बजरंगबली को पुष्प अर्पित कर किया गया फिर क्रीड़ा भारती गीत खेल खिलाड़ी खेल सभी ने सामूहिक रूप में गया।

क्रीड़ा भारती के जिला अध्यक्ष राजेंद्र तरवे ने बताया कि इस अवसर पर क्रीड़ा भारती गिरिडीह द्वारा कुछ ना कुछ प्रतियोगिता का आयोजन प्रत्येक वर्ष किया जाता है इसके नियमित ही आज इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जिला मंत्री अमित स्वर्णकार ने कहा कि क्रीड़ा भारती का उद्देश ही भारत के सभी नागरिक को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखना है। अंडर 60 किलोग्राम में प्रथम सुजल कुमार, सेकंड अमित चंद्रवंशी, सत्यम सिंह,और ओवर 60 किलोग्राम में प्रथम सौरभ कुमार द्वितीय अभय गुप्ता और तृतीय ज्ञानेन्द्र कुमार रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुधीर आनंद, आकाश कुमार स्वर्णकार, शशिकांत विश्वकर्मा,और गोल्ड फिटनेस जिम का निदेशक सुजीत बर्मन का अहम योगदान रहा।

गिरिडीह में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव

- मंदिरों में हुई श्रद्धा भाव से पूजा अर्चना, भंडारे का हुआ आयोजन
- कुटिया प्रांगण स्थित बालाजी मंदिर में हुआ सुंदरकांड पाठ

उज्जवल दुनिया

गिरिडीह। भगवान श्रीराम भक्त हनुमान के जन्मोत्सव के मौके पर शहर के विभिन्न हनुमान मंदिरों में भव्य रूप से वीर बजरंगबली की पूजा अर्चना की गई। इस क्रम में शहर के बड़ा चौक स्थित श्रीराम जानकी महाबीर मंदिर, कुटिया मंदिर स्थित बालाजी मंदिर, टावर चौक स्थित शिव महावीर मंदिर व हनुमान मंदिर, कोल्डीहा स्थित संकट मोचन मंदिर, धरियाडीह स्थित हनुमान मंदिर सहित शहर व ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न हनुमान मंदिरों में अहले सुबह से ही अनुष्ठान शुरू हो गया था। जिसमें काफी संख्या में भक्तों ने हिस्सा लिया और श्रद्धा भाव से बजरंगबली की पूजा अर्चना की।

इस दौरान बड़ा चौक स्थित हनुमान मंदिर, कुटिया मंदिर, धरियाडीह स्थित हनुमान मंदिर पूजा अर्चना के साथ ही भव्य भंडारे का भी आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में भक्त शामिल हुए और भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। कई मंदिरों में विश्वहिन्दू परिषद व बजरंग दल के पदाधिकारी अनूप यादव, गुड्डु यादव, शिवपूजन कुमार, शक्ति साहा सहित अन्य सदस्यों के द्वारा अनुष्ठान कराया गया।

इधर शहर के कुटिया मंदिर स्थित बालाजी मंदिर में श्री महावीर कुटिया सेवा समिति के द्वारा अनुष्ठान के साथ ही संगीतमय सामूहिक सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में भक्त शामिल हुए सुनील केडिया के साथ सुंदरकांड पाठ किया। वहीं दोपहर को बालाजी महाराज की रसोई का भी आयोजन किया गया।

जिसमें भक्तों ने शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया। अनुष्ठान को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष राजेश जालान, नीलकमल भारतिया, रोहित जालान सहित अन्य सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

मिठाई फैक्ट्री से निकलने वाले दुर्गंधयुक्त पानी के गड्ढे में डूबकर 7 वर्षीय बच्चे की मौत

उज्जवल दुनिया

डुमरी:डुमरी थाना क्षेत्र के आइबीपी के समीप वर्षों से संचालित मिठाई निर्माण फैक्ट्री से निकलने वाला गंदा और दुर्गंधयुक्त पानी को जमा करने हेतु खुले में बनाये गये गड्ढा में डूबकर सोमवार को एक 7 वर्षीय बच्चे की मौत हो गयी। काफी खोजबीन के बाद बच्चे को गड्ढे से रात्रि करीब 10 बजे निकाला गया जिसके बाद घटना की जानकारी पुलिस को दी गयी।

पुलिस ने आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी कर शव की पोस्टमार्टम के लिए मंगलवार को गिरिडीह भेज दिया। घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। हालांकि मामले को रफादफा करने के लिए स्थानीय कुछ सफेदपोश आपाधापी शुरू कर दिया था ताकि कुछ मुआवजा राशि दिलाकर मामला सलटा दिया जाये लिए मृतक के पिता अवैध रूप से मिठाई निर्माण फैक्ट्री संचालित होने का आरोप लगाकर दोषी संचालक पर कठोर से कठोर सजा देने की मांग स्थानीय पुलिस प्रशासन से की है।

मृतक के पिता का कहना है कि अवैध रुप से संचालित इस मिठाई निर्माण फैक्ट्री से लोगों का जीना मुहाल हो गया है क्योंकि मिठाई निर्माण में प्रयुक्त पानी खुले में बने उक्त गड्ढे में जमा रहता है जिससे निकलने वाला बदबू से क्षेत्र के लोगों का खट्टा और सड़ांध दुर्गंध से रहना मुश्किल हो जाता है। बता दें कि क्षेत्र में मिलावटी मिठाई,लड्डु एवं अन्य मिठाई निर्माण का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है हालांकि बीच बीच में ऐसे धंधेबाजों के खिलाफ तो कार्रवाई होती है लेकिन फिर चालू हो जाता है।

डुमरी के निवर्तमान एसडीएम प्रेमलता मुर्मू गिरिडीह खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी के साथ मिलकर क्षेत्र में संचालित मिठाई निर्माण फैक्ट्री,मिलावट मसाला निर्माण और प्रतिबंधित गुटखा बेचने एवं भंडारण करने वाले के विरूद्ध छापेमारी या सील अभियान समय अंतराल के बाद चलाती रहती थी।इधर घटना की खबर सुनकर

बीस सूत्री अध्यक्ष डेगलाल महतो मुखिया प्रतिनिधि निर्मल जायसवाल पुर्व मुखिया फलजीत महतो,प्रितम महतो,तुलसी साव,मिश्रीलाल महतो आदि शोकाकुल परिवार से मिल सांत्वना दी।

महिला के साथ मारपीट व छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को मुफस्सिल पुलिस ने भेजा जेल

साहिबगंजः मुफस्सिल थाना क्षेत्र की पुलिस ने महिला के साथ मारपीट करने वाले आरोपी युवक को मंगलवार को गिरफ्तार करने के बाद सदर अस्पताल में मेडिकल जांच करवाने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। जहां आरोपी की महादेवगंज जयंती ग्राम निवासी बबलू रविदास पिता पदारी रविदास के रूप में हुई है। इसको लेकर मुफस्सिल थाना प्रभारी शशि कुमार सिंह ने बताया कि पूर्व में हुई मारपीट व छेड़छाड़ के आरोप में आरोपी युवक के खिलाफ मुफस्सिल थाना में कांड संख्या 31/24 के तहत मामला दर्ज था जिसके बाद उसे गिरफ्तार करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

प्रखंड सभागार में साप्ताहिक समीक्षात्मक बैठक का किया गया आयोजन

राजमहल संवाददाताः मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी उदय कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में प्रखंड सभागार राजमहल में सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, विभागीय पदाधिकारी, कर्मी, अभियंता, पंचायत सचिव, जनसेवक, रोजगार सेवक के साथ साप्ताहिक समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से निर्वाचन, मनरेगा, आवास, 15 वें वित्त योजना की समीक्षा की गई। उधर समीक्षा के क्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा सभी सेक्टर पदाधिकारी को लगातार मतदान केन्द्र का निरीक्षण करने तथा उनमें मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने का सख्त निर्देश दिया गया।

पुलिस ने लौटाए खोए हुए मोबाइल फोन

- खोए मोबाइल वापस मिले तो लौट आई चेहरे की मुस्कान

राजमहल संवाददाताः थाना क्षेत्र अंतर्गत कासिम बाजार के राहुल कुमार पांडे पिता सुशील पांडे ने अपने मोबाइल फोन गुम हो जाने के मामले में बीते दिनों राजमहल थाना में सनहा दर्ज कराया था। इस पर राजमहल थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मानवीय और तकनीकी सहायता से गुम हुए मोबाइल को बरामद किया। उधर मंगलवार को थाना प्रभारी गुलाम सरवर ने अपने कार्यालय कक्ष में राहुल कुमार पांडे को बरामद की गई मोबाइल को सौंप दिया। उधर खोए मोबाईल फोन को फिर से मिलने पर राहुल कुमार पांडे ने राजमहल पुलिस के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया।

सेल गुवा माइंस का हुआ निरीक्षण

- आने वाले समय में सेल गुवा का भविष्य स्वर्णिम होगा - -एस एस बेहरा



गुवा। सेल गुवा माइंस का निरीक्षण डीजीएमएस रांची के द्वारा किया गया ।आयोजित कार्यक्रम में डीजीएम एस राँची के श्री एस एस बेहरा के द्वारा सेल गुवा माइंस क्रे विभिन्न क्षेत्रो की मुआयना किया गया ।उत्पादन क्षेत्र में होने वाले अयस्क एवं लंप उत्पादन की प्रक्रिया एवं खान सुरक्षा संबंधी किए गए उपलब्धियां की निगरानी व देख रेख की गई ।सेल गुवा मुख्य महाप्रबंधक कमल भास्कर की अगुवाई में टीम के द्वारा माइंस निरीक्षण की गई ।इस निरीक्षण कार्यक्रम में सेल के दर्जनों पदाधिकारी में महाप्रबंधक एसपी दास,महाप्रबंधक सीबी कुमार , महाप्रबंधक आरके सिन्हा, उप महाप्रबंधक निरंजन चौधरी, उपमहाप्रबंधक मिलन नंदी व अन्य कई शामिल दिखे । राँची डायरेक्टर ऑफ माइन्स श्री एस एस बेहरा ने प्रतिक्रिया देते हुए बताया कि सेल गुवा मे अति आधुनिक उपकरणों के द्वारा लौह अयस्क की उत्पादन एवं परिचालन की जाती है ।मौके पर सेल पदाधिकारी एवं सेल कर्मियों को बेहतर उत्पादन एवं एक्सीडेंट फ्री उत्पादन के दिशा निर्देश दिए । बताया जाता है कि सेल की लौह अयस्क खदान स्टील प्लांट की रीढ़ होती है। स्टील बनाने में इसका अहम् योगदान होता है।सेल गुवा लौह अयस्क खान के विस्तार की पूरी संभावनाए हैं एवं आनेवाले समय में सेल गुवा का भविष्य स्वर्णिम होगा।

मेघाहातुबुरु के तत्वाधान में हर्षोउल्लास के साथ हनुमान जयन्ती मनी

- हनुमान जयंती भगवान हनुमान के जन्म का प्रतीक है - मुखिया लिपी मुंडा



गुवा। मां काली मंदिर कमिटी, मेघाहातुबुरु के तत्वाधान में हर्षोउल्लास के साथ हनुमान जयन्ती मनाया गया ।इस दौरान मंदिर के पुजारी द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना की गई ।इस पूजा में दर्जनों भक्त शामिल हुए।पूजा पश्चाताप प्रसाद के रूप में खिचड़ी महाभोग का आयोजन किया गया ।इस महाभोग में शहर के विभिन्न धर्म व समुदाय के सैकड़ों आम से लेकर खास वर्ग के लोग शामिल हुए ।इस अवसर पर क्षेत्र की मुखिया लिपी मुंडा ने कहा कि हनुमान जयंती भगवान हनुमान के जन्म का प्रतीक है। ऐसा माना जाता है कि इस दिन भाव के साथ पूजा करने से शुभ फलों की प्राप्ति होती है। भक्त इस दिन को बहुत खुशी और उत्साह के साथ मनाते हैं। मुखिया लिपी मुंडा ने आगे बताया कि कालिका की उपासना से जीवन में सुख, शांति, शक्ति एवं विद्या की प्राप्ति होती है। मां कालिका की भक्ति का प्रभाव व्यावहारिक जीवन में मानसिक, शारीरिक और सांसारिक बुराइयों के अंत के रूप में दिखाई देता है।

डीएवी में बच्चो को फायर फाइटिंग की दी गई जानकारी

पाकुड़ः अग्निशामक विभाग पाकुड़ की ओर से मनाए जा रहे राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह के सातवें दिन शनिवार को अग्निशामक पदाधिकारी के नेतृत्व में उनके टीम द्वारा डी ए वी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में बच्चों एवं शिक्षकों के बीच फास्ट एवं फायर फाइटिंग का प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों को आग से बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान अग्निशामक के जवानों ने बच्चों को आग से होने वाले घटनाओं और अग्निशामक उपकरणों से उसे बुझाने के तरीके की जानकारी दी गई। मौके पर अधिकारी ने बताया कि आग से न दोस्ती अच्छी है न दुश्मनी। हमे इसका सम्मान करना चाहिए। एक छोटी सी भूल बड़ी घटना को अंजाम दे सकता है। बच्चों ने फायर अधिकारियों से आग बुझाने के प्रति कई सवाल किए।

सड़क दुर्घटना में कैरा सोल निवासी व्यक्ति हुआ गंभीर रूप से घायल, लाया गया सदर अस्पताल

- घायल की मां ने कहा काश बेटा हेलमेट पहना होता तो नहीं लगता गंभीर चोट

उज्जवल दुनिया संवाददाता

तालझारीः थाना क्षेत्र अंतर्गत महाराजपुर तालझारी मुख्य सड़क के करणपुरा के समीप मंगलवार को एक मोटरसाइकिल चालक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल व्यक्ति कैरासोल गांव निवासी शिवलाल रजवार पिता चमरू रजवार किसी काम से करणपुरा स्टेशन गया था जहां वापस अपने घर आने के दौरान करणपुरा के समीप मुख्य सड़क पर दोपहर लगभग 1:30 बजे अनियंत्रित होकर गिर गया जिससे चेहरे व माथे पर अत्याधिक चोट लगने से उसका माथा फट गया। उधर दुर्घटना के बहुत देर बाद तक घायल व्यक्ति वही सड़क पर पड़ा रहा।

वही दुर्घटना के घंटो बाद तालझारी थाना से मनोज मालवीय उधर जा रहे थे और साहिबगंज की ओर से राजमहल थाना के एएस-ाआई अरविंद कुमार एवं तशलिम राजा वापस राजमहल लौट रहे थे। जहां सड़क पर दुर्घटनाग्रस्त पड़े मोटरसाइकिल चालक को देखकर उसे फौरन टैंपू के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तालझारी लाया गया। इधर घटना की सुचना अरविंद कुमार के द्वारा सड़क सु-रक्षा योद्धा प्रजापति ओम प्रकाश बाबा को दी गई। उधर ओमप्रकाश बाबा ने तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तालझारी पहुंचकर डॉ. पिंकू चौधरी को घटना की जानकारी दी। जहां डॉ. पिंकू चौधरी और डॉ. मिलीन्द राज के द्वारा घायल व्यक्ति का तुरंत प्राथमिक उपचार किया गया। उधर घायल शिवलाल रजवार की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तालझारी में प्राथमिक उपचार करने के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज रेफर कर दिया गया। उधर सदर अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. मुकेश कुमार ने फौरन गंभीर रूप से घायल व्यक्ति का इलाज शुरू किया। वही घटना को लेकर शिवलाल रजवार की मां संतोषी देवी ने कहा कि काश उनका बेटा हेलमेट पहनकर निकला होता और उसका कहना मानता तो आज उसके बेटे की ऐसी दशा नहीं होती। इधर घटना के बाद से उसकी मां और पत्नी का रो रोकर बुरा हाल है। वही खबर लिखे जाने तक घायल व्यक्ति का इलाज सदर अस्पताल में जारी था। इस मौके पर एसआई सियाराम पंडित, विकास मित्र प्रिंस कुमार मोदी मौजूद थे।

कीटनाशक दवाई खाने से सुरंगा निवासी व्यक्ति हुआ मूर्छित, सदर अस्पताल में हुआ भर्ती

उज्जवल दुनिया संवाददाता

साहिबगंजः बरहरवा थाना क्षेत्र के सुरंगा निवासी व्यक्ति रमेश ठाकुर पिता भोला ठाकुर ने मंगलवार को थाना क्षेत्र के केलाबाड़ी के समीप चावल के खेत में डालने वाला कीटनाशक दवाई खा लिया जिसके कारण उसकी स्थिति बिगड़ गई। उधर परिजनों को जानकारी मिलने के बाद उसे फौरन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहरवा में भर्ती करवाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। उधर सदर अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. मुकेश कुमार की देखरेख में उसका इलाज किया जा रहा है। वही घटना को लेकर गंभीर रूप से मूर्छित हुई व्यक्ति की पत्नी मंजू देवी ने बताया कि उसके पति नाई का काम करते हैं। जहां मंगलवार की सुबह 9 बजे वो अपनी साइकिल लेकर दुकान पर जाने की बात कह कर घर से निकले थे। उधर लगभग तीन बजे के आसपास उन्हें जानकारी मिली कि वो थाना क्षेत्र के केलाबाड़ी के पास सड़क किनारे बेसुध पड़े हैं जिसके बाद उन्हें परिजनों की मदद से इलाज हेतु सीएचसी में भर्ती करवाया है जहां से उन्हें साहिबगंज सदर अस्पताल भेज दिया गया है।

भीष्ण गर्मी को देख नपं क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में लगाया गया निःशुल्क प्याऊ केंद्र

उज्जवल दुनिया संवाददाता

बरहरवाः बीते कई दिनों से क्षेत्र का तापमान काफी बढ़ गया है। जहां चिलचिलाती धूप व भीष्ण गर्मी से आम लोग त्रस्त हैं। उधर भीष्ण गर्मी व लू से बचाव को लेकर शहर के सुप्रसिद्ध दवा व्यवसाय सह सामाजिक कार्यकर्ता सुमन कुमार की ओर से तात्कालिक प्याऊ की व्यवस्था नगर पंचायत क्षेत्र के पहाड़ी बाबा चौक, मुंशी पोखर, स्टेशन चौक समीप न्यू आदित मेडिकल के समक्ष शीतल पेयजल की समुचित व्यवस्था की गई है। इस बाबत सामाजिक कार्यकर्ता सुमन कुमार ने कहा कि सबसे ज्यादा दिक्कत राहगीरों को होती है। वही दुकानदार बगैर कोई खाद सामग्री खरीदे उन्हें पानी छूने नहीं देते हैं ऐसे में लोगों को प्यासा रहना पड़ता हैं। आगे उन्होंने कहा कि कुछ ही लोग ऐसे होते हैं जो ब्रांडेड कंपनियों का पानी खरीदने की क्षमता रखते हैं। वही श्री कुमार ने कहा राहगीरों को पानी की समस्या से दो चार नहीं होना पड़े इसके लिए पूरे गर्मी भर उनके कार्यकताओं की देखरेख में निःशुल्क प्याऊ शिविर लगाया जाएगा। वहीं वर्तमान समय में करीब एक माह का चलने वाला रामनवमी मेला का आयोजन बिंदुधाम की तलहटी में होने के कारण शहर में दिन रात सैकड़ो की संख्या में लोगों का आवागमन होता रहता है ऐसे में जगह जगह प्याऊ केंद्र के होने से भक्तों एवं राहगीरों के बीच हर्ष का माहौल हैं।

उधर लोगों ने सामाजिक कार्यकर्ता श्री कुमार के इस सराहनीय कार्यों को देख काफी सराहना किया है। इस मौके पर अंकित गुप्ता, काली भगत, कमल सिंह, अमित गुप्ता, कैलाश रविदास, पप्पू दुबे, ललन सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

जनता दरबार लगाकर उपायुक्त ने सुनी आमजनों की समस्याऐं

साहिबगंजः जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त हेमंत सती ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में मंगलवार को जनता दरबार लगाकर दूरदराज इलाकों से आए आमजनों की समस्याऐं सुनी। जहां कार्यालय प्रकोष्ठ में समस्याओं को लेकर तालझारी प्रखंड के संबलपुर में एकलव्य आवासीय विद्यालय के रोकथाम को लेकर ग्रामीण ने उपायुक्त के समक्ष विरोध जताया। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि गांव के प्रधान द्वारा उन लोगों को भड़काया जा रहा है एवं वहां निवास करने वाली महिलाओं के व्यवसाय करने के उद्देश्य से ग्राम प्रधान को 53 हजार भी दिए जिसका आज तक उनका लाभ नहीं मिला। इधर उपायुक्त ने समस्याओं को सुन गहरी चिंता व्यक्त की एवं प्रधान को अति शीघ्र प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को निर्देशित करते हुए आईपीसी धारा 353 के तहत ग्राम प्रधान पर कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। वही उपायुक्त ने बताया कि एकलव्य आवासीय विद्यालय ग्रामीण के हित के लिए निर्माण किया जाना है जिसमें ग्रामीणों के बच्चे शिक्षा लेकर अपनी उज्जवल भविष्य को संवारेंगे। साथ ही विभिन्न प्रखंडों से आए आमजन तन्नु प्रिया, सोनाराम मड़ैया, अनिल लोहार ने अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष साझा। जिसपर उपायुक्त ने समस्याओं को शीघ्र ही हल करने का आश्वासन दिया गया।

ट्रक ओर कार की टक्कर में कार चालक हुआ घायल

मरकच्चो :- नवलशाही थाना क्षेत्र के अंतर्गत कोडरमा-गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित नवादा पेट्रोल पम्प के समीप मंगलवार दोपहर को गिट्टी लदा ट्रक और ईऑन कार की टक्कर में कार चालक गंभीर रूप से हुआ घायल। जानकारी के अनुसार ट्रक बीआर 01जीजे -5015 नवलशाही से डोमचाँच की ओर जा रहा था। इसी क्रम में विपरीत दिशा से आ र-ही ईऑन कार जेएच 12डी -5551 में जोरदार टक्कर में कार के परखच्चे उड़ गए. जिसमें कार चालक गंभीर रूप से घायल होकर कार में ही फंस गया। जिसे स्थानीय ग्रामीण व नवलशाही पुलिस ने कड़ी मशक्कत से कार से बाहर निकलते हुए 108 एम्बुलेंस से सदर अस्पताल कोडरमा लाया गया ।जहाँ घायल युवक का इलाज किया जा रहा हैं.

माल मंडरो के दर्जनों छात्र छात्राओं ने फॉसिल पार्क का किया भ्रमण, शोधकर्ता के साथ किया शैक्षणिक संवाद

उज्जवल दुनिया संवाददाता

मंडरोः राजमहल पहाड़ी में फॉसिल होना विश्वभर के लिए प्रकृति का सबसे बड़ा उपहार है जहां हमें इस सब को सुरक्षित और संरक्षण करना चाहिए। जहां करोड़ों साल के भू वैज्ञानिक घटना का साक्षी है। राजमहल पहाड़ इसे हम सभी साहिबगंज वासी बचाएं। जहां मंगलवार को मंडरो फॉसिल पार्क में भू विज्ञान विषय का चयन, महत्व और राजमहल पहाड़ी संसाधन का भू वैज्ञानिक महत्व लखनऊ के भू वैज्ञानिक शोधार्थी के द्वारा छात्र छात्र-ाओं के बीच भू वैज्ञानिक और तकनीकी जानकारी का संवाद किया गया। जिसमें 9 वीं, 10 वीं, 11 वीं, और 12 वीं के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। उधर भू विज्ञान, भूगोल और विज्ञान विषय के महत्व, लोकप्रिय रुचिकर पहलू को छात्र छात्राओं के बीच बताया गया। इस दौरान बीएसआईपी लखनऊ, उत्तर प्रदेश के शोधकर्ता, झारखंड से सू-रज कुमार साहू, मध्य प्रदेश के आनंद राजोरिया, झारखंड के रामानंद सागर ने सभी छात्र छात्राओं को भू विज्ञान विषय के बारे में विस्तार से बताया साथ ही साथ लाए प्लांट्स फॉसिल का डिस्प्ले कर इसके बारे में बताया गया। साथ में डॉ. रणजीत कुमार सिंह भू विज्ञान विभाग मॉडल कॉलेज राजमहल सह प्राचार्य ने भी उपस्थित सभी छात्र छात्र-ाओं को राजमहल पहाड़ के बनने के प्रक्रिया को सरल भाषा में समझाया।

घरेलू विवाद में विवाहिता महिला ने काटा हाथ का नस, सदर अस्पताल में भर्ती

साहिबगंजः नगर थाना क्षेत्र के गुल्ली भट्टा पांच मोड़ निवासी विवाहिता महिला चांदनी देवी पति विक्की गुप्ता ने घरेलू विवाद में गुस्से में आकर बांए हाथ का नस काट लिया। जिसके बाद परिजनों ने आनन फानन में उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर आए जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. मुकेश कुमार ने उसका इलाज किया। वही इसको लेकर घायल विवाहिता महिला के पति ने बताया कि आए दिन घर में किसी न किसी बात को लेकर उन लोगों के बीच लड़ाई झगड़ा होता रहता है जिसके कारण मंगलवार को उसने गुस्से में आकर इस तरह के कदम उठा ली। उधर सदर अस्पताल में घायल महिला का इलाज जारी है जहां वो फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है।

घोष टोला में अगलगी की घटना में 9 घर जलकर राख

उज्जवल दुनिया संवाददाता

उधवाः प्रखंड क्षेत्र के कटहलबाड़ी पंचायत अंतर्गत घोष टोला में मंगलवार को खाना बनाने के दौरान आग लगने से नौ घर जलकर राख हो गया। मिली जानकारी के अनुसार कटहलबाड़ी पंचायत के घोष टोला गांव में मंगलवार की दोपहर अशोक मंडल के घर उनके परिवार के लोग अपने रसोई घर में दोपहर का खाना बना रही थी तभी अचानक चूल्हे से निकली आग फूस से बने घर के दीवार में लग गई। वही देखते ही देखते आग भड़क उठी और टट्टी फूस टीन से बने घर के चारों ओर फैल गई। वही आग की कहर इतनी तेज थी कि उनके घर के पड़ोसी घीसू मंडल, विषु मंडल, दिलीप मंडल, स्वाधीन घोष, आनंद घोष सहित नौ घर को भी अपने चपेट में ले लिया। जबकि छोटी लाल मंडल, सुबोध मंडल के घर आँ-शक जलने की बात सामने आ रही है। जहां आगलगी की खबर सुनते ही गांव में अफरातफरी मच गई। वही इसकी सूचना स्थानीय लोगों ने राधानगर थाना पुलिस को दिया। उधर सूचना पाक-र अग्निशमन कर्मी घटनास्थल पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

मतदान केंद्र एवं सेना गृह स्थल पर मूलभूत सुविधाएं को लेकर उपायुक्त ने की समीक्षा बैठक

उज्जवल दुनिया संवाददाता

साहिबगंजः लोकसभा आम चुनाव 2024 के परिपेक्ष्य जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रक-ोष्ठ में मतदान केंद्र एवं सेना गृह स्थल पर मूलभूत सुविधाएं को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जहां इसको लेकर उपायुक्त ने बताया जिले के सभी मतदान केंद्रों पर बिजली, पानी, पंखा, मोबाइल चार्ज, शौचालय, शेड निर्माण, रैंप के लिए संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी कार्यरत हैं जिसे ससमय पूरा करने का निर्देश दिया गया है। इस मौके पर जयदेव केसरी डीआईजीपी, सीआरपीएफ, रांची, सीआरपीएफ के कंपनी कमांडर सह नोडल पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, एसएसबी कंपनी कमांडर एवं अन्य उपस्थित थे।

चलधावा गांव में पानी की किल्लत नही है जिला प्रशासन का इस ओर ध्यान

उज्जवल दुनिया संवाददाता

बोरियोः प्रखंड क्षेत्र के जेटके कुम्हार जोरी पंचायत अंतर्गत चलधावा में गर्मी का मौसम शुरू होते ही यहां निवास करने वाले अधिकांश परिवार के लोगों के बीच पीने के लिए पानी की घोर किल्लत हो गई है।

जहां चलधावा गांव में पानी का महामारी दिखाई दे रहा है। वही गांव के लोग पानी के लिए परेशान होते हुए दिखाई दे रहे हैं। उधर इस गांव में निवास करने वाले लोग आखिर कब तक पीने के पानी के लिए परेशान होते रहेंगे।

वही इसको लेकर गांव वालों का कहना है कि अगर पानी का महामारी इसी तरह चला तो इसका असर आने वाले लोकसभा चुनाव में दिए जाने वाले वोट में दिखाई देगा क्योंकि नेता लोग जिस तरह से वादे करते हैं उस तरह से काम नहीं कर पाते हैं जिसके कारण हम लोगों को पानी के लिए जूझना पड़ रहा है। वही यहां पर नेता तो छोड़िए अंचल अधिकारी या फिर पीएचडी जल विभाग के आला अधिकारी भी हम लोगों का पानी का समस्या को दूर नहीं कर पा र-हे हैं जिसके कारण उन लोगों के बीच काफी कठिनाई का सामना आए दिन करना पड़ रहा है।

विश्व मलेरिया दिवस बनाने को लेकर प्रखंड विक-ास पदाधिकारी के अध्यक्षता में बैठक आयोजित

लिट्टीपाड़ा(पाकुड़)ः प्रखंड विक-ास पदाधिकारी के सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में विश्व मलेरिया दिवस मनाने से संबंधित बैठक आयोजित की गई इस बैठक मे अंतर विभागीय आईसीड-ीएस, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, पेयजल स्वच्छता, जेएसएलपीएस, बीपीआरओ, पीसीआई, हल्ड, उपस्थिति थे। प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा सभी को यह निर्देश दिया गया की सभी बीमारी से बचने से संबंधित सभी विभाग अपने-अपने स्तर से क्षेत्र में कार्यरत कर्मियों द्वारा लोगों को जागरूक करेंगे।

अपने-अपने क्षेत्र में गांव स्तर के कर्मी द्वारा ग्रामीणों को मच्छरदानी व्यव-हार करने, जमे हुए पानी का निकासी सोखता गढढा बनाने, साफ सफाई एवं बीमार होने पर जल्द ही स्वास्थ्य केंद्र जाकर उपचार करने से संबंधित लोगों को जागरूक करने के लिए निर्देश दिए। साथ ही यह बताया गया कि क्षेत्र में किए गए कार्यक्रम का फोटो, वीडियो सभी विभाग साझा करेंगे। पीसीआई के मोहम्मद अनिश द्वारा बताया गया की हाल ही में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लिट्टीपाड़ा प्रखंड के मलेरिया प्रभावित गांवों में मच्छरदानी का वितरण किया गया। मच्छरदानी के व्यवहार से संबंधित लोगों को जागरूक करना आवश्यक है एवं मच्छरदानी की सिलाई खुल जाने पर उसका मरम्मती से संबंधित जीएसएलपीएस के बीपीएम को सलाह दी गई की महिला ग्रुप की बैठक में सभी अपने-अपने मच्छरदानी को लाकर एक दिन मरमती अभियान के रूप में मनाएंगे एवं उसी दिन मच्छरदानी को ही लेकर गांव में लोगों को जागरूक करने के लिए रैली करेंगे ।

स्वामी वी. आई. इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक विद्या लक्ष्मी द्वारा शिव साई पब्लिकेशन प्रा. लि. , काठी टांड, नियर टेंडर बगीचा, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित एवं एसटी- 663/664, न्यू एसटी चौक, धुर्वा, रांची से प्रकाशित , संपादकः मानवेंद्र कुमार सिंह (खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), प्रबंध निदेशक मानवेन्द्र कुमार सिंहः 8709022665, RNI No.-JHAHIN/ 2014/ 59794

विधि विधान के साथ खुले लाटू धाम के कपाट, भक्तों ने दर्शन कर की पूजा अर्चना

गोपेश्वर, (एजेंसी)। चमोली जिले के देवाल विकास खंड के वाण स्थित हिमालय क्षेत्र की आराध्य मां नंदा देवी के धर्म भाई लाटू देवता मंदिर के कपाट मंगलवार को पूजा विधान के साथ छह माह के लिए भक्तों के दर्शनों के लिए खोल दिए गये है। इस मौके पर दूर दराज के क्षेत्रों से पहुंचे भक्तों ने पूजा अर्चना कर खुशहाली की कामना का आशीर्वाद मांगा।

मां नंदा के धर्म भाई वाण गांव स्थित लाटू देवता मंदिर के कपाट आगामी 6 महीने के लिए भक्तों के दर्शनार्थ खोले दिये गये। सैकड़ो भक्तो की उपस्थिति में विधि विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ लाटू मंदिर के दोपहर बाद दो बजकर 10 मिनट पर आम श्रद्धालुओं के लिए खोल दिये गये। अब अगले छह महीनों तक श्रद्धालु मंदिर में पूजा अर्चना कर सकेंगे।

इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं नें स्थानीय ग्रामीणों के साथ पारम्परिक झोडा, झुमेला लोकनृत्य किया। स्थानीय ग्रामीणों नें मां नंदा और लाटू देवता के लोकगीत और जागर भी लगाये। कपाट खुलने के अवसर पर भारी संख्या में भक्तों का सैलाब उमड़ पडा। पूरा मंदिर परिसर लाटू देवता के जयकारों से गूंज उठा।

मंदिर के कपाट खुलने के अवसर पर थराली विधायक भूपाल राम टम्टा, ब्लाक प्रमुख दर्शन दानू, जिला पंचायत सदस्य कृष्णा सिंह, लाटू देवता के पुजारी खीम सिंह नेगी, मन्दिर समिति अध्यक्ष कृष्णा सिंह बिष्ट, चन्द्र सिंह, पंडित हरिश्चन्द्र कुनियाल, सामाजिक कार्यकर्ता हीरा सिंह गढ़वाली, देवेंद्र सिंह बिष्ट, खिलाफ सिंह, रंजीत सिंह, नरेंद्र सिंह सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।

देवताओं का देव नृत्य और महिलाओ का पारम्परिक लोकनृत्य रहा आकर्षण का केंद्र-

लाटू मंदिर के कपाट खुलने पर देवताओं के पश्वा का देवनृत्य मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा, ढोल दमाऊ की ताल और थाप पर देवनृत्य को देख लोग अभिभूत हुए। कपाट खुलने के अवसर पर श्रद्धालुओं और महिलाओं की ओर से पारम्परिक परिधानों, आभूषणों में मां नंदा और लाटू देवता के लोकगीत और जागरों के संग झोडा, चांचणी लोकनृत्य कर हर किसी को मंत्रमुग्ध कर दिया। सामाजिक कार्यकर्ता हीरा सिंह गढवाली कहते है कि वाण गांव के लोग सालों से चली आ रही अपनी परम्पराओं का पीढी दर पीढी बखूबी निर्वहन करते हैं। लाटू मंदिर के लाटू देवता के प्रति अटूट आस्था की बानगी है कि दूर-दूर से श्रद्धालुओं का इस मंदिर में तांता लगा रहता है। हिमालयी महाकुंभ नंदा देवी राजजात यात्रा का ये आखिरी पड़ाव है जहां आबादी है इसके बाद निर्जन पडाव शुरू हो जाते हैं। रूपकुंड, बेदनी बुग्याल और आली बुग्याल का बेस कैंप है वाण गांव।

ये है मान्यता-

कहते हैं कि भक्त की एक ही पुकार पर भगवान दौड़े चले आते हैं, लेकिन भगोती नंदा के धर्मभाई एवं भगवान शिव के साले लाटू की माया ही निराली है। लाटू देवाल क्षेत्र (चमोली) के ऐसे देवता हैं, जिनके दर्शन भक्त तो दूर, खुद पुजारी भी नहीं कर सकता। मंदिर के कपाट बैसाख के महीने पूर्णिमा को खुलते हैं और छह माह बाद मंगशीर्ष पूर्णिमा को बंद कर दिए जाते हैं। मंदिर के अंदर क्या है, किसी को नहीं मालूम। लाटू देवता पूरे पिंडर, दशोली (आंशिक) क्षेत्र के ईष्टदेव हैं। माना जाता हैं कि लाटू कन्नौज के गर्ग गोत्र के कान्यकुब्ज ब्राह्मण थे। जब शिव के साथ नंदा का विवाह हुआ तो बहिन को विदा करने सभी भाई कैलाश की ओर चल पड़े। इनमें लाटू भी शामिल थे। मार्ग में लाटू को इतनी तीस (प्यास) लगी कि वह पानी के लिए इधर-उधर भटकने लगे।

इस बीच उन्हें एक घर दिखा और वो पानी की तलाश में इस घर के अंदर पहुंच गए। घर का मालिक बुजुर्ग था, सो उसने लाटू से कहा कि कोने में रखे मटके से खुद पानी पी लो। संयोग से वहां दो मटके रखे थे, लाटू ने उनमें से एक को उठाया और पूरा पानी गटक गए। प्यास के कारण वह समझ नहीं पाए कि जिसे वह पानी समझकर पी गए। असल में वह मदिरा थी।

चुनाव परिणाम जो हो पर जनता ने मुझे जो प्रेम और आशीर्वाद दिया उसके लिए आभार : गणेश गोदियाल

गोपेश्वर, (एजेंसी)। उत्तराखंड की पांचों लोकसभा सीट पर चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने के बाद गढ़वाल संसदीय सीट के कांग्रेस उम्मीदवार गणेश गोदियाल मंगलवार को जनता का आभार प्रकट करने चमोली जिले के मुख्यालय गोपेश्वर पहुंचे।

गोदियाल ने आज पत्रकारों से बातचीत में कहा कि जनता ने इस सीट पर मुझे जो भी जनादेश दिया हो, मैं उनके इस जनादेश का सम्मान करता हूं और चुनाव प्रचार के दौरान जो वादे जनता से किये है उन पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा कि चुनाव में जनता ने उन्हें भरपूर स्नेह और अपना आशीर्वाद दिया है।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने इस चुनाव में चार सौ पार का नारा देकर जनता को भ्रमित करने का पूरा प्रयास किया लेकिन जनता के स्थानीय मुद्दों के आधार पर इस चुनाव का संपन्न करवाया यह जनता की बड़ी जीत है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकताओं ने भी इस चुनाव में उनके लिए अच्छा ग्राउंड तैयार किया था जिसमें मुझे खेलने का मौका दिया अब मैं कितने रन बनाने में कामयाब हुआ यह तो ईवीएम मशीन खुलने के बाद ही पता चल पायेगा।

एक सवाल के जवाब में गोदियाल ने कहा कि उप चुनाव में बदरीनाथ विधानसभा सीट पर कौन उम्मीदवार होगा इसका फैसला पार्टी के आलाकमान को करना है। इसमें उनका कोई रोल नहीं है। पर मैं पार्टी आला कमान से इतनी अपील अवश्य करूंगा कि जो भी अपने को प्रत्याशी मान रहे है उनका जनता के बीच जाकर सर्वे करवाया जाय जो जनता के बीच सर्वमान्य होगा। उसे ही प्रत्याशी बनाया जाए तथा प्रत्याशी भी आपस में बैठ कर कांग्रेस को मजबूत बनाने के लिए कार्य करेंगे।

हनुमान जयंती पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा

हरिद्वार, (एजेंसी)। हनुमान जयंती के पर्व पर श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े के पौराणिक तीर्थ दुख हरण हनुमान मंदिर में पवन पुत्र हनुमान की विशेष पंचरात्र पूजा अर्चना की गई तथा नया चोला चढा कर अभिषेक किया गया।

इससे पूर्व नगर में जूना अखाड़े के राष्ट्रीय सचिव श्री महंत महेशपुरी, श्रीमहंत शैलेंद्र गिरी, श्री महंत सुरेशानंद सरस्वती, श्री महंत पूर्ण गिरी, श्री महंत पशुपति गिरी, कोठारी महंत महाकाल गिरी, महंत गोविंद गिरी, महंत धीरेंद्र पुरी, महंत ग्वालापुरी, महंत रतन गिरी आदि के संयोजन में नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। बैंड बाजों तथा सुंदर झांकियों के साथ इस शोभायात्रा में हरियाणा पंजाब के अतिरिक्त सैकड़ो स्थानीय श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

हनुमान जयंती के अवसर पर श्री दुख हरण हनुमान मंदिर में गत दो दिनों से चल रहे सुंदरकांड का समापन किया गया तथा यज्ञ किया गया। जूना अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक व अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री श्री महंत हरि गिरि महाराज तथा दुख हरण हनुमान मंदिर के पीठाधीश्वर श्री महंत आनंद गिरि के संयोजन में विशाल संत सम्मेलन का भी आयोजन किया गया। जूना अखाड़े के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री महंत केदारपुरी महाराज की अध्यक्षता तथा राष्ट्रीय सचिव श्री महंत देवानंद सरस्वती के संचालन में महामंडलेश्वर श्री महंत हरी चेतनानंद गिरी महाराज ने हनुमान जयंती के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज हनुमान जी का प्रकट उत्सव है।

उन्होंने कहा कि पौराणिक कथाओं में वर्णन है कि हनुमान जी ने बाल्यावस्था में सूर्य को फल समझकर निगल लिया था। सूर्य को मुक्त करने के लिए इंद्र ने वज्र से प्रहार कर हनुमान जी के मुख से सूर्य को मुक्त कराया था, लेकिन हनुमान जी के निर्जीव होने पर उनके पिता पवन देवता ने वायु संचार बंद कर दिया। पवन देवता को शांत करने के लिए ब्रह्मा जी ने हनुमान जी को जीवनदान दिया, इसी कारण चैत्र माह की पूर्णिमा को हनुमान जी के प्रकटोत्सव के रूप में मनाया जाता है।

श्री महंत आनंद गिरि महाराज ने बताया दुख हरण हनुमान मंदिर पौराणिक तीर्थ है, जो कि ललित तीर्थ पर बसा हुआ है।

महाभारत काल के अनुशासन पर्व में उल्लेख है कि इसी ललित तीर्थ पर शांतनु का मां गंगा से मिलन हुआ था तथा स्वर्ग के शापित आठ वसुओं का जन्म मां गंगा की कोख से यहीं पर हुआ था। इन आठों वसुओं को इसी तट पर मां गंगा ने अपनी धारा में प्रवाहित कर शाप मुक्त किया था।

नैनीताल: बनते-बनते टूट गया 1.55 करोड़ रुपये से बन रहा स्टील-गार्डर पुल

नैनीताल, (एजेंसी)। नैनीताल जनपद के दूरस्थ ओखलकांडा विकासखंड में 1.55 करोड़ की लागत से बन रहा स्टील गार्डर पुल निर्माण कार्य पूरा होने से पहले ही टूट गया है। इससे दूरस्थ क्षेत्रों में निर्माण कार्यों में हो रहे भ्रष्टाचार की पोल खुल गयी है।

45 मीटर पुल के बनने से 8-10 गांवों को लाभ मिलता-

ओखलकांडा विकासखंड के स्याली गांव में करीब एक साल पहले स्याली, रिखाकोट, टांडा, घिगरानी और सुई गांवों को जोड़ने के लिए 1.55 करोड़ की लागत से स्टील गार्डर पुल का निर्माण कार्य शुरू हुआ था। नदी पर 45 मीटर स्पान के यानी लंबे इस पुल के बनने से 8 से 10 गांवों के ग्रामीणों को लाभ मिलता। सोमवार को निर्माण कार्य पूरा होने से पहले ही पुल टूट गया है।

इसकी जानकारी स्थानीय लोगों के साथ ही विधायक राम सिंह कैड़ा को मिली तो उन्होंने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने इसके लिए विभागीय अधिकारियों और ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप लगाया है। साथ ही डीएम को मामले से अवगत करवाते हुए निर्माण कार्य की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है।

ठेकेदार का हास्यास्पद बहाना-

ठेकेदार की ओर से बताया गया है कि कुछ लोगों ने पुल के बोल्ट खोल दिये गए हैं। इससे पुल टेढ़ा हो गया है। हालांकि यह बात विश्वसनीय नहीं लगती है कि कोई आम लोग इतने बड़े पुल के बोल्ट इस हद तक खोल देंगे कि पुल गिर जाये।

अलबत्ता लोनिवि के अधिशासी अभियंता मोहन चंद्र तिवारी की ओर से बताया गया है कि ठेकेदार को तीन दिन के अंदर पुल को सही करने के निर्देश दिए गए हैं।

उत्तराखंड : पेशावर कांड के नायक थे वीर चंद्र सिंह, अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ बुलंद की थी आवाज

देहरादून, (एजेंसी)। पेशावर कांड की 94वीं बरसी पर सैनिक क्रांति के अग्रदूत वीर चंद्र सिंह गढ़वाली एवं समस्त अमर सेनानियों की शहादत को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को नमन किया। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा- स्वतंत्रता आंदोलन में अमर सेनानियों का योगदान अविस्मरणीय है। देशभक्ति से ओत-प्रोत बलिदानियों का जीवन सदैव राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करता रहेगा।

दरअसल, देश भर में पेशावर कांड की बरसी मनाई जा रही है। उत्तराखंड में भी इस दिन का खास महत्व है। 23 अप्रैल 1930 को पेशावर कांड के नायक हवलदार वीर चंद्र सिंह गढ़वाली ने गढ़वाल राइफल के अपने सभी साथियों के साथ अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ विद्रोह खड़ा कर दिया था और उन्होंने पठानों के शांतिपूर्ण जुलूस पर गोली चलाने से मना कर दिया, इसलिए उत्तराखंड में आज गढ़वाली की वीरता को याद किया गया। चौखुटिया से लगे उनके गृह क्षेत्र रैंणीसेरा व गैरसैंण के रामलीला मैदान में लगी मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया।

वीर चंद्र सिंह गढ़वाली का जन्म 25 दिसंबर 1899 में गढ़वाल के चमोली जनपद के अंतर्गत चौहान पट्टी के रैंणीसेरा गांव में जाथली सिंह भंडारी के घर में हुआ। दूर गांव की माटी में जन्मे एवं रचे-बसे वीर चंद्र सिंह गढ़वाली गरीबी के चलते प्राइमरी तक ही शिक्षा ग्रहण कर सके। परिवार की बेहद माली हालत के चलते उन्होंने छोटी उम्र में ही रोजगार के लिए घर-गांव छोड़ दिया और गाइड बनकर अंग्रेजी शासकों के साथ काम करना शुरू कर दिया। मगर वीर चंद्र सिंह गढ़वाली इस नौकरी से कभी खुश नहीं थे।

11 सितंबर 1994 को सेना में हुए थे शामिल-

चूंकि गढ़वाली के नस-नस में अपनी माटी व थाती के प्रति अटूट प्रेम भरा था। इसके चलते उन्हें यह काम रास नहीं आया। इसी बीच प्रथम युद्ध की शुरूआत हो गई तथा अंग्रेजों ने गांव-गांव जाकर सैनिकों की भर्ती शुरू कर दी। इसी क्रम में सैंणीसेरा गांव में भी कैंप लगा तथा चंद्र सिंह भी सेना में शामिल हो गए। 11 सितंबर 1994 में उन्हें लैंसडाउन स्थित गढ़वाल राइफल की छठी कंपनी में तैनाती मिल गई।

ऐसे उत्पन्न हुए अंग्रेजों के प्रति नफरत के भाव-

प्रथम विश्व युद्ध के दौरान गढ़वाली तुर्की व मेसोपोटनिया समेत कई अन्य स्थानों पर लड़ाई के मोर्चे पर गए।

उनकी वीरता को देख उन्हें सैनिक से हवलदार बना दिया गया तथा फिर उन्हें गढ़वाली की उपाधि भी मिल गई। आखिर में जब प्रथम महायुद्ध समाप्त हो गया तो अंग्रेज शासकों ने जीवित रह गए आधे से अधिक सैनिकों को वापस उनके घरों को भेज दिया। इन्हीं में वारी चंद्र सिंह भी शामिल थे। यहीं से उनके मन में अंग्रेजों के प्रति नफरत के भाव उत्पन्न हो गए।

इसी दौरान महात्मा गांधी के आंदोलन एवं जलियावालाबाग जैसे क्रूर कांड ने समूचे देश वासियों को झकझोर कर रख दिया।

ऋषिकेश में धूमधाम से मनाई गई हनुमान जयंती

ऋषिकेश (एजेंसी)। तीर्थ नगरी ऋषिकेश के तमाम हनुमान मंदिरों में हनुमान जयंती के अवसर पर हनुमान जी को सवा मनी लड्डू का भोग लगाकर हनुमान चालीसा का पाठ किए जाने के साथ धूमधाम से मनाई गई।

मंगलवार को आयोजित हनुमान जयंती के अवसर पर नगर के मुख्य हनुमान मंदिर श्री जयराम आश्रम और मायाकुंड स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में सुबह से ही हनुमान चालीसा का पाठ प्रारंभ हो गया था, जहां हजारों की संख्या में हनुमान भक्तों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर श्री जयराम आश्रम के पीठाधीश्वर ब्रह्म स्वरूप ब्रह्मचारी ने भगवान हनुमान जी की महिमा का बखान करते हुए कहा कि हनुमान जी को राम भक्त के रूप में जाना जाता है और हम सब राम भक्त हैं, राम जी ने हनुमान जी को श्रीलंका माता सीता की खोज के लिए उन्हें

उनके बारे में पता होने के बावजूद भी भेजा था, परन्तु इस दौरान हनुमान जी को बीच में पडने वाले समुद्र को लांगना था, यह भी राम जी को सब पता था ,लेकिन राम जी को अपने हनुमान भक्त को सम्मान देना था, इसी प्रकार लक्ष्मण मूर्छित थे और हनुमान जी बिना राम जी के ताकत के कोई कार्य नहीं कर सकते थे,वह जो भी कार्य करते हैं उसमें भगवान की ही ताकत होती है, इसीलिए कहा है हम सभी में समर्पण होना आवश्यक है समर्पण भाव से किया गया कार्य हमेशा सफल होता है ।

इसलिए कोई भी कार्य गुरु के प्रति और भगवान के प्रति समर्पित होकर ही किया जाना चाहिए जिसके लिए भगवान के प्रति भाव होना आवश्यक है। जिसके बाद किया गया कार्य अपने आप पूर्ण हो जाएगा। इसीलिए कहा है कि भारतीय संस्कृति महान है, जिससे प्रभावित होकर लाखों लोग भारत में चले आते हैं।

शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि हनुमान जयंती के अवसर पर हम सभी लोगों को संकल्प लेना चाहिए कि जो भी हमसे वर्ष भर में गलती हुई है, उसे भगवान माफ करेंगे। भगवान के बिना मनुष्य की गलती माफ नहीं हो सकती। आज भारतीय संस्कृति के प्रति पूरी दुनिया आकर्षित हो रही है, जिससे प्रभावित होकर अयोध्या में भगवान श्रीराम का मंदिर बन चुका है और काशी विश्वनाथ और मथुरा में तैयारी की जा रही है क्योंकि भारतीय संस्कृति वह संस्कृति है जिसका लोहा पूरी दुनिया मानती है। इसके कारण विदेशों में भी मंदिरों का निर्माण किया जा रहा है। लेकिन राम और हनुमान के बीच जो सेवा के भाव को लेकर भक्ति का भाव देखा गया है वह आज भी अनुकरणीय है।

मारे गए 29 नक्सलियों पर कुल ईनाम की राशि हुई सार्वजनिक

कांकेर, (एजेंसी)। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में हुए आपाटोला मुठभेड़ में मारे गए सभी 29 नक्सलियों की पहचान के साथ नक्सलियों पर घोषित इनामी की राशि की जानकारी सार्वजनिक की गई है।कांकेर पुलिस ने सोमवार की देर रात जानकारी देते हुए बताया कि मारे गए सभी 29 नक्सलियों पर कुल 01 करोड़ 78 लाख रुपये का इनाम घोषित था। वहीं नक्सलियों से जब्त एके- 47 और इंसास जैसे हथियारों पर पुलिस ने 07 लाख 55 हजार का इनाम रखा था। इस तरह कुल ईनामी राशि 01 करोड़ 85 लाख 55 हजार रुपये आंकी गई है। पहली बार नक्सलियों के शीर्ष संगठन ने भी माना की मारे गये सभी नक्सली थे, अन्यथा अक्सर नक्सली संगठन पुलिस एवं फोर्स पर नक्सली नहीं होने तथा ग्रामीण होने का दावा करते रहे हैं। नक्सलियों के हितचिंतक तथाकथित सामाजिक कार्यकर्ता भी इस मुठभेड़ पर मौन हैं।

उल्लेखनीय है कि कांकेर जिले के छोटे बेठिया थाना क्षेत्र के माड़ इलाके में 16 अप्रैल को सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई थी, जिसमें 29 नक्सली मारे गये थे। पुलिस फोर्स और नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में नक्सली कमांडर शंकर राव को ढेर किया गया था। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में हथियार बरामद किया था। मारे गये नक्सलियों में एक मात्र नक्सली 10 लाख का ईनामी रवि उर्फ बचनू मंड़ावी पिता स्व पंडरू निवासी औकेमपाल, थाना गंगालूर जिला बीजापुर है। बाकी अधिकतर जिसमें 16 नक्सली 08 लाख के ईनामी है, वहीं 05 लाख के ईनामी 06 नक्सली एवं बाकी बचे नक्सली 02 लाख एवं 01 लाख के ईनामी नक्सली मारे गये हैं।

संक्षिप्त खबरें

बंगुरसिया के पास कार पलटने से एक की मौत, दो घायल

रायगढ़ , (एजेंसी)। चक्रधर नगर थाना क्षेत्र के बंगुरसिया के पास मंगलवार सुबह एक कार पलटने से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, हादसे में दो अन्य लोग घायल हुए है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार कार में सवार तीनों व्यक्ति शादी समारोह से मंगलवार सुबह पाली घाट होते हुए रायगढ़ आ रहे थे, तभी अचानक बंगुरसिया के पास कार पलट गई। हादसे में मौके पर ही एक व्यक्ति की मौत हो गई, वहीं दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए है। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, जहां शव एवं घायलों को अस्पताल भेज आगे की कार्रवाई में जुटी है।

शोभायात्रा के दौरान हुई चाकूबाजी में एक युवक की मौत

रायपुर, (एजेंसी) ।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दौरे के ठीक एक दिन पहले राजधानी रायपुर में बीती देर रात शोभायात्रा के दौरान हुई चाकूबाजी में एक युवक की मौत हो गई। तीन अन्य युवक घायल बताये जा रहे हैं । मृतक युवक का नाम आर्यन तोमर है।

टिकरापारा थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीती देर रात शोभायात्रा के दौरान आपसी विवाद को लेकर दो गुटों में जमकर विवाद हो गया। गुस्साएं युवकों में से एक ने दूसरे गुट के युवकों पर चाकू से हमला कर दिया। चाकूबाजी में एक युवक आर्यन तोमर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई , वहीं तीन अन्य युवक रवि तोड़े, शुभम चंद्राकर, समीर साहू घायल हो गए। तीनों घायल युवकों को निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती किया गया है। फिलहाल पुलिस घायलों से पूछताछ कर मामले की जांच में जुटी है।

बाइक चोर गिरफ्तार, चोरी की बाइक खरीदने वाला भी दबोचा

हरिद्वार, (एजेंसी)। पुलिस ने बाइक चोर और चोरी की बाइक खरीदने वाले आरोपित को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के पास से चोरी की बाइकें बरामद की हैं।

मैथली गुप्ता निवासी मकान नंबर 252, गली नंबर 2, मंगल विहार, सुन्हैरा रोड, रुडुकी थाना कोतवाली गंगनहर ने 17 अप्रैल को कोतवाली रुड़की पर अपनी बाइक संख्या यूके 17-6482 के चोरी कर लिए जाने के संबंध में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमा दर्ज करने के बाद आरोपित की तलाश में जुटी पुलिस ने एक आरोपित संजू कुमार पुत्र शेर सिंह निवासी ग्राम दुधड़सादा थाना जुल्का जिला पटियाला को गिरफ्तार किया।

पूछताछ में आरोपित ने बाइक चोरी किए जाने की बात कबूली। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि उसने बाइक चोरी करने के बाद 2000 रुपये में अरुण कुमार पुत्र योगेंद्र कुमार निवासी कुरालकी थाना देवबंद जनपद सहारनपुर उत्तर प्रदेश को बेच दी थी। संजू ने बताया कि अरुण कुमार आसफ नगर झाल की ओर गया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अरुण को आसफ नगर झाल नहर पटरी तिराहे के पास से चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनका चालान कर दिया है।

पूजा अर्चना के साथ हुआ बाल स्वरूपणी कुंवारी मेला

गोपेश्वर, (एजेंसी)। चमोली जिले के थराली विकास खंड के भटियाणा गांव में आयोजित बाल स्वरूपिणी कुंवारी मेला (कौथिग) विधि विधान के साथ हो गया।

बैसाखी के पर्व से पिंडर घाटी में विभिन्न स्थानों पर लगने वाले मेलों की श्रृंखला में मंगलवार को वैशाख पूर्णिमा के दिन भटियाणा-मेटा गांव में बाल स्वरूपिणी कुंवारी मेले (कौथिग) का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में देवी भक्तों ने मां कुंवारी का दर्शन कर आशीर्वाद लिया। भाटियाणा में आयोजित इस मेले में मेटा मल्ला और तल्ला के गांवों से भूमियाल देवताओं के निशान ढोल-दमाऊं, भकौर के साथ बाल स्वरूपिणी कुंवारी के मन्दिर में पहुंचे, जहां पुजारी आचार्य गंगाधर जोशी ने विधि विधान से पूजा अर्चना की गई।

इसके बाद मंदिर प्रांगण में गंधर्व विद्या के जानकार नरोत्तम जोशी, रतन सिंह गुसाई, खिम सिंह पंवार ने देव गीतों के माध्यम से भूमियाल देवता के पश्वों को अवतरित किया। बाल स्वरूपिणी कुंवारी ने अवतरित होकर क्षेत्र की खुशहाली के लिए अपना आशीर्वाद दिया।

इस अवसर पर मेला अध्यक्ष विनोद जोशी, नारायण सिंह बिष्ट, दरवान सिंह नेगी, केशर सिंह नेगी, हुकम सिंह बिष्ट, दिवान सिंह गुसाई, अब्बल सिंह नेगी, प्रधान पंकज जोशी, गुड्डी रावत, क्षेत्र पंचायत सदस्य दमयंती जोशी, धनी राम, दिवानू राम, दर्शन राम आदि मौजूद थे।

बाइक रैली निकाल वनाग्नि के प्रति लोगों को किया जागरूक

हरिद्वार, (एजेंसी)। राज्य में प्रतिदिन बढ़ रहे तापमान के बाद पहाड़ी क्षेत्रों में वनाग्नि के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। आग की घटनाओं को लेकर हरिद्वार वन प्रभाग अलर्ट मोड में है। फायर सीजन के दौरान वनाग्नि रोकने को लेकर पहाड़ी क्षेत्रों के साथ मैदानी क्षेत्रों में भी जनजागरूकता अभियान तेजी से चलाया जा रहा है।

हरिद्वार वन प्रभाग की चिड़ियापुर रेंज के साथ आज श्यामपुर रेंज में वन क्षेत्राधिकारी पंकज ध्यानी के नेतृत्व में जनजागरूकता बाइक रैली निकाली गई। रेंज के सभी वन कर्मियों ने गुज्जरों के डेरों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर वनाग्नि के प्रति लोगों को जागरूक किया। चिड़ियापुर क्षेत्र में वन क्षेत्राधिकारी हरीश गैरोला के नेतृत्व में वन कर्मियों ने कोटावाली, लालढांग व ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर जनजागरूकता अभियान चलाया।

हरिद्वार वन विभाग की एसडीओ संदीपा शर्मा ने बताया कि फायर सीजन को देखते हुए हमारे द्वारा सभी तैयारियों को समय पर पूरा कर लिया गया है। प्रत्येक रेंज में जनजागरूकता अभियान चला कर लोगों को वनाग्नि के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसके साथ ही सभी वन कर्मियों की छुट्टियां निरस्त कर उन्हें 24 घंटे अपने फोन खुले रखने के निर्देश भी दिए गए हैं, हम किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

कपड़े के गोदाम में लगी भीषण आग, फायर ब्रिगेड कर्मियों ने पाया काबू

हल्द्वानी, (एजेंसी)। हल्द्वानी के नैनीताल रोड के पास अंबिका बिहार कॉलोनी में एक कपड़े के गोदाम के अंदर भीषण आग लग गई। आग बहुत विकराल हो गई और तीन मंजिला भवन को अपने चपेट में ले लिया।सूचना मिलने पर हल्द्वानी कोतवाली पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने तीन मंजिला भवन में आग पर बामुश्किल से काबू पाया। गनीमत यह रही कि कोई जनहानि का कोई नुकसान नही हुआ, लेकिन लाखों रुपये का नुकसान जरूर हो गया है।

नैनीताल रोड के अंबिका विहार कॉलोनी के पास हेमंत शाह नाम के व्यापारी रहते हैं, जिनका रेडीमेड कपड़े का काम है और उन्होंने घर पर ही गोदाम भी बना रखा है। बताया जा रहा है शॉर्ट सर्किट की वजह से उनके गोदाम में आग लगी गई। फिलहाल आग पर काबू पा लिया गया है।

पेयजल समस्या आपदा के समान, त्वरित समाधान को हेल्पलाइन नंबर जारी

देहरादून, (एजेंसी)। बढ़ते गर्मी के दृष्टिगत पेयजल समस्या को आपदा के रूप में देखते हुए त्वरित निस्तारण के लिए जिलाधिकारी सोनिका ने जिला जल एवं स्वच्छता मिशन के स्तर पर पेयजल शिकायत निवारण कक्ष प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं।